www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 7 मई 2024, वर्ष-10 अंक- 27 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

लोकसभा का महापर्व

तीसरा चरण आज, वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए हर काम छोड़ आओ करें वोट

आसपास के रहवासियों, दोस्त, परिवार को भी देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने में भूमिका निभाएं...

नई दिल्ली/रायपुर, (वार्ता)। लोकसभा चुनाव के छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव आयोग की पूरी तैयारी हो चुकी है। लोकसभा के महापर्व में स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मंगलवार की सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हो जाएगी। इस महापर्व से देश का भविष्य तय होना है, ऐसे में हमें भी चाहिए कि हमारा एक वोट देश के भविष्य में अहम भूमिका अदा करे। ...तो आएं हम सब हर काम छोड़ सबसे पहले मतदान करें, साथ ही आसपास के रहवासियों, दोस्त, परिवार को भी देश के प्रति उनकी जिम्मेदारी निभाने में भूमिका निभाएं..।

छत्तीसगढ़ में चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर सोमवार की सुबह से पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू कर दी थी। सुरक्षाबलों के साथ अधिकारी-कर्मचारी चुनाव सामग्रियों को लेकर अपने निर्धारित बूथों में शाम तक पहुंच चुके थे।

देश में दिग्गजों की ये है स्थिति

केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से मैदान में उतारा है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह राजगढ़ से मैदान में हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले अपनी भाभी सुनेत्रा पवार के खिलाफबारामती से चुनाव लड़ रही हैं जो महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की पत्नी हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से मैदान में हैं। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से और उद्योगपति पल्लवी डेम्पो भाजपा के टिकट पर दक्षिण गोवा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल असम के धुबरी से चुनाव लड़ रहे हैं।

इन सीटों पर होना है मतदान

छत्तीसगढ़: सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर
असम: धुबरी, कोकराझार, बारपेटा, गौहाटी
बिहार: झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव
गोवा: उत्तरी गोवा, दक्षिणी गोवा
गुजरात: कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच, बारडोली , नवसारी, वलसाड
कर्नाटक: चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे, शिमोगा
मध्य प्रदेश: मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़, बैतूल
महाराष्ट्र: बारामती, रायगढ़, धाराशिव, लातूर (एससी), सोलापुर (एससी), माधा, सांगली, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर, हटकनंगले
उत्तर प्रदेश: संभल, हाथरस, आगरा (एससी), फ़तेहपुर सीकरी, फ़िरोज़ाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूँ, आंवला, बरेली
पश्चिम बंगाल: मालदाहा उत्तर, मालदाहा दक्षिण, जंगीपुर, मुर्शिदाबाद

इंटरनेट मीडिया पर मानिटरिंग कमेटी की नजर : लोकसभा चुनाव में अब तक दो चरण की वोटिंग हो चुकी है। जिसके बाद अब सात मई को तीसरे चरण की वोटिंग होनी है। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम चलाया है। अगर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर 1.39 करोड़ मतदाता करेंगे प्रत्याशियों का फैसला

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर 7 मई को वोटिंग होगी। वहीं छत्तीसगढ़ के 7 सीटों में वोट डाले जाएंगे। जिसमें रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, सरगुजा, जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीटों के 58 विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इन लोकसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 1 करोड़ 39 लाख 01 हजार 285 है। पिछले चरण की तुलना में इस बार मतदाताओं की संख्या में 9.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बार के चुनाव में 11 लाख 87 हजार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन दिग्गजों का होना है फैसला

देश में देखें तो इस चरण के चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले, छत्तीसगढ़ में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, विजय बघेल समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा। अब तक देश में लोकसभा के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। फिर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ, जिसके बाद अब सात मई को तीसरे चरण के मतदान होंगे। 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवे, 25 मई को छठे, एक जून को सातवें चरण के मतदान होंगे। चार जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

आयोग ने बताई जिम्मेदारी

तीसरे चरण के लिए सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों ने अपने पूरे जोश के साथ चुनावी प्रचार किया। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है।

12 राज्यों की 94 लोकसभा सीटें

तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़ेंगे, इनमें बिहार की पांच, मध्य प्रदेश की नौ, असम की चार, छत्तीसगढ़ की सात, कर्नाटक की 14, गोवा की दो, गुजरात की 25, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, बंगाल की चार, दमन और दीव की दो सीट शामिल हैं। चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तारीख में बदलाव किया है। अब यहां 25 मई को छठे चरण में वोटिंग होगी।

आज बेबाक

सुन रहा है न तू रो रहा हूं मैं ... गाते हुए पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने अपने जख्म का मवाद बहाया है। उनका कहना है कि भारत में मोदी की सरकार नहीं बननी चाहिए। गनीमत है यह नहीं कहा कि भारत में किसी की सरकार नहीं बननी चाहिए बल्कि पाकिस्तान की तरह फौज की हुकूमत कायम होनी चाहिए। चुनाव भारत में हो रहा है। और पेट में दर्द पाकिस्तान को हो रहा है। दरअसल पाकिस्तान को डर है कि अगर भारत में ताकतवर सरकार बनी तो पीओके जो उसके हाथ से फिसल रहा है वह हाथ से निकल जाएगा।

सीआईएससीई के परिणाम घोषित

नई दिल्ली, (वार्ता)। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिक्रेट एग्जामिनेशन ने (सीआईएससीई) 10वीं (आईसीएसई) और 12वीं (आईएससी) बोर्ड 2024 के नतीजे घोषित कर दिए है। जो स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे, वे आधिकारिक वेबसाइट cisce.org पर जाकर अपना रिजल्ट डाउनलोड कर सकेंगे। बता दें कि इस साल 10वीं की परीक्षा 28 मार्च को समाप्त हुई थी. वहीं, 12वीं की परीक्षा 3 अप्रैल को खत्म हुई।

इस तरह चेक करें रिजल्ट : सीआईएससीई की आधिकारिक वेबसाइट cisce.org या results.cisce.org पर जाएं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राधिका खेड़ा बोलीं- राहुल की यात्रा के दौरान शराब ऑफर की, सुशील बोले- मानहानि का केस करूंगा

- मिडिया को सुनाई पूरी बात, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस भवन में दुर्व्यवहार को लेकर कहा- मुझे कमरे में बंद किया, मैं चीखती-चिल्लाती रही

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा कि, राहुल गांधी की यात्रा के दौरान मुझे सुशील आनंद शुक्ला ने शराब ऑफर की। भूपेश बघेल ने कहा छत्तीसगढ़ छोड़ दो। राजीव भवन में मुझे बंद किया गया, मैं चीखती-चिल्लाती, गुहार लगाती रही। मुझे गालियां दी गई। मैंने ये बात सचिन पायलट, भूपेश बघेल और जयराम रमेश को बताई, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद सोमवार को दिल्ली में राधिका खेड़ा ने प्रियंका गांधी के नारे, 'लड़की हूं तो लड़ सकती हूं' पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि, प्रियंका गांधी ने नारा दिया, और अब उनकी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की चुप्पी परेशान कर रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का अब स्लोगन है 'लड़की हो तो पिटोगी'। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आंध्र प्रदेश की रैली में राधिका खेड़ा का नाम लिए बिना बोले पीएम मोदी...

...जो कांग्रेस नेता अयोध्या राम मंदिर जाता है वह पार्टी से हो जाता है बर्खास्त

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपनी आंध्र प्रदेश की रैली के दौरान कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का बहिष्कार किया, जो भी कांग्रेस नेता मंदिर जाता है, उसे पार्टी से बर्खास्त कर दिया जाता है। बता दें कि कल ही कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्त राधिका खेड़ा ने अयोध्या जाकर भगवान राम के दर्शन करने पर पार्टी में उन्हें अपमानित करने का आरोप लगाते हुए पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद कांग्रेस में हलचल मची हुई है। बीजेपी लगातार राम मंदिर और महिला सम्मान ने नाम पर कांग्रेस को घेर रही है। आम सभा पीएम मोदी ने कहा कि आप सुनिश्चित करें कि आप 13 मई को वोट करें और हमारा समर्थन करें। इस बार आंध्र प्रदेश के पास मोदी की गारंटी है! हमारे प्रत्याशी को जिताएं और विकास होते हुए देखें। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायबरेली के सीनियर आब्जर्वर नियुक्त होते ही सोशल मीडिया में दिनभर ट्रेंड होते रहे भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत को ऑब्जर्वर चुना गया है। दरअसल, गांधी परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली से इस बार राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, अमेठी से पार्टी ने किशोरी लाल शर्मा को टिकट दिया है।

रायबरेली राहुल गांधी लड़ रहे हैं चुनाव : राहुल गांधी रायबरेली से और सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से टिकट दिया है। रायबरेली से सोनिया गांधी पांच बार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल लड़ रहे है रायबरेली से चुनाव

सीनियर ऑब्जर्वर बनाए गए भूपेश बघेल भी छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी सीट पर मतदान पूरा हो गया है। अब 7 मई को छत्तीसगढ़ में तीसरे और अंतिम चरण का मतदान होगा। इससे एक दिन पहले ही बघेल को रायबरेली की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जग्गी हत्याकांड : राजू भदोरिया, धर्मेंद्र और रवि सिंह ने भी किया आत्मसमर्पण

- आरोपियों द्वारा 21 साल पहले गोली मारकर की गई थी रामावतार जग्गी की हत्या

रायपुर/नवप्रदेश। एनसीपी नेता रामावतार जग्गी मर्डर केस में आरोपी राजू भदोरिया, धर्मेंद्र उर्फ लल्लन और रवि सिंह ने सोमवार को रायपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। भिंड से अपने अधिवक्ता और परिजनों के साथ तीनों दोषी सरेंडर करने पहुंचे थे। इस मामले में शूटर चिमन सिंह और विनोद राठौड़ समेत अब तक 10 दोषियों ने कोर्ट में सरेंडर किया है।

4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जग्गी हत्याकांड के 27 दोषियों की अपील खारिज कर दी थी। लोअर कोर्ट के आजीवन कारावास के फैसले को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने 5 दोषियों तत्कालीन क्राइम ब्रांच के प्रभारी रहे आरसी त्रिवेदी, तत्कालीन थाना प्रभारी वीके पांडे, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नोटों का भंडार देखकर ईडी अफसर हैरान.. नोट गिनते थके

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को झारखंड की राजधानी रांची में कई स्थानों पर छापेमारी की और राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के एक सहयोगी से बेहिसाब नकदी जप्त की। नोटों का ढेर देखकर ईडी अधिकारी भी हैरान रह गए। इतने सारे नोट हैं कि उन्हें गिनने के लिए मशीन बुलानी पड़ी। लगभग 25-30 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस नकदी के अलावा कुछ दस्तावेज भी सामने आए हैं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

महामहिम की सीख... धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

छात्रों को 21 वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाना जरूरी : मुर्मु

नई दिल्ली, (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी और कौशल के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों को देखते हुए छात्रों को 21 वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाना होगा। श्रीमती मुर्मु ने धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।

करते हुए कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है लेकिन अब इसकी गति बहुत तेज़ है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे नए क्षेत्र तेजी से उभर रहे हैं जिसके कारण प्रौद्योगिकी और आवश्यक कौशल भी बहुत तेज़ी से बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी के शुरू में कोई नहीं जानता था कि अगले 20 या 25 वर्षों में लोगों को किस तरह के कौशल की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा , कई मौजूदा कौशल अब भविष्य में उपयोगी नहीं रहेंगे, इसलिए हमें लगातार नए कौशल अपनाने होंगे। युवाओं को इस तरह से ढाला जाना चाहिए कि वे तेजी से हो रहे बदलावों के साथ तालमेल बैठा सकें। हमें छात्रों में सीखने की जिज्ञासा और इच्छा को मजबूत कर उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना होगा।

चरित्र तथा व्यक्तित्व का निर्माण करें

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो छात्रों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाए और उनके चरित्र तथा व्यक्तित्व का निर्माण करे। शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में अपनी संस्कृति, परंपरा और सभ्यता के प्रति जागरूकता लाना भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस संबंध में शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उनका कार्य क्षेत्र केवल शिक्षण तक ही सीमित नहीं है, उन पर देश के भविष्य के निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

श्रीमती मुर्मु ने कहा , हमारा ध्यान 'क्या सीखें' के साथ-साथ 'कैसे सीखें' पर भी होना चाहिए÷ उन्होंने कहा कि जब छात्र बिना किसी तनाव के स्वतंत्र रूप से सीखते हैं, तो उनकी रचनात्मकता और कल्पना को उड़ान मिलती है। ऐसे में वे शिक्षा को सिर्फ आजीविका का पर्याय नहीं मानते. बल्कि, वे नवप्रवर्तन करते हैं, समस्याओं का समाधान ढूंढते हैं और जिज्ञासा के साथ सीखते हैं।

राष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि हर व्यक्ति में अच्छाई और बुराई दोनों की क्षमता होती है इसलिए छात्रों को कभी बुराई को अपने उपर हावी नहीं होने देना चाहिए चाहे वे कितनी भी कठिन परिस्थिति में क्यों न हों। उन्होंने छात्रों से करुणा, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्यों को आदर्श बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के आधार पर वे सफल और सार्थक जीवन जी सकते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि युवाओं में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

इन पांच लोकसभा सीटों पर मतदान आज

12 मई को पटना में रोड शो करेंगे पीएम मोदी

पटना। पीएम मोदी 12 मई को बिहार आ रहे हैं। वह पटना में रोड शो करेंगे। बिहार भाजपा ने पीएमओ को इसके लिए प्रस्ताव भेजा था। अब पीएमओ से मंजूदरी मिल गई है। पीएम मोदी डाकबंगला चौराहा से होते हुए कदमकुआं तक रोड शो करेंगे। भाजपा इसकी तैयारी में जुट गई है।

उजियारपुर में गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज उजियारपुर में बड़ी जनसभा करने वाले हैं। जनता से अपील है कि वह लाखों कि संख्या में आकर उनकों सुनें, लाभ उठायें। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को श्रेष्ठ बनाने का जो काम कर रहे हैं, उसमें सहयोग करें।

मोदी जी को ना तो महंगाई दिखती है और ना ही बेरोजगारी!

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि लाखों के सूट पहनने वाले मोदी जी को ना तो महंगाई दिखती है और ना ही बेरोजगारी! देश का युवा देशभक्ति भी दिखाना चाहता है, सम्मान भी पाना चाहता है और अपने परिवार व परिजनों की देखभाल भी करना चाहता है इसीलिए इंडिया गठबंधन की सरकार अग्निवीर योजना को भी हटाएगी और सेना एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों को उनका सम्मान भी दिलाएगी!

अनंत सिंह ने किया एनडीए की जीत का दावा

जेल से बाहर निकलते ही बाहुबली अनंत सिंह ने मुंगेर लोकसभा सीट चार लाख से ज्यादा अंतर से जीतने का दावा कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार एनडीए चार लाख वोट से जीत रही है। बता दें कि जेल से निकलने से पहले अनंत सिंह जेल से पैरोल पर रिहा होने के बाद अनंत सिंह अपने इलाके के लेमुयावाद, पंडारक, कन्हाईपुर होते हुए मोर पहुंच थे। यहां उन्होंने माता भगवती मंदिर में पूजा की। उन्होंने जगदम्बा मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस बीच जगह जगह पर उनके समर्थकों ने उन्हें फूल मामला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

आपराधिक चरित्र जिसका है वो भाजपा के करीब हो

प्रज्ज्वल रेवन्ना को ब्लू कॉर्नर नोटिस मामले पर राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने एएनआई को बताया कि मैंने कई बार इस तरह के नोटिस मेहुल चोकसी और नीरव मोदी के बारे में भी देखे हैं। भाजपा भगाने में एक्सपर्ट पार्टी है। आपराधिक चरित्र जिसका है वो भाजपा के करीब हो, भाजपा उसे विदेश जाने को सेफपैसेज देती है।

तेजस्वी ने पीएम मोदी पर बोला हमला

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हम नव पीढ़ी के लोग केवल नौकरी, रोजगार, शिक्षा-चिकित्सा और विकास की सकारात्मक बातें ही कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री जी विभाजनकारी, वैर एवं नफरत को बढ़ावा देने वाली नकारात्मक बातें ही कर रहे हैं।

मतदानकर्मियों को लू से बचने प्याज देगा प्रशासन

खंडवा। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में भीषण गर्मी के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाना बड़ी चुनौती है. इसलिए मतदान केंद्रों पर छाया, पानी और हवा के प्रबंध किए जा रहे हैं. दूसरी ओर, वहीं निमाड़ की भीषण गर्मी के बीच मतदानकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों को इससे बचाने के जतन किए जा रहे हैं. मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में मतदानकर्मियों को जिला प्रशासन मतदान सामग्री के साथ ओआरएस के पैकेट और दवाइयां दे रहा है. खास बात यह है कि इस किट में प्याज भी रहेगी. ये प्याज उन्हें गर्मी और लू से बचाएगी. इसे लेकर डॉक्टर का भी कहना है कि प्याज में वो तत्व पाए जाते हैं, जो मतदानकर्मियों को गर्मी में बड़ी राहत देगा.

खंडवा के उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरसी खेतड़िया ने बताया कि खंडवा जिले में खंडवा और बैतूल लोकसभा सीट के विधानसभा क्षेत्र आते हैं. 7 मई को बैतूल लोकसभा सीट पर मतदान होगा. इस सीट पर 18 लाख 96 हजार मतदाता हैं. इनमें से खंडवा जिले के हरसूद के 2.25 लाख मतदाता शामिल हैं. इनके लिए 6 मई को मतदान दल सामग्री लेकर रवाना हुए. इस सामग्री में गर्मी और लू से बचने के लिए ओआरएस, दवाइयां और प्याज भी है. ठीक इसी तरह खंडवा संसदीय क्षेत्र में 13 मई को होने वाले मतदान के लिए भी प्रबंध किए गए हैं. खंडवा एसपी मनोज राय ने बताया कि 7 मई को हरसूद विधानसभा क्षेत्र में 600 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात होंगे. वहीं, 13 मई खंडवा संसदीय क्षेत्र की खंडवा, पंधाना और मांधाता में 2 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी ड्यूटी में रहेंगे. यहां करीब 5 हजार कर्मी मतदान कराएंगे. उन्हें डिहाइड्रेशन से बचाना भी स्वास्थ्य विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं.

इसलिए जरूरी है प्याज

खंडवा के डॉ. आशीष पारे का कहना है कि खंडवा में गर्मी बहुत तेज है. यहां तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है. इसलिए हर वो शख्स जो घर से निकल रहा है उस पर गर्मी का असर होना लाजमी है. इसलिए जरूरी है कि घर से पानी पीकर निकलें. तेज धूप से बचने के लिए कैप डालकर ही निकलें. आखों को सूर्य की तेज किरणों से बचाने के लिए चश्मा जरूर लगाएं. सबसे जरूरी चीज यह है कि जेब में प्याज लेकर जरूर निकलें. प्याज खाने से लू से बचाव में मदद मिल सकती है।

प्याज के ये तत्व बचाते हैं लू से

प्याज में क्रेरसेटिन केमिकल पाया जाया जाता है. इससे केमिकल हिस्टामाइन ब्लॉक होता है और लू से बचाव में मदद मिलती है. एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी कार्सिनोजेनिक से भरपूर प्याज सेहत के लिए औषधि की तरह काम करता है. प्याज में पाए जाने वाले सेलेनियम नामक तत्व इम्यूनिटी बढ़ाने में सरदार माने जाते हैं।

विजय सिन्हा बोले- तेजस्वी बड़बोले पिता के बड़बोले पुत्र हैं

उन्होंने झूठ के भ्रम का वातावरण बनाया

बेगूसराय। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा रविवार की शाम बेगूसराय पहुंचे। जहां उन्होंने एक बार फिर लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। प्रेस वार्ता के दौरान विजय सिन्हा ने आरोप लगाते हुए कहा कि अगुवानी पुल मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बजाय पैसा लेकर अधिकारी को प्रमोशन देने वाले लोग बख्शे नहीं जाएंगे। चुनाव के बाद इसकी जांच कराई जाएगी। इनका हाल भी दिल्ली के मुख्यमंत्री और झारखंड के मुख्यमंत्री जैसा ही होगा।

विजय सिन्हा ने दावा किया कि इस चुनाव में बिहार के अंदर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। ये कहीं न कहीं राजद द्वारा बिहार में अराजकता, नकारात्मक वातावरण, अपराध और भ्रष्टाचार को संरक्षित और पोषित करने के साथ साथ अपराधियों को टिकट देकर अपराध को फलने-फूलने का जो संकेत दिया है, उसके खिलाफ है। जिसका जवाब पूरी ताकत से बिहार की जनता देगी। उन्होंने कहा कि राजद की मानसिकता 18 साल के सुशासन और 15 वर्ष जंगलराज की मानसिकता के बाद भी नहीं बदली है जिसका जवाब जनता अपने वोट के माध्यम से देगी।

उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने राजद नेता तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि तेजस्वी यादव बड़बोले पिता के बड़बोले पुत्र हैं। वह झूठ के भ्रम का वातावरण बना रहे थे, जिन्होंने कहा था कि वह रोजगार और नियुक्ति के लिए चिंतित हैं। उनके जैसे लोगों के कारण बिहार के लोग बेरोजगार हो गए। पांच विभाग के मंत्री रहने के बावजूद भी एक भी नियुक्ति करने का काम इनके द्वारा नहीं किया गया। जिसने अगुवानी पुल में गड़बड़ी की, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए थी। उसमें इन्होंने माल लेकर लीपा-पोती की, जिसकी शिकायत लोगों ने किया है। हम उसकी उच्च स्तरीय जांच कराएंगे। चुनाव के बाद ऐसे कार्यों से जिसने अकूत संपत्ति बनाई है, उसको बख्शेंगे नहीं।

विजय सिन्हा ने कहा कि इनका भी वही हाल दिल्ली के मुख्यमंत्री और झारखंड के मुख्यमंत्री की तरह होगा। जिसने भी जनता की गाढ़ी कमाई को लूटा है, उसकी दुर्दशा तय है। वहीं, तेजस्वी यादव द्वारा बीजेपी को झुठ्ठा पार्टी कहने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा झूठे वादे करने के सवाल पर भी विजय सिन्हा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये राजा हरिश्चंद्र के खानदान के हैं? उनके बारे में लोग कहते हैं कि चपरासी क्वार्टर में रहने वाले महलों के राजा बन गए। जब ईडी-सीबीआई और इनकम टैक्स ने इनसे पूछताछ की तो इन्होंने कहा था कि ये भाजपा के जमाई हैं। वह भाजपा के जमाई नहीं, बल्कि मां भारती की संतान हैं जिसपर भाजपा को गर्व है। लेकिन ये नहीं बता पाते हैं कि इनका यार कौन है आतंकवाद, उग्रवाद और भ्रष्टाचार। वह कितना सत्य बोलते हैं, इनकी बातों को कोई गंभीरता से नहीं लेता है। उन्होंने कहा कि ये लोग प्रधानमंत्री को लेकर जिन शब्दों का उपयोग करते हैं, उस शब्द का अर्थ भी यह नहीं समझ पाते हैं। बिहार की जनता की गाड़ी कमाई को लूटकर इन्होंने जो 100 लोगों की टीम बनाई है, वह जो लिख कर देती है वह वही बोलते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि यह पूरी तरीके से सोने का चम्मच लेकर जन्म लेने वाले और चार्टर विमान पर बैठकर केक खाने वाले लोग हैं। जो बिहार की जनता को भरमाते हैं, इनके पास शब्दों की मर्यादा नहीं है।

नामांकन की प्रक्रिया आज से, दोनों पार्टियों के दिग्गज नेता करेंगे शक्ति प्रदर्शन

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए 7 मई से नामांकन शुरू हो जाएगा। प्रदेश में एक सप्ताह में चुनाव प्रचार जोर पकड़ लेगा। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के नामांकन के दिन दोनों ही प्रमुख दलों केंद्रीय नेता पहुंचेंगे। इस दिन भाजपा और कांग्रेस अपना शक्ति प्रदर्शन भी करेंगी। भीड़ जुटाने का जिम्मा विधायकों व जिला संगठन के नेताओं को दिया गया है। दोनों दलों ने प्रदेश के केंद्रीय नेताओं को शामिल होने का आग्रह किया है। नेतृत्व ने भी इसकी हामी भरी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 9 मई को हिमाचल आ रहे हैं। 10 मई को कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी राजीव भारद्वाज नामांकन करेंगे, इस दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष के मौजूद रहने की संभावना है। वहीं 9 मई को मंडी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह नामांकन करेंगे। इस दौरान सीएम सुखविंद्र सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह और प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल मौजूद रहेंगे।

सचिन पायलट के भी उपस्थित होने की संभावना है। कांग्रेस पार्टी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 9 मई को विक्रमादित्य सिंह, 10 मई को हमीरपुर क्षेत्र के प्रत्याशी सतपाल रायजादा, 13 मई को शिमला सीट के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी नामांकन करेंगे। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के नामांकन की तिथि अभी तय नहीं हुई है।

किस नेता की कितनी रैलियां

भाजपा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो रैलियां, जबकि कांग्रेस पार्टी की ओर से भी प्रियंका गांधी को दो रैलियां संभावित हैं। पार्टी की ओर से राहुल गांधी को भी रैली करने को बुलाया जा रहा है। इसी तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता व गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्टार प्रचारक होंगे।

मई के दूसरे सप्ताह से रैलियां और रोड शो

कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा कि केंद्रीय नेताओं और प्रचारकों की लिस्ट तैयार की जा रही है। केंद्र के बड़े नेताओं को रैलियों और रोड शो के लिए बुलाया जा रहा है। मई के दूसरे सप्ताह में केंद्रीय नेता आने शुरू हो जाएंगे। चारों संसदीय क्षेत्रों में सचिन पायलट समेत केंद्रीय नेताओं की रैलियां कराई जानी हैं। विस वाले उपचुनाव में भी केंद्रीय नेताओं की रैली कराई जाएंगे।

बठिंडा में रोचक हुआ मुकाबला, शिअद की हरसिमरत के खिलाफ मैदान में उतरे नए लड़ैया

चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब की सभी 13 सीटों पर मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने भी प्रदेश में अपनी गतिविधियां बढ़ानी शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री व आप के पंजाब के प्रधान भगवंत मान पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो करने में लगे हैं। शिरोमणि अकाली की तरफ से पंजाब बचाओ की यात्रा के जरिये अपना प्रचार तेज किया जा रहा है। इसी तरह कांग्रेस और भाजपा उम्मीदवार भी जनसभाएं व बैठकें करके लोगों को अपने साथ जोड़ने में लगे हैं। लोकसभा चुनाव में शिअद का गढ़ मानी जाने वाली बठिंडा सीट पर भी इस बार मुकाबला तगड़ा होने जा रहा है।

इस सीट पर सभी राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। खास बात यह है कि हरसिमरत के सामने खड़े उम्मीदवारों का यह पहला लोकसभा चुनाव है, जबकि हरसिमरत चौथी बार मैदान में हैं। वह लगातार तीन बार से सांसद हैं। उनके लिए शिअद के गढ़ को बचाना साख का सवाल बना हुआ है। इसका प्रमुख कारण यह भी है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में आप प्रत्याशी खुड्डियां पांच बार के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को हराकर विधानसभा पहुंचे थे। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में शिअद प्रत्याशी हरसिमरत कौर ने इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को 21,772 मत के अंतर से मात दी थी। इस बार परस्थितियां बदल गई हैं, क्योंकि वड़िंग अब बठिंडा की जगह लुधियाना से चुनाव लड़ रहे हैं। हरसिमरत 2009 में पहली बार राजनीति में उतरी थीं। वे बठिंडा से पार्टी प्रत्याशी बनीं और जीत दर्ज की। वर्ष 2014 और 2019 में भी उन्होंने इसी सीट से अपनी जीत जारी रखी। आप प्रत्याशी खुड्डियां 2022 के चुनाव में लंबी सीट से शिअद उम्मीदवार प्रकाश सिंह बादल को 11,396 मत के अंतर से हराया था। भाजपा प्रत्याशी परमपाल कौर मलूका राजनीति में नई हैं। इससे पहले वह पंजाब सरकार में आईएएस अधिकारी के तौर पर सेवाएं दे रही थीं। हालांकि, उनका परिवार राजनीतिक से जुड़ा रहा है। उनके ससुर सिकंदर सिंह मलूका अकाली सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। परमपाल कौर ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर अपने पति के साथ भाजपा में शामिल हो गए थीं, जिसके बाद ही भाजपा ने बठिंडा से उन्हें उम्मीदवार घोषित कर दिया था। उनके ससुर सिकंदर सिंह मलूका आज भी अकाली दल में हैं।

इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू चार बार के विधायक हैं। उन्होंने शिअद छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया था और कांग्रेस ने उनको बठिंडा से अब टिकट थमा बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने हर बार तलवंडी साबो हलके से ही चुनाव लड़ा है और लोकसभा चुनाव में पहली बार मैदान में उतरे हैं। उनके सामने अब तलवंडी साबो के अलावा बाकी हलकों में भी अपनी पकड़ बनाने की चुनौती है।

1814 पोलिंग स्टेशनों पर होगा मतदान

इस बार लोकसभा चुनाव में बठिंडा सीट का ताज किसके सिर पर सजेगा, यह 1814 पोलिंग स्टेशनों पर मतदान से तय होगा। चुनाव आयोग की तरफ से 1 मार्च, 2024 तक जारी मतदाता सूची के अनुसार इस सीट पर 16,38,881 मतदाता हैं, जिसमें से 8,63,989 पुरुष और 7,74,860 महिलाएं हैं। इस सीट पर 85 वर्ष की आयु से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 12,565, दिव्यांग मतदाता 14,151 और एनआरआई मतदाता 16 हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर रहा आप का कब्जावर्ष 2022 विधानसभा चुनाव में बठिंडा लोकसभा क्षेत्र के अधीन आती सभी विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी का कब्जा रहा था। लंबी विधानसभा क्षेत्र में आप प्रत्याशी गुरमीत सिंह खुड्डियां ने जीत दर्ज की थी।

चुनाव में ये मुद्दे हावी

पूरे प्रदेश की तरह ही बठिंडा में भी किसानों का मुद्दा हावी है। बठिंडा में किसान अपनी हालत सुधारने की राजनीतिक दलों से मांग कर रहे हैं। इसी तरह मानसा में घग्गर के कहर से भी लोग परेशान हैं। पिछले साल भी बांध टूटने के कारण घग्गर ने काफी कहर बरपाया था और कई गांवों में फसलें पानी की चपेट में आ गई थीं। इसी तरह बठिंडा के कई क्षेत्रों में नई इंडस्ट्री लगाने की लोगों की पिछले काफी समय से मांग हैं, जिसमें मानसा व बुढलाडा प्रमुख रूप से शामिल हैं। यहां एक पुराना थर्मल प्लांट भी बंद कर दिया गया था और नया प्लांट नहीं लग पाया है। इसी तरह बेरोजगारी भी एक बड़ा मुद्दा है। बठिंडा का हरियाणा के साथ बॉर्डर लगता है और नशे के खेल से ये लोकसभा क्षेत्र भी अछूता नहीं है।

आजमगढ़ के युवाओं में छलका बेरोजगारी का दर्द

- **बोले- सरकार शिक्षा के साथ रोजगार पर दे ध्यान**

आजमगढ़। अमर उजाला का चुनावी रथ सत्ता का संग्राम सोमवार को आजमगढ़ जिले में पहुंचा। यहां युवाओं ने अपने विचार खुलकर सामने रखे। इस दौरान युवाओं में बेरोजगारी, आरक्षण और महंगी शिक्षा का दर्द दिखा। अधिकांश युवाओं ने कहा कि जिले में युवाओं को रोजगार के कोई अवसर नहीं है, नोएडा- दिल्ली व अन्य शहरों में जाना पड़ता है। जिले में बहुत कम कंपनियां हैं। चुनावी रथ स्वामी सहजानंद पॉलिटेक्निक स्कूल पटवध सरैया पहुंचा तो युवाओं ने अपना-अपना पक्ष रखा। इस दौरान सत्यम ने कहा कि कोई भी सरकार हो, जो शिक्षा पर पूरा ध्यान दे। अच्छे शिक्षक और अच्छे राइटर की किताबें दें। दिपेश ने कहा कि पूर्वांचल में विकास नहीं हुआ है। यहां कंपनियां बढ़ें तो युवाओं को नौकरी मिल सकती है। वर्तमान सरकार ठीक है, लेकिन पूर्वांचल में विकास नहीं हो रहा है। अजीत ने कहा कि हमें ऐसी सरकार चाहिए जो अच्छी शिक्षा के साथ रोजगार भी दे। देवेश ने कहा कि मैं पहली बार वोट करूंगा, मैं चाहता हूं कि चुनाव में पार्दर्शिता हो। मैं जिसको वोट दूं वहां पहुंचे। मो. अजहा ने कहा कि हमें ऐसी सरकार चाहिए जो पढ़ाई पूरी करने के बाद हमें रोजगार दे।

हिरण्यकशिपु, रावण, कंस... कांग्रेस को बड़ा झटका, राधिका खेड़ा ने छोड़ा साथ

खड़गे से कहा- मैं प्रभु श्रीराम की भक्त

नई दिल्ली। कांग्रेस को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है. कांग्रेस की नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम एक पत्र में उन्होंने लिखा, ÷आदिकाल से ये स्थापित सत्य है कि धर्म का साथ देने वालों का विरोध होता रहा है. हिरण्यकशिपु से लेकर रावण और कंस तक इसका उदाहरण हैं. वर्तमान में प्रभु श्रीराम का नाम लेने वालों का कुछ लोग इसी तरह विरोध कर रहे हैं।

अयोध्या राम मंदिर का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा कि हर हिंदू के लिए प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ बहुत मायने रखती है और रामलला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है, वहीं, कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

राधिका खेड़ा ने आगे कहा मैंने जिस पार्टी को अपने 22 साल से ज़्यादा दिए, जहां एनएसयूआई से लेकर एआईसीसी के मीडिया विभाग में पूरी ईमानदारी से काम किया, आज वहां ऐसे ही तीव्र विरोध का सामना मुझे करना पड़ा है क्योंकि मैं अयोध्या में रामलला के दर्शन करने से ख़ुद को रोक नहीं पाई. मेरे इस पुनीत कार्य का विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि मेरे साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुए घटनाक्रम में मुझे न्याय देने से इनकार कर दिया गया।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल ने की मतदान की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रदेश के सभी वयस्क नागरिकों से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। देश के संविधान ने वयस्क नागरिकों को मत देने का अधिकार सौंपा है उसका उपयोग जिम्मेदारी पूर्वक करना चाहिए। सभी नागरिकों का कर्त्तव्य है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 7 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कल 7 मई को मतदान होना है।

जिलेवासियों से मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील है। अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करें।
-**संतोष सिंह**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर

रतमाला फाउंडेशन ने किया सामाजिक कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। जिस्मे ट्रांसजेंडर और एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगो कैसे शिक्षित किया जाये समाज में उन्हें कैसे सशक्त बनाया जा सकता है इसको लेकर रतमाला फाउंडेशन ने क्रीरगढ़ के लोगों की शिक्षा और सशक्तिकरण को लेकर एक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें आमंत्रित वक्ताओं ने अपने विचार व सुझाव रखे। आमंत्रित वक्ता विद्या राजपूत (सामाजिक कार्यकर्ता) ने अपने वक्तव्य में छत्तीसगढ के परिदृश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ट्रांसजेंडर्स के लिए गरिमा गृह समिति की स्थापना की गई है जो उनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिये कार्यरत है इसी के साथ यह समिति लोगो में ट्रांसजेंडर या एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए जागृति लाने के लिए भी कार्य कर रही है। आमंत्रित वक्तागणों के पैनल में शामिल पैनलिस्ट ने ट्रांसजेंडर के लिये किये जा रहे कार्यों को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। ट्रांसमैन सक्रियता के बारे में पापी देबनाथ ने विस्तारपूर्वक जानकारी और महत्वपूर्ण सुझाव दिये।रतमाला फाउंडेशन की प्रोजेक्ट मैनेजर ने अपने संबोधन में फाउंडेशन की स्थापना संचालित गतिविधियों और प्रयासों के बारे में अवगत किया। रवीना बरिहा ने सेक्स, लिंग, कामुकता के बारे में जानकारी को साझा किया। आमंत्रित सभी वक्ताओं को स्मृति के रूप में स्मारिका प्रदान कर सम्मानित

नई तकनीक के विकास के लिए एम्स और आईआईटी इंदौर के बीच एमओयू

रायपुर/नवप्रदेश। नई तकनीक के विकास के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और आईआईटी इंदौर के मध्य सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसकी मदद से नई मेडिकल तकनीक पर शोध और अनुसंधान किया जाएगा।

पहले चरण में एम्स को इस प्रकार की किट प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है जिनकी मदद से मेडिकल, नर्सिंग और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आसानी के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

एम्स की ओर से कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) और आईआईटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अमनदीप श्रीवास्तव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। श्री जिंदल ने बताया कि एमओयू की मदद से दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक आदान-प्रदान सुगम हो सकेगा। इससे नई

तकनीक के विकास, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, शोध और अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सामाजिक कार्यों में नई पहल संभव हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि इसकी मदद से संयुक्त शोध परियोजनाओं पर कार्य करके नई तकनीक विकसित करने का प्रस्ताव है जिसकी मदद से विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों का आसानी के साथ मुकाबला किया जा सकता है। एमओयू के पहले चरण में एम्स को ऐसे सिम्युलेटर और किट प्रदान किए जाने की योजना है जिससे स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। इनकी मदद से प्रारंभिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एमओयू के कार्यान्वयन के लिए ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप भी बनाए जाने का प्रस्ताव है। इस अवसर पर अधिष्ठाता (शोध) प्रो. सरिता अग्रवाल और सीईओ आदित्य व्यास भी उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव
7 मई 2024

18 सीएपीएफ कंपनी, 7 सीएएफ कंपनी के साथ 1995 अन्य सुरक्षा बल तैनात

होमगार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, कोटवार लगे हैं चुनावी ड्यूटी में

- **आज 137 पेट्रोलिंग पार्टी लगातार करेगी पेट्रोलिंग**

रायपुर/नवप्रदेश। आदर्श आचार संहिता के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के निर्देशन में पुलिस द्वारा भारी संख्या में कार्यवाही और धरपकड़ की गई है। साथ ही मतदान दिन की अन्य तैयारियां की गई हैं।

रायपुर जिले में चुनाव ड्यूटी हेतु 18 सीएपीएफ कंपनी (सीआरपीएफ और एसएसबी के जवान), 7 छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स (सीएएफ) कंपनी के साथ 1995 अन्य पुलिस बल, होमगार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, कोटवार लगाए गए हैं, जो मतदान के एक दिन पूर्व में ड्यूटी में लगाए गए हैं।

जिला निर्वाचन की टीम के साथ जिला पुलिस बल व सीएपीएफ के जवान जिले में 24 फ्लाईंग स्क्वॉड टीम (एएफएसटी) एवं 25 स्टैटिक सर्विलेंस टीम (एसएसटी) और 5 अन्य पुलिस नाके द्वारा समस्त प्रकार के वाहनों सहित संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग कर रहे हैं। मतदान प्रक्रिया को शांति पूर्ण संपन्न कराने हेतु वोटिंग दिन के एक दिन पूर्व से

समस्त थाना क्षेत्रों में दो से तीन पेट्रोलिंग पार्टी कुल लगभग 90 पेट्रोलिंग पार्टी लगाने के साथ ही 16 एडी पार्टी भी लगायी गयी है। जिले में पांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा तेरह नगर पुलिस अधीक्षक/उप पुलिस अधीक्षक के साथ दो-दो अन्य पेट्रोलिंग पार्टी पृथक से लगायी गयी है। सभी पेट्रोलिंग पार्टी वायरलेससेट आपस में संपर्क में रहेंगी।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा समस्त सोशल मीडिया प्लेटफार्म की निगरानी सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा की जा रहीं है। मतदान के दिन मतदान कक्ष के भीतर किसी भी प्रकार का मोबाईल फोन लेकर जाना वर्जित है। मतदान की गोपनीयता भंग करना कानूनी अपराध है, यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर मतदान करते हुए संबंधी फोटो/विडियो शेयर करता है तो उस पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे द्वारा वेबकास्टिंग भी की जा रही है। पूरे मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु समस्त थाना क्षत्रों में सघन पेट्रोलिंग पार्टी को डिप्लाय किया गया है तथा सीसीटीवी कैमरों एवं सिविल टीम की मदद से निगरानी की जा रहीं है। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने जिलेवासियों से मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करें। आज कलेक्टर गौरव सिंह व एसएसपी संतोष सिंह सहित अधिकारियों ने स्ट्रॉन्ग रूम सेजबहार व बीटीआई की व्यवस्था का जायजा लिया और बूथों में घूम-घूम कर सभी व्यवस्था देख आवश्यक निर्देश दिया।

राधिका खेड़ा आती हैं तो भाजपा में होगा स्वागत: अजय चंद्राकर

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले दिनों कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में हुई बदसलूकी से आहत कांग्रेस की नेशनल कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने कल शाम पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया था कि राम लला दर्शन के कारण उनका विरोध हो रहा था। उन्हें धक्का दिया गया और कमरे में बंद कर दिया गया। वही दूसरी तरफ भाजपा ने इस मुद्दे को लपक लिया था। भाजपा के नेताओं ने खुलकर राधिका खेड़ा का समर्थन किया, उन्हें न्याय का भरोसा भी दिया। राधिका ने इस संबंध में पार्टी के बड़े नेताओं को भी खत लिखा था लेकिन किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं मिलने से आहत राधिका खेड़ा ने इस्तीफा दे दिया।

वही अब राधिका खेड़ा के भाजपा में शामिल होने की संभावना जताया जा रही हैं।

हालांकि खुद उन्होंने इसके संकेत नहीं दिए हैं। इस बारे में मीडिया ने विधायक अजय चंद्राकर से चर्चा की हैं।

पूछा गया कि क्या राधिका खेड़ा पार्टी प्रवेश कर रही हैं? इसपर चंद्राकर ने कहा हर राष्ट्रवादी का बीजेपी में स्वागत है। जो राष्ट्र को प्रेम करता है उसका बीजेपी में स्वागत है। सुशील आनंद शुक्ला पर एफआईआर की मांग पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि एफआईआर कराया जाना चाहिए, इस पर तुरंत कार्रवाई करना जरूरी हैं।

महिला न्याय की बात करना कांग्रेस का एक नाटक है: सरोज पांडेय

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सरोज पांडे ने कहा कांग्रेस ने लगातार महिलाओ के साथ अन्याय किया है शाह बानो के तलाक के मामले के केस में जब एक बूढ़ी मां को वर्षो के केस लड़ने के बाद कोर्ट ने उसके हक गुजारा भत्ता देने का फ़ैसला सुनाया था तब राजीव गांधी की सरकार ने उस फैसले को बदलने सरकारी आदेश निकाला,और उस बूढ़ी मां से उसका हक छीन लिया था,महिलाओ को कुचलना और उनका अधिकार मारना उन्हे अपमानित करना आज भी कांग्रेस का यही चरित्र है इसीलिए

महिलाएं कांग्रेस से घृणा करने लगी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अगर सुरक्षित नहीं है तो कांग्रेस की आम कार्यकर्ता का क्या हाल होगा ,सोनिया गांधी को इस विषय पर चुप्पी तोड़नी चाहिए।

प्रियंका गांधी के निजी सहयोगी ने दलित नेता अर्चना गौतम के साथ दुर्व्यवहार किया था कोई कार्यवाही नहीं हुई।फिल्म अभिनेत्री नगमा के साथ भी यही हुआ कोई कार्यवाही नहीं हुई,आज राधिका खेड़ा के साथ भी यही हुआ कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रियंका गांधी सोनिया गांधी को देश की महिलाओ से माफी मांगनी चाहिए।

शाह बानो से लेकर राधिका खेड़ा तक, कांग्रेस महिलाओं के साथ केवल अन्याय कर रही है: रेणुका सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री ,पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक रेणुका सिंह ने कहा कांग्रेस ने लगातार महिलाओ के साथ अन्याय किया है शाह बानो के तलाक के मामले के केस में जब एक बूढ़ी मां को वर्षो के केस लड़ने के बाद कोर्ट ने उसके हक गुजारा भत्ता देने का फ़ैसला सुनाया था तब राजीव गांधी की सरकार ने उस फैसले को बदलने सरकारी

आदेश निकाला,और उस बूढ़ी मां से उसका हक छीन लिया था,महिलाओ का कुचलना और उनका अधिकार मारना उन्हे अपमानित करना आज भी कांग्रेस का यही चरित्र है इसीलिए महिलाएं कांग्रेस से घृणा करने लगी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अगर सुरक्षित नहीं है तो कांग्रेस की आम कार्यकर्ता का क्या हाल होगा ,सोनिया गांधी को इस विषय पर चुप्पी तोड़नी चाहिए।

प्रियंका गांधी, अब झूठे नारे लगाना बंद करे: शालिनी

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि कांग्रेस में लगातार महिलाओ का उत्पीड़न होता रहा है,जब जब महिलाओ ने अपने हक की आवाज कांग्रेस ने उठाई है उनकी आवाज दबाने का प्रयास हुआ है उन्हे अपमानित किया गया है राधिका खेड़ा के

साथ हुआ बर्ताव पूरी कांग्रेस पार्टी को कटघरे में खड़े कर रहा है आखिर कांग्रेस के भवन आखिर महिलाओ के असुरक्षित क्यों हो गए है लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा लगाने वाली प्रियंका गांधी इस विषय पर मौन क्यों है?देश में महिला न्याय की बाते करना बंद करे प्रियंका गांधी

केव्हीए में पूर्वा अग्रवाल का किया गया अभिनंदन

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के बोर्डिंग स्कूल कांगेर वैली अकादमी में खुशियाँ छायीं जब यहाँ से पढ़ी छात्रा ने संघ लोक सेवा आयोग सिविल सर्विस परीक्षा 2023 में 189 वीं रैंक हासिल की। इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ के युवा भी शामिल थे । इन्हीं युवाओं में शामिल थीं बिलासपुर की बेटी पूर्वा अग्रवाल । पूर्वा की सफलता विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है कि उन्होंने स्कूली शिक्षा रायपुर के कांगेर वैली अकादमी से की है।

पूर्वा ने बताया कि मल्टीनेशनल कंपनी में उनकी नौकरी और अच्छी तनख्वाह भी थी। लेकिन जब वहाँ मन नहीं लगा

तो नौकरी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी की। यूपीएससी के पहले प्रयास में उन्हें सफलता नहीं मिली। वह मेन्स क्लियर नहीं कर सकीं। इसके बाद पढ़ाई के लिए उन्होंने विशेष रणनीति बनाई और समय प्रबंधन किया। उन्हें अपने शिक्षक अपनी बहन और कई सीनियर्स से यूपीएससी की तैयारी करने की प्रेरणा मिली। विद्यालय में पढ़ते हुए डिबेट, भाषा, नाटक, काव्य पाठ जैसी गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने वाली पूर्वा को स्वीमिंग का भी बहुत शौक है। कांगेर वैली में रहकर उन्होंने तैराकी की अनेक प्रतियोगितायें जीतीं वो कहती है कि स्कूल में उन्होंने स्वीमिंग का नेशनल भी खेला, लेकिन बाद में दिल्ली आना हो गया, तो स्वामिंग की हॉबी पीछे छूट गयी। पूर्वा ने कहा कि इस परीक्षा को पास करने के लिए धैर्य की बहुत जरूरत है। क्योंकि, इस परीक्षा की अवधि ही एक साल की होती है. कभी-कभी इसे पास करने में तीन प्रयास तक लग जाते हैं. इसलिए जरूरी है कि हम धैर्य के साथ अपना काम करे। ये भी जरूरी है कि पिछले प्रयासों में जो गलतियां की हैं, उन्हें पहचानें और दूर करें। मेहनत करते जाएंगे तो एक दिन सफलता जरूरी मिलेगी। पूर्वा ने बच्चों को सन्देश देते हुए कहा कि हमें विद्यालय के पाठ्यक्रम को गंभीरता से लेनी चाहिए। इसके लिए हमें अच्छा स्कूल और अच्छे शिक्षकों की भी आवश्यकता होती है जो मुझे कांगेर वैली में आकर मिला है। मैं के व्ही ए के शिक्षकों की आभारी हूँ ।

बता दें, पूर्वा के पिता एमएल अग्रवाल छत्तीसगढ़ टेक्निकल ऐजुकेशन में एडीशनल डायरेक्टर और उनकी मां इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर हैं।

शतप्रतिशत मतदान के लिए महाराष्ट्र मंडल ने लगाया जोर

- **रायपुर के 12 व्यस्ततम चौराहों और कई उद्यानों में चलाया गया मतदान जागरूकता अभियान**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर रविवार की शाम 6:00 बजे एक साथ 500 से अधिक आजीवन सभासदों ने शहर के 12 व्यस्ततम इलाकों में जबरदस्त मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर रोहिणीपुराण केंद्र और डंगनिया-सुंदरनगर केंद्र की महिलाओं ने क्रमशः गोल चौक और रायपुरा चौक पर मठा वितरित कर मतदाताओं से वोट डालने की अपील की।

महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने 10 दिन पहले ही कार्यकारिणी सदस्यों, विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों व सभी 15 केंद्रों की संयोजिकाओं के साथ व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरण अभियान चलाने की योजना बना ली थी। जिसे आज अमल पर लाया गया। काले ने कहा कि आज के सफलतम अभियान के बाद महाराष्ट्र मंडल के सभी 150 पदाधिकारी अगले डेढ़ दिन तक सौ- सौ मतदाताओं को फोन कर वोट डालने की अपील करेंगे और सात मई को यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन्हें डालने की अपील की गई थी, उन्होंने वोट डाला है कि नहीं।

मतदाता जागरूकता अभियान लाखे नगर चौक पर सचिव चेतन दंडवते की नेतृत्व में, रायपुरा चौक पर कामकाजी महिला वसति गृह प्रभारी नमिता शेष के मार्गदर्शन में, गोल चौक में मेस एवं महाराष्ट्र मंडल भवन प्रभारी दीपक किरवईवाले के नेतृत्व में, अनुपम गार्डन तिराहा में संत ज्ञानेश्वर स्कूल के सह प्रभारी पारितोषिक डोनगांवकर के सहयोग से, कार्यकारिणी सदस्य भगीरथ काळेले नेतृत्व में अग्रसेन चौक समता कॉलोनी पर, टाटीबंध चौक पर रश्मि गोवर्धन के सहयोग से, तात्यापारा चौक पर उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन के मार्गदर्शन में, कोतवाली चौक पर दिव्यांग बालिका विकास गृह की प्रभारी आस्था काले के सहयोग में, पचपेड़ी नाका चौक पर महिला सह प्रमुख अपर्णा देशमुख के नेतृत्व में, नेताजी चौक कटोरा तालाब पर महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले के मार्गदर्शन में, गांधी उद्यान (भगत सिंह) चौक पर खेल प्रकोष्ठ प्रभारी गीता दलाल के नेतृत्व में यह अभियान लगभग दो घंटे तक चलाया गया।

शांतिकुंज के स्काउट्स गाइड राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

हरिद्वार/नवप्रदेश। उत्तराखंड में स्काउट एवं गाइड का एक अलग जनपद की मान्यता प्राप्त करने के बाद शांतिकुंज कई उपलब्धियां हासिल कर ली है। शांतिकुंज के अनेक स्काउट्स व गाइड्स राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित हैं।

उपलब्धि के इस अध्याय में हिमालय व बुडवेज व पार्चमेंट सेरेमनी कैंपिंग सेंटर में देव संस्कृति विश्वविद्यालय से रोवरिंग में मंगल सिंह गढ़वाल एवं सूर्यनाथ यादव तथा गायत्री विद्यापीठ के विनय शर्मा ने एक और नया अध्याय जोड़ा। जब इन्होंने हिमालय बुडवेज में एक नयी कीर्तिमान स्थापित किया।

इन्हें प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त आरएस नेगी ने बीड्स पहनाकर विशेष रूप से सम्मानित किया। वहीं प्रादेशिक आयुक्त सीमा जोनसारी ने पार्चमेंट प्रदान किया। हिमालय बुडवेज एवं पार्चमेंट सेरेमनी कैंपिंग सेंटर देहरादून में सम्पन्न होने के बाद सोमवार 6 मई को देसंविवि व गायत्री विद्यापीठ के प्रतिनिधि गायत्री तीर्थ पहुंचे। संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी से भेंट की और आशीर्वाद लिया। दीदी ने कहा कि स्काउट गाइड संस्था अभियान द्वारा अच्छे नागरिक समाज को देने में महती भूमिका रही है। इस अवसर पर शांतिकुंज जनपद के स्काउट गाइड के पदाधिकारियों को गायत्री परिवार के अभिभावक व अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ प्रणव पण्ड्या, देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या सहित देसंविवि व शांतिकुंज परिवार ने बधाई दी है। गौरतलब है कि हिमालय वुड वैज का प्रशिक्षण, राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्यप्रदेश से मंगल गढवाल, सूर्यनाथ यादव व विनय शर्मा उच्च प्रशिक्षित हैं।

कांग्रेस के अन्याय से महिलाओं में निराशा: भावना बोहरा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक भावना बोहरा ने कहा कांग्रेस द्वारा महिलाओ के साथ दुर्व्यवहार,उन्हे अपमानित करना इसका एक लंबा इतिहास है एक महिला होने के नाते राधिका खेड़ा के बयान सुनकर आश्चर्चकित हूं, हम हमेशा महिलाओ युवतियों के ये कहते है प्रोत्साहित करते है की उनके साथ अगर गलत हो रहा है तो जरूर बताएं यही काम राधिका खेड़ा ने किया है अपनी आपबीती को बताया है अगर उसकी आवाज को दबाया जायेगा,उसे न्याय नहीं मिलेगा तो पूरे देश की महिलाएं इससे निराश होगी और शायद अपने साथ हो रहे दुर्व्यवहार को बताने से डरे,अब यह विषय केवल राधिका खेड़ा का नही रह गया बल्कि महिला अस्मिता का विषय बन गया है शर्म की बात है की सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी इस विषय पर चुप है कांग्रेस महिलाओ का भला कभी नही कर सकती । प्रियंका चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय प्रवक्ता रहते इसी दुर्व्यवहार के कारण और सुष्मिता देव कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए इस्तीफा दिया था।

सुविचार

आंखें बंद करने से मुसीबत खत्म नहीं हो जाती और मुसीबत आए बिना आंखें भी नहीं खुलती। -अज्ञात

मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को झटका

लोकसभा चुनाव के दौरान इस बार विभिन्न पार्टियों के नेता इस तरह दल बदल रहे हैं। ऐसा पूर्व में शायद ही कभी देखने को मिला हो। वैसे तो हर चुनाव के दौरान टिकट से वंचित नेता पाला बदलते रहे हैं। किन्तु इस बार विपक्षी पार्टियों में भगदड़ की स्थिति बन गई है। खासतौर पर कांग्रेस पार्टी के नेता तो लगभग रोज ही पाला बदल रहे हैं। अब मध्यप्रदेश के सागर जिले की बीना से निर्वाचित विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे ने कांग्रेस छोड़ दी है। और उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। यह मध्यप्रदेश में कांग्रेस को एक बड़ा झटका है। इसके पूर्व भी मध्यप्रदेश के कई कांग्रेस नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में लगातार कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पार्टी छोड़ते रहे हैं। इस दल बदल के कारण ही मध्यप्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व वाली पिछली सरकार गिर गई थी। उस समय ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बगावत कर दी थी। और उनके नेतृत्व में कंाग्रेस के विधायकों ने पार्टी छोड़कर कमलनाथ की सरकार को गिरा दिया था। इसके बाद से ही मध्यप्रदेश में कांग्रेस के भीतर गुटबाजी बढ़ती गई। नतीजतन पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को शर्मनाक पराजय का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भी कांग्रेस हाईकमान ने मध्यप्रदेश कांग्रेस के भीतर व्याप्त गुटबाजी को खत्म करने और असंतुष्ट कांग्रेस नेताओं को मनाने के लिए कोई कारगर पहल नहीं की। इसी वजह से अब मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस कमजोर हो रही है। और उसकी पार्टी के नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। स्थिति तो यह है कि एक सप्ताह पूर्व ही इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया और भाजपा को वॉकओवर देते हुए खुद भी भाजपा ज्वाइन कर लिया। अब कांग्रेस की एक विधायक के पार्टी छोड़कर भाजपा में जाने से मध्यप्रदेश में कांग्रेस को निश्चित रूप से करारा झटका लगा है। और इसका असर लोकसभा चुनाव के परिणाम पर निश्चित रूप से पड़ेगा। वैसे भी भाजपा इस बार मध्यप्रदेश की सभी 39 सीटें जीतने के लक्ष्य को लेकर चल रही है। यदि कांग्रेस में इसी तरह भगदड़ की स्थिति बनी रही तो भाजपा मध्यप्रदेश सभी 39 सीटें जीतने में सफल हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। ऐन लोकसभा चुनाव के दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी भी विवादों में घिर गए हैं। कांग्रेस हाईकमान यदि अभी भी मध्यप्रदेश कांग्रेस में व्याप्त अंतर्कलह को गंभीरता से नहीं लेगा तो निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव में उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

फारुक अब्दुल्ला का विवादास्पद बयान

देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में यह बयान दिया था कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और वह जल्द ही भारत में शामिल हो जाएगा। राजनाथ सिंह के बयान के बाद जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेन्स के अध्यक्ष डॉ. फारुक अब्दुल्ला ने भारत के रक्षा मंत्री के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए यह विवादास्पद बयान दिया है कि भारत यह न भूले की पाकिस्तान ने अपने हाथों में चूड़िया नहीं पहन रखी हैं। पाकिस्तान के पास भी परमाणु बम हैं और वह इसका भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर सकता है। डॉ.फारुक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान की भाषा बोली है। यदि ऐसा बयान पाकिस्तान का कोई नेता देता तो बात समझ में आती। लेकिन फारुक अब्दुल्ला ने ऐसा बयान देकर यह साबित कर दिया है कि उनके दिल में अभी भी पाकिस्तान है। इसीलिए वे खाते तो हिंदुस्तान का है लेकिन गाते पाकिस्तान का हैं। यह कोई पहला मौका नहीं है जब फारुक अब्दुल्ला ने विवादास्पद बयान दिया हो। इसके पहले भी वे अक्सर पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत करते रहे हैं। उनका कहना है कि कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए पाकिस्तान के साथ बातचीत की जानी चाहिए। जबकि भारत ने पहले ही दो टूक शब्दों में कह रखा है कि जब तक पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद की आग को हवा देना बंद नहीं करेगा तब तक पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह की कोई बातचीत नहीं की जाएगी। भारत सरकार की इस नीति को जानते हुए भी फारुक अब्दुल्ला पाकिस्तान के साथ बातचीत की जरूरत पर जोर देते रहे हैं। इसके पहले जब जम्मू कश्मीर से 370 का खात्मा किया गया था। उस समय भी फारुक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसे नेता पाकिस्तान की भाषा बोला करते थे। और यहां तक चेतावनी देते थे कि यदि 370 खत्म किया गया तो कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी। किन्तु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। दरअसल फारुक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसे नेताओं की जमीन खिसक चुकी हैं और उनकी राजनीतिक दुकानदारी बंद होने का खतरा पैदा हो गया है। इसीलिए वे इस तरह की विवादास्पद बयानबाजी करते रहते हैं। समझ में नहीं आता कि केन्द्र सरकार देश विरोधी बयान देने वाले फारुक अब्दुल्ला जैसे नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही आखिर क्यों नहीं करती। अब समय आ गया है कि ऐसे नेताओं के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और उन्हें जेल के सीखचों के भीतर भेजा जाए।ह्य

रोड पर जनता और रथ पर नेता

योगेश मिश्र

चुनाव का मौसम आते ही तरह तरह के शो शुरू हो जाते हैं। मीडिया के शो, नेताओं के शो और राजनीतिक पार्टियों के शो। दर्शक रहती है जनता। इन्हीं शो में सबसे ज्यादा चर्चा में रहता है ''रोड शो।'' यह एक ऐसा शो है जो ख़ास इलाकों में और ख़ास नेताओं द्वारा किया जाता है। यह एक्सक्लूसिव चीज है। हमें लगता है यह कोई नई चीज़ है। पर यह सही नहीं है। यह पहले भी थी । पर पहले तो इसका नाम कुछ और ही रहा होगा। लेकिन अब यह शो चुनाव प्रचार का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चुनावी मौसम में रोड शो का मतलब नेता-प्रचारक-प्रत्याशी द्वारा सड़क भ्रमण।

हमारे लिए तो रोड शो नाम भी एकदम सटीक है । क्योंकि यह शो सड़क पर ही होता है। नेताजी खूब सजे संवरे रथ पर किसी राजा-महाराजा की तरह खड़े हो कर जनता को दर्शन देते किसी शहर की ख़ास सड़कों पर गुजरते हैं। उन पर फूलों की बरसात होती है और यूं ही शो संपन्न हो जाता है। न कोई भाषण और न कोई जुलूस। सिर्फ हाथ हिलाया जाता है।

रोड शो की खासियत यह भी है कि यह सिर्फ शहर और उसमें भी महानगरों में किया जाता है। गाँव ङ्क देहात या कस्बे के हिस्से में सभा या रैली ही मिलती है, जहाँ आमतौर पर पवन यान यानी हेलीकाप्टर से नेता उतरते हैं और भाषण दे कर आगे बढ़ जाते हैं। वहां रोड शो नहीं होते। हाँ, कुछ नेता कभी कभार गाँव गाँव जनसंपर्क जरूर कर लेते हैं । लेकिन अब वो भी ख़त्म होता जा रहा है। शहरों की बात दूसरी है। वहां जगमगाहट है, रौनक है सो वहां रैली या सभा नहीं बल्कि रोड शो होता है। जरूर किसी चुनाव मैनेजमेंट कंसल्टेंट ने इसे डिजाईन किया होगा।

नेता और दल भी जानते हैं कि रैलियों के लिए आज के जमाने में भीड़ जुटाना कितना दुष्कर काम है। खर्चा भी कितना होता है। शहरों में न किसी के पास फुर्सत है। न इंटरेस्ट है कि शहर के किसी बाहरी कोने में जा कर जनसभा में धक्के खाए। यही नहीं, शहर में रैली करना खासा महँगा भी बैठता है। खर्चे का कागजी हिसाब किताब तो देना ही पड़ता है । सो इस टंटे से बचने का सीधा सरल और मुफीद उपाय रह गया है-रोड शो का। कोई भीड़ भरे इलाके का रास्ता तय कर लीजिये, रस्ते में झंडी, फूल, बैनर की व्यवस्था करनी है, बस। चूँकि भीड़ वाला इलाका है सो हजारों लोग सड़क पर हमेशा ही मौजूद रहते हैं। कम खर्चा और टारगेट पूरा। न गली गली पदयात्रा करना और न किसी की टेढ़ी बात सुनने का टेंशन। बस रथ पर खड़े हो कर हाथ ही हिलाना है। राहगीरों और दुकानदारों का मनोरंजन भी हो जाता है और दर्शन लाभ भी मिल जाता है।

मनोरंजन से बात निकलती है कि रोड शो असल परिभाषा में सबसे पहले यही निकल कर आता है कि कलाकारों द्वारा शहर शहर जा कर शो करने को रोड शो कहते हैं। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि गुजरे ज़माने में किसी फिल्म का प्रचार रिक्शे पर लाउडस्पीकर से मोहल्लों में घूम घूम कर किया जाता था वह भी रोड शो था। घुमन्तु सर्कस या नुमाइश भी रोड शो है। कंपनी के आईपीओ यानी शेयर लांच कने के समय उसके प्रचार या बाहर देश से पैसे वालों को इन्वेस्टमेंट के लिए लुभाने के प्रोग्राम को भी रोड शो कहा जाता है। सभी जगह यही सिस्टम है।

अब यही चीज जब नेता अपने पोलिटिकल प्रचार के लिए करने लगे तो ये उनका रोड शो हो गया। यह कोई भारत तक ही सीमित नहीं है, यह अमेरिका में भी होता है। फर्क इतना है कि हमारे यहाँ सडकों पर नेता रथ पर खड़े हो कर हाथ हिलाते हैं । लेकिन अमेरिका में नेता अलग अलग शहरों में किसी ऑडिटोरियम या छोटे मैदान में जनता से सीधे संपर्क करते हैं । अपनी बात रखते हैं। वहां इस साल के राष्ट्रपति चुनावों के लिए जो बिडेन और डोनाल्ड ट्रम्प जिस तरह अलग अलग राज्यों और शहरों में अपने समर्थकों के बीच जा कर प्रचार करते हैं, उसे रोड शो की ही संज्ञा दी जाती है।

समय-समय पर हमें कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से लेकर असम और आगे तक लगभग सभी बड़ी पार्टियों के तरह तरह के मनोरंजक रोड शो देखने को मिले हैं। राजनेताओं द्वारा इन शो में कई शानदार परफॉरमेंस किए गए हैं, जिनमें एक दूसरे को पछाड़ने की होड़ देखी जाती है। कितनी भीड़, कितनी तैयारी, कितने लोग जुटने का अनुमान, एक समां बांधा जाता है। पहले तो रोड शो में सिनेमा कलाकार सेलेब्रिटीज़ जुटाई जाती थीं । लेकिन अब उनका आकर्षण भी ख़त्म हुआ है । सो अब रोड शो में सिनेमा कलाकार कम ही नजर आते हैं, अब स्टार नेता और स्टार प्रचारक ही सेलिब्रिटीज़ हैं, कलाकार हैं। वैसे भी नेता सबसे बड़ा अभिनेता होता है। अब तो इन राजनीतिक रोड शो के लिए भी एक अवॉर्ड का आयोजन होना चाहिए। क्योंकि इनमें भी एक्शन, रोमांच, कॉमेडी, नाटक, रहस्य, पारिवारिक ड्रामा यानी हर तरह की सिनेमाई शैली नजर आती है।

खैर, एक सवाल वाजिब है कि भारत में इस पोलिटिकल परफॉरमेंस की शुरुआत की किसने थी? तो जान लीजिये कि दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने ही इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने चुनावों के समय में दिल्ली और रायबरेली में खुली कार या जीप में सवार हो कर सड़कों पर निकलना शुरू किया। इस तरह रोड शो की शुरुआत की। उन्होंने रायबरेली में अपने बेटे राजीव और बहू सोनिया के संग एक खुली जीप में सड़क पर जनता के बीच रोड शो किया था। इन्हीं रोड शो में वह अपनी पहनी हुई फूल मालाएं जनता के बीच उछाल देती थीं। जनता में प्रसाद मान कर उसे लपकने की होड़ लग जाती थी। तब यह रोड शो नहीं कहा जाता था। शायद कोई भी नाम नहीं था। मगर अब सब शो है । सो इसका भी नाम रोड शो दे दिया गया।

अगर आप शहरी/महानगरीय बाशिंदे हैं तो आप रोड शो से भली भांति परिचित होंगे, भले ही आप इनसे कोसों दूर रहते हों। रोड शो से उत्पन्न घंटों के ट्रैफिक जाम से दो-चार न भी हुए हों तो उसके किस्से सुनते और पढ़ते जरूर होंगे। फिलहाल जब तक कुछ नया शो ईजाद न हो जाये तब तक रोड शो के मज़े लेते रहिये, डांस ऑफ़ डेमोक्रेसी का उत्सव मनाते रहिये।

खैर, एक सवाल वाजिब है कि भारत में इस पोलिटिकल परफॉरमेंस की शुरुआत की किसने थी? तो जान लीजिये कि दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने ही इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने चुनावों के समय में दिल्ली और रायबरेली में खुली कार या जीप में सवार हो कर सड़कों पर निकलना शुरू किया। इस तरह रोड शो की शुरुआत की। उन्होंने रायबरेली में अपने बेटे राजीव और बहू सोनिया के संग एक खुली जीप में सड़क पर जनता के बीच रोड शो किया था। इन्हीं रोड शो में वह अपनी पहनी हुई फूल मालाएं जनता के बीच उछाल देती थीं। जनता में प्रसाद मान कर उसे लपकने की होड़ लग जाती थी। तब यह रोड शो नहीं कहा जाता था। शायद कोई भी नाम नहीं था। मगर अब सब शो है । सो इसका भी नाम रोड शो दे दिया गया।

अगर आप शहरी/महानगरीय बाशिंदे हैं तो आप रोड शो से भली भांति परिचित होंगे, भले ही आप इनसे कोसों दूर रहते हों। रोड शो से उत्पन्न घंटों के ट्रैफिक जाम से दो-चार न भी हुए हों तो उसके किस्से सुनते और पढ़ते जरूर होंगे। फिलहाल जब तक कुछ नया शो ईजाद न हो जाये तब तक रोड शो के मज़े लेते रहिये, डांस ऑफ़डेमोक्रेसी का उत्सव मनाते रहिये।

आज का इतिहास

7 मई 1727 रूस की महारानी कैथरीन प्रथम ने यूक्रेन से यहूदियों को बाहर करने का आदेश दिया। 1748 फ्रेंच सैनिकों ने ऑस्ट्रियाई उत्तराधिकार के युद्ध में मास्ट्रिच को जीता। 1763 मुख्य पोंटिआक ने फोर्ट डेट्रॉइट में ब्रिटिश बलों पर हमला करके पोंटिक का षडयंत्र शुरू किया। 1771 शमूएल हर्न ने कनाडा की कॉपर मीन नदी की खोज की 1775 तुर्की राज्य बुकोविना ऑस्ट्रिया से अलग किया गया। 1832 यूनान ने स्वतंत्रता हासिल की, बावारिया को सम्राट चुना गया। 1875 जापान और रूस के बीच सेंट पीटर्सबर्ग की संधि पर हस्ताक्षर किए गए। 1934 फिलीपींस ने विश्व में सबसे बड़े आकार का मोती प्राप्त हुआ। 1976 एलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल को अपने आविष्कार का पेटेंट मिला जिसे उन्होंने 'टेलीफ़ोन' (दूरभाष) का नाम दिया। 2008 रूस के पूर्व राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने देश के 10वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। 2008 दिमित्री मेदवेदेव ने रूस के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। 2009 न्यूज़ीलैंड के नेपियर में पुलिस ने न्यूज़ीलैंड के एक पूर्व सदस्य के घर की 40 घंटे की घेराबंदी शुरू कर दी, जिसने एक सर्च वारंट के बाद, अधिकारियों को गोली मार दी। 2010 चिली ओईसीडी का 31 वा सदस्य बना।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आज फिर खुद का वजूद

आज फिर खुद का वजूद इतिहास के पन्नों से कुछ दोहरा रहा है मन दबा दबा सा अगुंली दबाये आंख की नमी को कनखियों से देखता है बस जुबान बदल गई है मेरे अपनों की कुछ घाव फिर हरे होकर रिस रहे है आहत मन तैयार है फिर से रिसते मवाद से नये सिरे से लड़ने को पर कब तक कब तक आखिर कब तक लड़ती रहूंगी मैं बैरंग - **अल्पना हर्ष**

दोस्त हो तो मुझे दुआ

दोस्त हो तो मुझे दुआ देना, और दुश्मन हो तो भुला देना। गांव जाना है मां की सेवा में, पैसों के मोह को दबा देना। दंगों का शहर शान्त अब क्यूं है, फिर चुनावी बिगुल बजा देना। तेरे दिल का मकान ऊंचा है, धूप की बाहों को उठा देना। मैं ग़रीबी में जी रहा दानी, धन नहीं मुझको हौसला देना।

- **संजय दानी**

ख़ास पाती | बोझ होते से पूरे घर का बोझ उठाने

बोझ होते से पूरे घर का बोझ उठाने वाले आज खुद एक समस्या से सभी समस्याओं के आगे सीना तानकर खड़े रहने वाले पूरे परिवार को खिलाने वाले आज समय पर भोजन न मिलने से व्यथित हँसने मुस्कुराने वाले आज सभी से अपने अश्रुकण छिपाने की कोशिश में लगे पूरे परिवार को अपना समझने वाले परायापन झेलने को मजबूर क्या पिता बुढ़े होते हैं ? नहीं, कर दिए जाते हैं ।। - **पुष्प सैनी पुष्प**

चिरयौवन तरंगिणि जन्म-मरण की संगिनी

चिरयौवन तरंगिणि जन्म - मरण की संगिनी। तेरे जल में जो डूबकी लगाए क्यूं भला फिर चार धाम जाए। गाँव हो , चाहे सघन वन नर्मदा जल सर्वत्र पवित्र शत्रु हो या मित्र नर्मदा जल सबको करें पवित्र। मत्स्यपुराण में लिखी महिमा अपार धरती पर बह रही देखों अमृत की धार। हर - हर मात श्री नर्मदा ताप हरती तू सर्वदा। तेरे तट पर जो आ गया काल का भय भी समझों चला गया । - **राजीव वर्मा**

अपनों का व्यवहार देखिए, रिश्तों में

अपनों का व्यवहार देखिए, रिश्तों में व्यापार देखिए। आंखों में गर नमी नही तो, फिर कैसा है प्यार देखिए। आज गए हो जीत तो लेकिन, कल अपनी भी हार देखिए। इश्क मोहब्बत प्यार जो बोलो चढ़ता सबको बुखार देखिए। अपने को अपनों से बचा गया, वो हुआ चक्रव्यूह पार देखिए । कृष्ण न जाने कब आयेंगे, वत्स,अपनों में लाचार देखिए।

- **सुधीर वत्स**

मन-पंछी आकाश में उड़ा जा रहा था

मन-पंछी आकाश में उड़ा जा रहा था। बादलों के उस पार, अकेला बिल्कुल अकेला। यही तो जीवन का सत्य है, अकेला आया था, अकेला ही जाएगा। लेकिन कब तक यूँ ही उड़ता रहेगा वही सुबह, वही शाम ज। करने को कुछ भी नहीं बचा था। पीछे मुड़कर देखा, आगे भी। वक्त बहुत कम बचा था, अगली साँस का भी नहीं पता था। अचानक अपनी गति की ओर ध्यान दिया। गिरते हुए मन को दोनों पंखों से थाम लिया और तेजी से उड़ चला। मन को तो नहीं गिरने देना था ना, वरना बाकी की उड़ान कैसे भरता - **प्रेरणा गुप्ता**

लोकतंत्र के महापर्व का, हम सम्मान करें

लोकतंत्र के महापर्व का, हम सम्मान करें। हो निर्भीक, स्वयं के मन से, हम मतदान करें।। जाति-धर्म के बहकावों में,कभी न हम आएँ। झूठे सौगंधों,दावों से, कभी न ललचाएँ। परंपरा का, मर्यादा का, निश्चित ध्यान करें। हो निर्भीक, स्वयं के मन से, हम मतदान करें। हम हैं भारत-भाग्यविधाता, सबको बतलाएँ। लंबी लगी कतारों से हम, क्योंकर घबराएँ।। शतप्रतिशत वोटिंगकर अपने, हक का भान करें। हो निर्भीक,स्वयं के मन से, हम मतदान करें। खुलकर हमसब निर्वाचन का, पर्व मनाएँगे।मूल्यवान है वोट हमारा,यह बतलाएँगे। हम अच्छी सरकार बनाने,का ऐलान करें। हो निर्भीक, स्वयं के मन से, हम मतदान करें। आगे बढ़कर निर्वाचन को, सफल बनाना है। सोच-समझकर ईवीएम् का, बटन दबाना है। कौन सही है, कौन गलत है, हम पहचान करें। हो निर्भीक स्वयं के मन से, हम मतदान करें। - **दिनेश कुमार चतुर्वेदी**

अकारण जो प्यार करे कोई, तो डरिए

अकारण जो प्यार करे कोई, तो डरिए। अकारण जो रौशन कर दे राहों को, तो डरिए। अंजान जो बुलाये दावत पर अपने घर, तो डरिए। डरिए उससे जो बिना काम किए दाम दे। डरिए उससे जो बिना जीते इनाम दे। बुराइयों की तो आदत है, अच्छाइयों से डरिए। - राकेश मिश्रा

प्रेरक प्रसंग

अविचल निष्ठा

वृद्धावस्था तक लकवे की बीमारी के कारण श्री राजनारायण बसु राजगृहों में ही रहने लगे। अब उनका बाहर जाना बिल्कुल ही बंद हो गया। उनके परम-प्रिय शिष्य बाबू अश्विनीकुमार को इस बात का पता चला कि गुरुदेव बीमार हैं, तो वे तुरंत उनके दर्शनों के लिए चल पड़े। अश्विनी बाबू कमरे में प्रवेश करते हुए काफी गंभीर हो गए। दुःख भरे स्वर में उन्होंने गुरुदेव को प्रणाम किया और आशीर्वाद पाकर समीप ही चारपाई पर बैठ गए। थोड़ी ही देर में बातचीत का सिलसिला चल पड़ा। राजनारायण बसु ने अपने मार्मिक उपदेश शुरू किए। भगवद्?गीता तथा उपनिषदों के श्लोक, वर्ड्सवर्थ, शेली, बायरन तथा हाफिज आदि संत पुरुषों की सम्मतियाँ वे इस प्रकार देने लगे, मानो के पूर्ण स्वस्थ हों, उन्हें किसी प्रकार का कष्ट न हो। यह देखकर अश्विनीकुमार ने पूछा- भगवान् आपने तो ईश्वर की बड़ी उपासना की, फिर भी वह आपको कष्ट दे रहा है- मैं देख रहा हूँ कि आप इस पर भी उसी ईश्वर के गुण गाये जा रहे हैं।÷ राजनारायण बसु बोले- अश्विनी ! तू उन्हें दोष न दे। थोडे दिन यह शारीरिक कष्ट मिले भी तो उससे मेरा क्या बिगड़ जाएगा ? रोग-शैय्या पर पड़ा और भी निश्चित भाव से भजन कर सकूँगा, पर क्या तुम यह भूल रहे हो कि मैंने उन्हीं की कृपा से जीवन में कितने ही सुंदर दृश्य देखे और अनेक सुख उठाए हैं। गुरुदेव की यह अविचल निष्ठा देखकर अश्विनी बाब आगे कुछ न बोल सके।

QUIZ TIME

1) कौन सा द्वीप आइलैंड ऑफक्लोवस कहा जाता है?

2) पार्थियोन मंदिर किसके शासनकाल में बनाया गया था?

3) थर्मोपल्ली का युद्ध किनके मध्य हुआ था?

4) इंस्टिट्यूट ऑफक्रिश्चियन रिलिजन नामक पुस्तक का लेखक कौन था?

5) हाल ही में किस भारतीय को ग्रीन ऑस्कर व्हिटली गोल्ड अवार्ड 2024 प्राप्त हुआ?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जंजीबार (2) पेरिक्लीज (3) यूनान एवं ईरान (4) कॉल्विन (5) पूर्णिमा देवी बर्मन

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:12, सूर्यास्त : 06:43, चन्द्रोदय : 28:03, चन्द्रास्त :16:00, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : रेवती, योग : विष्कुम्भ, प्रथम करण : कौलव (07:11 तक), द्वितीय करण : तैतिल (17:42 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मीन, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:47 से 12:41, अमृत काल : 15:35 से 17:02, सर्वार्थसिद्धि योग : 05:30 से 19:57, विजय मुहूर्त : 14:28 से 15:22, गोधूलि मुहूर्त : 18:56 से 19:17, सायाह्न सन्ध्या : 18:57 से 20:00, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:34, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : उत्तर, यमगण्ड : 12:14 से 13:55, दुर्मुहूर्त : 17:10 से 18:03, होमाहुति : केतु, दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : नन्दी पर (17:41 से भोजन में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिये विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। सेहत में विकार रहने से दिन के आरम्भ से ही आपका स्वभाव उखड़ा हुआ सा रहेगा।

वृषः आज का दिन लाभदायक रहने वाला है लेकिन अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना भी आवश्यक है आज आप सुखोपभोग के लिए आवश्यक कार्यो की अनदेखी करेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपका व्यवहार अत्यंत मधुर रहेगा लेकिन आज आप जैसा व्यवहार करेंगे अंदर से उसके एकदम विपरीत रहेंगे।

कर्कः आज का दिन लगभग सामान्य ही रहेगा आध्यात्मिक कार्यो में रुचि रहने से मानसिक रूप से सुदृढ़ रहेंगे

सिंहः आज दिन के पहले भाग को छोड़ शेष समय उठापटक में बीतेगा।

कन्याः आज का दिन आपके लिये आर्थिक एवं व्यावसायिक रूप से शुभ फलदायी रहेगा। स्वभाव से लापरवाह रहेंगे लेकिन आज इसका भी नुकसान की जगह फायदा ही मिलेगा।

तुलाः आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से लगभग ठीक ही रहेगा प्रातः काल के समय आलस्य अवश्य रह सकता है।

वृश्चिकः आज के दिन आपका व्यवहार बीते कल की तुलना में विपरीत रहेगा अपने मतलब की बातों पर ही ध्यान देंगे।

धनुः आज के दिन आपके व्यवहार एवं परोस्थितियो में काफी बदलाव आएगा। आपके व्यक्तित्व में विकास होगा सार्वजिनक क्षेत्र पर आपकी छवि सुधरेगी ।

मकरः आज का दिन आपके लिये कम समय और परिश्रम में अधिक लाभ दिला सकता है।

कुंभः आज का दिन भी सामान्य से उत्तम रहेगा आज आपका मिलनसार व्यवहार अवश्य ही कुछ ना कुछ लाभ दिलाएगा।

मीनः आज के दिन आपको मनचाहा सुख मिलने से मानसिक संतोष होगा लेकिन इसके लिये इंतजार करना ही आज भारी पड़ेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -049

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 048 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म			स	मा	धि		झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बू		आ	य	क	र		
	र	की	व				प्र	था
ज			रू	प	क		ज	न
हा		पा		ना	म	ची	न	
ज	हां	प	ना	ह		ता	न	ना

मतदान कराने कर्मचारियों का दल बूथों के लिए रवाना, सुबह 7 बजे से मतदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। कल होने वाले लोकसभा निर्वाचन के लिए कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से मतदान सामग्री का वितरण सुबह 7 बजे से किया गया। बिलासपुर जिले में 1524 मतदान केंद्र है। इसके अलावा मुंगेली, जीपीएम, तखतपुर, बिल्हा, मस्तूरी, कोटा, लोरमी और बेलतरा में करीब 21 लाख लोग अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कांग्रेस बीजेपी और बसपा समेत 37 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने आज सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान दलों के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए दलों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने मतदान दलों से मिलकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने कहा है। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन, एसपी राजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी भी मौजूद थे। जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामग्री वितरण के लिए 76 काउंटर बनाए गए हैं। सामग्री वितरण के लिए 300 अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त किए गए है। प्रत्याशियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोला गया। तत्पश्चात विधानसभावार बनाए गए काउंटर से मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों ने अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त की और अपने दल के साथ निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। उनके साथ सेक्टर अधिकारी भी रवाना हुए। दल के साथ एक-एक सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगे। 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

संगवारी महिला ने ली लोकतंत्र की रक्षा और स्वच्छता की प्रतिज्ञा

जिले में 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। महिलाओं को लोकतंत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए संगवारी महिला मतदान केंद्र में इनकी ड्यूटी भी लगाई गई है। सभी निर्वाचनों में मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस बार भी जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान और स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के शेख गफ्फार आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में बनाए गए संगवारी महिला मतदान केंद्र क्रमांक-173 को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की थीम पर तैयार किया गया है।

न्यूज गैलरी

वेब कॉस्टिंग से 763 मतदान केंद्रों में चुनाव की हर गतिविधि पर नजर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों कोटा, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा एवं मस्तूरी के 763 मतदान केंद्रों में वेब कॉस्टिंग के जरिए निर्वाचन की हर गतिविधियों पर जिला प्रशासन द्वारा नजर रखी जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेब कॉस्टिंग की जानी है। जिला पंचायत सभाकक्ष में इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां से इन मतदान केंद्रों पर निगरानी रखी जाएगी। जिले में 763 मतदान केंद्रों में वेब कॉस्टिंग की जा रही है, जिनमें 12 सहायक मतदान केंद्र भी शामिल हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण और पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने आज कंट्रोल रूम का जायजा लेकर निगरानी के काम में लगे अधिकारी-कर्मचारी को जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत आरपी चौहान मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि कोटा विधानसभा क्षेत्र में 101, तखतपुर में 144, बिल्हा में 102, बिलासपुर में 124, बेलतरा में 125 एवं मस्तूरी में 167 मतदान केंद्रों में इस प्रकार कुल 763 मतदान केंद्रों में वेब कॉस्टिंग किया जाएगा। कलेक्टर ने कंट्रोल रूम में मौजूद अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि मतदान केंद्रों की निगरानी में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि किसी केंद्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था दिखती है तो आप तुरंत पीठासीन अधिकारी को बताएंगे। किसी की तबीयत बिगड़ने पर भी तत्काल इसकी सूचना दें। व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन हो रहा है कि नहीं इस पर ध्यान दें। इन मतदान केंद्रों में दो-दो कैमरे लगाए गए है। पहला कैमरा मतदान केंद्र के भीतर तथा दूसरा कैमरा बाहर स्थापित किया गया है। कैमरा मतदान प्रकोष्ठ (वोटिंग कम्पार्टमेंट) के विपरीत दीवार पर लगाया गया है। कैमरे को ऐसे प्रस्थापित किया गया है कि किसी भी स्थिति में ईव्हीएम प्रदर्शित नहीं होगा। दूसरे कैमरे को मतदान केंद्र के बाहर इस प्रकार लगाया गया है कि मतदाताओं की कतार स्पष्ट दिखाई दें।

रक्षक फिजिकल अकादमी ने मनाया चुनाव उत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वीप प्रोग्राम के तहत जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान एवं जन जागरूकत को बढ़ावा देने के लिए राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में संचालित रक्षक फिजिकल अकादमी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रंगोली चित्रकला भाषण वाद, विवाद एवं स्लोगन प्रतियोगिता शामिल थे जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं पुरस्कार जीते जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में।पिंकी साहू पेंटिंग प्रतियोगिता में अभिलाषा गर्ग वाद विवाद में अभिषेक भाषण में शैलेंद्र राजपूत ने।बाजी मारी !रक्षक फिजिकल अकादमी द्वारा इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है रक्षक फिजिकल अकैडमी के संचालक भूतपूर्व सैनिक किशन सिंह द्वारा देश की युवा पीढ़ी को सी अग्नि, वीर पुलिस भारती तथा अन्य क्षेत्रों में शामिल होने के लिए शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं जिसके तहत कई बच्चों का चयन विभिन्न पदों पर हुआ है। संचालक किशन सिंह सदैव देश को बेहतर दशा एवं दिशा के लिए कार्य करते हैं और आगे भी अनवरत करते रहेंगे।

52 किलो गांजे के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसपी रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं अवैध नशे पर लगातार कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं सी.एस.पी. (कोतवाली) पूजा कुमार के निर्देशन में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध गांजा बिक्री करने वालों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया गया। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि कश्यप बाड़ा देवरीडीह सतबहनिया मंदिर के पास सुशांत कुमार माली के मकान में किराए में रह रहे 2 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री हेतु रखे है कि सूचना पर थाना तोरवा स्टाफ एवं एसीसीयू स्टाफ टीम के साथ घेराबंदी कर आरोपीगण को पकड़ा गया, जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अमित कुमार सिंह पिता सत्येन्द्र कुमार उम्र 32 वर्ष निवासी गोपालगंज बिहार, सुब्रत मिहिर उर्फ सीबू पिता डिंगर मिहिर उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कंकिल थाना सेनतला उड़ीसा का रहने वाला बताया, जिसके कब्जे से कुल 52 किलो गांजा, 3 नग मोबाईल जुमला कीमती 10,40,000 रुपए जप्त किया गया है आरोपीगण के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया हैं। कार्यवाही में निरीक्षक राहुल तिवारी,उप निरी. कमल नारायण शर्मा, सउनि. भरत राठौर, आर उदय पाटले, यशपाल टंडन एवं एसीसीयू स्टाफ उपनिरीक्षक अजहरउद्दीन, प्रआर. बलबीर सिंह, आर तरूण केशरवानी, आर सरफराज का सराहनीय योगदान रहा।

फुटबाल में सीपत स्ट्राइकर्स ने कोरबा किंग्स को हराया

एनटीपीसी सीपत में अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतरा क्षेत्रीय (पश्चिम क्षेत्र-2) खेलकूद फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का दिनांक 5 मई, 2024 को डॉ. बी. आर अंबेडकर स्टेडियम, एनटीपीसी सीपत में शुभारंभ हुआ। पाँच दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पश्चिमी क्षेत्र-2 की पांच टीमें अपनी प्रतिभा एवं खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है।

समारोह की शुरुआत औपचारिक रूप से फीता काटने और छत्तीसगढ़ी गेड़ी नृत्य के साथ हुई, जो सम्मानित अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक ले गए। टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह विजय कृष्ण पाण्डेय, परियोजना प्रमुख सीपत एवं साधना पाण्डेय, अध्यक्षा, संगवारी महिला समिति, सरित माहेश्वरी, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा, और राखी माहेश्वरी, अध्यक्षा, मैत्री महिला समिति कोरबा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और टूर्नामेंट के शुभंकर वीरा (गौर) को भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सुरोजीत सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन) और अध्यक्ष (स्पोर्ट्स काउंसिल), विभागाध्यक्षगण, संगवारी महिला समिति के पदाधिकारीगण और यूनियन और एसोसिएशन के सदस्य और नगर परिसर के कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सीपत द्वारा चैंपियन कप के अनावरण और गुब्बारों को औपचारिक रूप से विमोचन कर आधिकारिक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैच में सीपत स्ट्राइकर्स ने कोरबा किंग्स के खिलाफ जीत हासिल की और गाडरवारा ग्लेडियेटर्स ने लारा लायंस को हराकर अपनी पहली जीत हासिल की।

लायंस क्लब ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। कंपनी गार्डन में लायंस क्लब बिलासपुर कुटुंब की ओर से गीत संगीत मनोरंजन का प्रोग्राम रखा गया जिसमें आम जनता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपील की गई। मई मतदान के इस महापर्व पर लायंस क्लब बिलासपुर कुटुंब की ओर से एक छोटी सी अपील की अपना धर्म निभाएंगे मतदान के अधिकार का उपयोग करेंगे इस प्रोग्राम में लायंस क्लब बिलासपुर कुटुंब की ओर से लायन अरविंद वर्मा, लायन संतोष पांडे, लायन पीके शर्मा, लायन अर्चना तिवारी, लायन विद्युत मंडल एवं अन्य लायन सदस्य शामिल रहे।

सीयू को पीएनबी देगा 50 लाख तक निःशुल्क दुर्घटना बीमा

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के उपकुलपति आलोक चक्रवाल व कुलसचिव प्रो. ए एस रणदिवे के नेतृत्व में नेक टीम द्वारा ए प्लस प्लस की सर्वोच्च ग्रेडिंग मिलने की खुशी में पंजाब नैशनल बैंक के नवनियुक्त मंडल प्रमुख जगदीश राय व ग्राहक अर्जन केंद्र के वरिष्ठ प्रबंधक ललित अग्रवाल उपकुलपति माननीय आलोक चक्रवाल व कुलसचिव प्रो. ए एस रणदिवे का सम्मान करने विश्वविद्यालय परिसर पहुँच उपकुलपति व कुलसचिव से भेंट कर अविस्मरणीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए पीएनबी प्रबंधन द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर के उनके प्रत्येक नियमित कर्मचारियों को रुपये पचास लाख तक के निःशुल्क दुर्घटना बीमा सहित अनेकों रियायतों का प्रस्ताव दिया गया। कुलपति ने पंजाब नैशनल बैंक के प्रस्ताव हेतु बैंक प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए इस पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

छत्तीसगढ़ अब प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प में: कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के अंतिम दिन विधानसभा बिल्हा क्षेत्र के पांचो मंडलों में चुनावी रैली निकलकर किया जनसम्पर्क।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के अंतिम दिन विधानसभा बिल्हा क्षेत्र के पांचो मंडलो मे चुनावी रैली निकलकर जनसम्पर्क किया। इस मौके विधानसभा बिल्हा के सिरगिट्टी मंडल, से प्रारम्भ करके बोदरी, मंडल बिल्हा मंडल, सरगाँव मंडल, पथरिया मंडल में समापन किया गया। इस मौके पर पहले और दूसरे चरण के रूझान से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में मतदान के तीसरे और अंतिम चरण में कार्यकर्ता और अधिक उत्साह के साथ भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनसमर्थन जुटाएंगे और दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, जांजगीर-चाँपा और कोरबा में भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखेंगे और छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। श्री कौशिक ने कहा कि कि 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी भाजपा के पक्ष में भारी मतदान हुआ है। मतदाताओं और कार्यकर्ताओं में ÷मोदी सरकार÷ को लेकर फिर एक बार केन्द्र में सत्ता में लाने के लिए अभूतपूर्व उत्साह देखा गया है और हमें विश्वास है कि भाजपा इन तीनों सीटों पर भारी बहुमत से विजयी होने जा रही है। केन्द्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जनता की सहूलियतों एवं उनके जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। मोदी सरकार की योजनाओं का विशेष रूप से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। यही कारण है कि हमारी माताओं बहनों ने श्री मोदी को फिर एक बार सत्ता सौंपने के लिए बढ़चढ़ कर मतदान में भाग लिया है।

कांग्रेसजनों ने मोतीलाल नेहरू की जयंती मनाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी, ने कहा कि पण्डित मोतीलाल नेहरू जी इंग्लैंड से बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1923 में स्वराज दल का गठन किया और उन्हें चुनाव में बढ़ती सफलता मिली पर कुछ वर्षों बाद स्वराज दल का कांग्रेस में विलय कर दिए, मोतीलाल नेहरू जी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे,1931 में उनका निधन हो गया। कार्यक्रम में संयोजक ज़फ़र अली,हरीश तिवारी,माधव ओतलवार ,त्रिभुवन कश्यप,विनोद शर्मा, राजेश शर्मा,वीरेंद्र सारथी, हेमन्त दूघस्कर,दीपक रायचेलवार, दिनेश सूर्यवँशी,सुभाष ठाकुर,प्रिया शर्मा,मनोज शर्मा,हेरि डेनिएल,सत्येंद्र तिवारी,तिलेश्वर शर्मा,वीनू लहरे,गौरव एरी, अशोक कुमार,दीपक ध्रुव, मोरेश्वर राव आदि उपस्थित थे।

यात्रियों को बताया अग्नि सुरक्षा के प्रति रहें सावधान

कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र का दिया प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार बिलासपुर मंडल से गुजरने वाली सभी गाड़ियों में 1 मई से 07 मई तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह चलाया जा रहा है 7 यात्री सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह सुरक्षित यात्रा वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों को ट्रेनों में यात्रा के दौरान अग्नि सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना तथा जागरूकता अभियान चलाकर आगजनी की घटनाओं के जोखिम को कम करना है।

इसी कड़ी में बिलासपुर मंडल द्वारा मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों तथा मण्डल से गुजरने वाली सभी ट्रेनों में विभागीय स्तर पर आग की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। गाड़ियों के पैंट्रीकारों व कोचों में अग्नि सुरक्षा की जांच की जा रही है। साथ ही गाड़ियों में धूम्रपान पर रोक, अग्निशमन यंत्रो की उपलब्धता तथा उसकी वैधता भी जाँची जा रही है । यात्रियों को ट्रेनों में यात्रा करते समय अग्नि सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा यात्रियों को यात्रा के दौरान ज्वलनशील सामानों के साथ यात्रा नहीं करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से भी रेल परिसरों में यात्रियों को प्रतिबंधित सामानों को ट्रेन में नहीं ले जाने आग्रह किया जा रहा है। इसके अलावा गाड़ियों व विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत फ्रंटलाइन रेलकर्मियों को अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने में दक्ष करने हेतु प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे कि वे कार्यालयों एवं गाड़ियों में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र का प्रयोग कर अग्नि दुर्घटना का बचाव प्रभावी रूप से कर सकें। इसी कड़ी में मंडल संरक्षा विभाग के नागरिक सुरक्षा निरीक्षक द्वारा विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में सभी प्रशिक्षुओं को अग्नि सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नागरिक सुरक्षा निरीक्षक के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को क्लास लेकर सुरक्षा मानकों और अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने की जानकारी दी गई, साथ ही सभी रेलकर्मियों को बारी-बारी से अग्निशमन यंत्रो के प्रयोग हेतु अभ्यास भी करवाया गया।

तीसरी लाइन का कार्य कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मण्डल के अंतर्गत कटनी-बीना सेक्शन के रेलवे स्टेशनों के बीच असलाना रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोडने का कार्य किया जाएगा इस कार्य के लिए नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 10 मई से 17 मई, तक किया जाएगा । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जानकारी इस प्रकार है- रद्द होने वाली गाड़ी- 9 से 19 मई तक बिलासपुर से चलने वाली 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 11 से 21 मई तक भोपाल से चलने वाली 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

अनारक्षित टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्रियों को टिकट के लिए लाइन लगने की परेशानी से निजाद दिलाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। इसी कड़ी में टिकट काउंटरों से अनारक्षित टिकट खरीदने वाले यात्रियों को चिल्हर की समस्या से निजाद दिलाने तथा डिजिटल भुगतान की सुविधा को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिलासपुर स्टेशन के टिकट काउंटर नं 07 पर टिकटों के भुगतान हेतु क्यूआर कोड की सुविधा प्रायोगिक रूप से उपलब्ध कराई गई थी। इस सुविधा का यात्रियों से बेहतर रिस्पांस मिलते ही इसका विस्तार बिलासपुर के सभी अनारक्षित टिकट काउंटरों में क्यूआर कोड की सुविधा डीडीआईएस में किया गया है। साथ ही शहडोल, अम्बिकापुर व अनूपपुर स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटरों पर भी डीडीआईएस में क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

कार्रवाई स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों का जुआ खेलते वीडियो वायरल

चुनाव ड्यूटी में तैनात आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी खेल रहे थे जुआ, सिर्फ दो निलंबित

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के कोनी स्ट्रांग रूम में चुनाव ड्यूटी में तैनात आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों ने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर जुआ खेल रहे थे और वीडियो में कैद हो गया। लेकिन पुलिस के उच्चाधिकारियों के द्वारा सिर्फ दो लोग के उपर ही कार्रवाई की गई है। कल 7 मई को होने वाले मतदान के लिए बिलासपुर जिले के कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। स्ट्रांग रूम के बाहर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में जुआ खेलने लगे। इनके साथ कुछ सरकारी कर्मचारी भी जुआ खेलने लगे जिसका वीडियो सामने आया है। कल मतदान से एक दिन पहले आज कोनी स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम से मतदान कर्मियों को चुनाव सामग्री वितरण होना था। इनमें पुलिसकर्मी भी ड्यूटी के लिए शामिल थे।

इस दौरान वे सरकारी कर्मियों के साथ मिलकर जुआ खेलने लगे जिसका वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। आज सुबह 7 बजे से कोनी स्थिति स्ट्रांग रूम में कर्मचारी और पुलिसकर्मी पहुंच गए थे। पर अधिकारी नहीं पहुंचे थे। इस दौरान टाइम पास के लिए पुलिसकर्मी जुए के दांव लगाने लगे और महफिल सजाकर वही फील्ड जमा लिया। अफसरों की नजर भी जुआरी पुलिसकर्मियों पर नहीं पड़ी। पर मोबाइल कैमरे में जुआ खेलते बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी कैद हो गए।

दो आरक्षक सस्पेंड

पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरक्षक अविनाश कुमार चंदेल एवं कमलेश सूर्यवंशी को निलंबित कर पुलिस लाईन में अटैच कर दिया है। आरक्षक अविनाश कुमार चंदेल (आर. क्र 140) की वर्तमान पदस्थापना सिविल लाईन थाना बिलासपुर एवं आरक्षक कमलेश सूर्यवंशी (आर क्रमांक 1098) की पदस्थापना थाना सरकण्डा में है। गौरतलब है कि दोनों आरक्षकों की ड्यूटी मतदान दलों के साथ सुरक्षा बलों की ड्यूटी लगाने के कार्य में लगाई गई थी। दोनों आरक्षक चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित किये गये वाहनों के चालकों के साथ जुआ खेलते पाये गये। एसपी ने सिविल लाईन थाना के नगर पुलिस अधीक्षक को आरक्षकों के कदाचरण की जांच कर 10 दिनों में प्रमाण सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

न्यूज गैलरी

नारायणपुर में पहली बार हुई नीट की परीक्षा

नारायणपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए के द्वारा 5 मई को नीट परीक्षा पूरे देश में आयोजित की गई। एन.टी.ए. के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला कलेक्टर बिपिन मांझी के सफल नेतृत्व में जिले में पहली बार 5 मई को नीट की परीक्षा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर में सम्पन्न कराई गई। एन.टी.ए. द्वारा जिले के सिटी कोआर्डिनेटर प्राचार्य शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर के श्री मनोज बागड़े को अधिकृत किया गया था। जिले में 193 परीक्षार्थियों में से 186 उपस्थित एवं 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षा दोपहर 02 बजे से सायं 05.20 बजे तक संचालित किया गया। परीक्षा के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री मांझी के निर्देशन में बैठक व्यवस्था, शुध्द पेयजल, विद्युत एवं इंटरनेट की व्यवस्था किया गया था।

कलेक्टर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव-2024 के परिपेक्ष्य में जिला प्रशासन रायपुर द्वारा एक दिवसीय अपना बूथ जानो अभियान चलाया गया। इसके तहत मतदाताओं ने अपने मतदान बूथ पहुंच कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह फॉरेस्ट कॉलोनी और बी.पी. पुजारी स्कूल मतदान केन्द्र पहुंचे और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही सभी विधानसभा के एआरओ भी अपने मतदान केन्द्र गए और आवश्यक जानकारी ली। इस बार मतदान केन्द्र में मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। जह जहां नींबू पानी और पीने के पानी की व्यवस्था की गई है वहीं मतदाताओं के बैठने के लिए बेंच लगाए गए हैं, वहीं नही यथासंभव प्रतिक्षा कक्ष भी बनाए गए हैं। इसके अलावा सेल्फी बूथ की व्यवस्था की गई है, ताकि वे मतदान करने के बाद सेल्फी ले सकें।

परिवार संग एक साथ वोट देने जाएं, ग्रुप फोटो लें पुरस्कार पाएं

रायपुर/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता के लिए परिवार संग एक साथ वोट देने जाएं, मिलकर ग्रुप फोटो या सेल्फी लें पुरस्कार पाएं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार रायपुर जिले के मतदाता, जो एक साथ सपरिवार मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करेंगे, वे मतदान के बाद, मतदान केंद्र पर बने सेल्फी प्वाइंट या मतदान केंद्र परिसर में सपरिवार अपनी ग्रुप फोटो या सेल्फी लेकर 7970003285, 9754681155, 7489771149 इन मोबाइल नंबरों पर व्हाट्स एप करें।

संगवारी मतदान कर्मियों को आब्जर्वर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ **बैकुंठपुर क्षेत्र के कुल 10 मतदान केंद्रों को बनाया गया है संगवारी बूथ**

कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया जिले में महिलाओं के नेतृत्व में संचालित होने वाले संगवारी मतदान दलों को पूरे उत्साह के साथ रवाना किया गया। मतदान दलों को लेकर जाने वाले वाहन को लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर श्री अरुण कुमार मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संगवारी मतदान केंद्रों में नियोजित अधिकारी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए प्रेक्षक पगारे तथा कलेक्टर कोरिया लंगेह ने कहा कि आप सब पूरी निष्पक्षता के साथ निर्भीक होकर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएं। पूरा जिला प्रशासन आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। विदित हो कि लोकसभा निर्वाचन में आयोग के निर्देशानुसार कोरिया जिले में दस संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन 10 मतदान केंद्र क्रमांक 02, 03, 06, 07, 08, 09,एव 11 तथा छछ्छा केंद्र क्रमांक 32 तथा ग्राम पंचायत चेर व जनकपुर को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। यहा पीठासीन अधिकारी के साथ अन्य समस्त मतदान कर्मी महिला अधिकारी मतदान केंद्र का संचालन करेंगी।

कलेक्टर एवं सीईओ ने मतदान दलों को मुंह मीठा कराकर किए रवाना

कोरिया /नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा निर्वाचन के तहत बैकुंठपुर विधानसभा एवं सोनहत के मतदान केंद्रों के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, एसडीएम राकेश साहू व जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मतदान दलों के वाहनों को आज शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक स्कूल, बैकुंठपुर से सुबह करीब 9.10 बजे विधिवत पूजा कर, श्रीफल फोड़कर, मतदान कर्मियों को मुंह मीठा कराकर रवाना किया गया। बैकुंठपुर विकासखण्ड में 228 एवं सोनहत में 78 मतदान केंद्र बनाए गए है। कल मंगलवार 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक इन मतदान केंद्रों में मतदान कराया जाएगा।

कलेक्टर व सीईओ सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने मतदान दलों व सुरक्षा कर्मियों को जिम्मेदारी पूर्वक निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण मतदान कराने कहा और यात्रा मंगलमय की शुभकामनाएं दिए।

निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर से 123 ग्रामीण लाभान्वित

किरंदुल/नवप्रदेश। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी किरंदुल द्वारा हिरोली उपकेंद्र के समलवार ग्राम पंचायत में निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की निः शुल्क पैथोलॉजिकल जांच और प्राथमिक उपचार करने के साथ ही मुफ्त दवाईयों का वितरण भी किया गया। इस निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर से लगभग 123 ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। इस स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम के दौरान एएम/एनएस इंडिया कम्पनी किरंदुल की टीम के साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य कर्मचारी एवं समलवार ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की उपस्थिति रही।एएम/एनएस इंडिया कम्पनी लगातार स्थानीय आदिवासी क्षेत्रों में लोगों को जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, जिससे आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग और असहाय लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अधिक आसान और सुलभ हो सके। एएम/एनएस इंडिया के इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता के प्रसार को बढ़ावा देने के साथ ही एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है। फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक समानता को बढ़ावा मिले साथ ही लोगों के जीवनस्तर में सुधार हो सके।

मुठभेड़ में मिली सफलता पर अफसरों ने जवानों का बढ़ाया हौसला

■ **बदल रहा बस्तर, नक्सली खौफ हो रहा कम**

कांकेर/नवप्रदेश। एक समय था जब पूरे बस्तर में नक्सलियों का राज हुआ करता था। हर तरफ बस बारूद की गूंज के बीच अब नक्सलियों की चीख पुकार मच रही है।

क्योंकि ज़िला पुलिस बल और बीएसएफ के जवान लगातार नक्सलियों पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। 16 अप्रैल को थाना छोटेबेठिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कलपर और हापाटोला के बीच हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में 29 हार्डकोर वर्दीधारी माओवादियों का शव व एके 47 इंसास, एसएलआर कारबाईन 303 रायफल व अन्य हथियार प्राप्त करने में सफलता मिली थी। ये अब तक छत्तीसगढ़का सबसे बड़ा सफल पुलिस माओवादी मुठभेड़ रही है। 4 मई को थाना पखांजूर आकर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन/एस.आईबी विवेकानंद विवेक सिन्हा (भा.पु.से.), पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दर राज पी .पुलिस महानिरीक्षक एसआईबी. आर.एन.दास पुलिस महानिरीक्षक नक्सल ऑपरेशन बीएस ध्रुव.उप पुलिस महानिरीक्षक कांकेर रेंज के एल ध्रुव ने 16 अप्रैल को हुए पुलिस माओवादी मुठभेड़ पर जवानों को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। मुठभेड़ के दौरान जवानों को हो रही परेशानियों का समाधान के लिए रूप रेखा तैयार की गई। साथ ही ऑपरेशन में हो रही खामियों व चुनौतियों का आंकलन कर समीक्षा की गई। भविष्य में होने वाले नक्सल विरोधी अभियानों में पूर्ण सफलता के लिए योजना तैयार करने से लेकर उनके क्रियान्वयन के लिए उचित दिशानिर्देश दिया गया एवं नक्सल अभियान में अच्छा कार्य करने वाले जवानों को कम पूर्व पदोन्नति, उचित ईनाम प्रदाय करने आश्वस्त किया गया।

वीडियो कॉल से मरीजों को मिल रही है चिकित्सकीय परामर्श

■ **ई-संजीवनी कंसल्टेन्सी बना मरीजों का हमदर्द**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के जिला अस्पताल में विगत दो महीनों से प्रारंभ हुई टेलीमेडिसिन की नवीन पहल। जिसे''ई-संजीवनी साथी'' कहा जा सकता है। वास्तव में दूर दराज के मरीजों के लिए एक हमदर्द साबित हो रहा है। केवल एक वीडियो कॉल के माध्यम से चिकित्सकों द्वारा मरीजों से सीधे रूबरू होकर उनके शारीरिक व्याधियों के लक्षणों को सुना जाता है और बीमारियों का सूत्र पकड़ते हुए उचित औषधियों के सेवन का परामर्श, परहेज अथवा सीधे अस्पताल आने की सलाह दी जाती है। इस चिकित्सकीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का सबसे बड़ा लाभ उन मरीजों एवं उनके परिजनों को हो रहा है जो दूर दराज के क्षेत्रों में निवास करते है और तुरन्त जिला अस्पताल नहीं पहुंच सकते। टेलीमेडिसिन के जरिये जिला अस्पताल के चिकित्सक प्रतिदिन दो घंटे के लिए मरीजों हेतु उपलब्ध रहते है जहां उन्हें 40 से अधिक ग्रामीण प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से वीडियो कॉल मिलती है और वे लोगों को सीधे चिकित्सकीय परामर्श देते है। और मरीजों को रोगों की गम्भीरता का पता चलने के साथ-साथ और उन्हें समय पर उचित इलाज कराने का विकल्प मिल जाता है। इस सुविधा के प्रारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को सीधे अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ती है और वे समय रहते उपचार प्रारंभ करा सकते हैं। इसके साथ ही उन्हें अस्पताल आने जाने के खर्चे, दूरी, समय की बचत, जैसी सुविधाएं होने के साथ-साथ अस्पताल में भीड़ से हो रही असुविधा का भी सामना नहीं करना पड़ रहा है।

सेजेस गोकुलपुर स्कूल में नहीं है आर्ट और कामर्स

■ **तनाव में हैं छात्र और पालक**

धमतरी/नवप्रदेश। गोकुलपुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल में पालक छात्र सम्मेलन का आयोजन कर पालकों व विद्यार्थियों को समझाइश दी गई। लेकिन आयोजकों को कौन समझाए कि इस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी और पालक परीक्षा से पहले ही भारी तनाव और चिंता में हैं। इसका कारण स्कूल में कला और कॉमर्स संकाय ही नहीं है। ऐसे में 10 वीं पास करने के बाद इन विषयों पर आगे की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्र कहां जाएंगे । स्कूल शिक्षा विभाग से भी इस संबंध में कोई ठोस दिशा निर्देश नहीं है। स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्ययनरत छात्रों के पालकों ने बताया कि 10 वीं की परीक्षा करीब आ रही थी तभी स्कूल के कुछ शिक्षक छात्रों से ही सवाल करने लगे थे कि 10 वीं पास करने के बाद साइंस लेकर ही इस स्कूल में आगे की पढ़ाई हो सकती है । ऐसे में जो आर्ट या कॉमर्स लेना चाहते हैं वे क्या करेंगे। क्योंकि ये दोनो विषय यहाँ नहीं है। शिक्षकों के इस निराशापूर्ण सवाल के बाद से ही विद्यार्थी और पालक तनाव और चिंता में हैं। आर्ट और कामर्स विषय लेकर पढ़ाई करने के इच्छुक छात्र आखिर कहाँ जाएंगे। विभागीय सूत्रों का कहना है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में आर्ट विषय है ही नहीं । गोकुलपुर स्कूल में जगह के अभाव के चलते कामर्स शुरु नहीं किया जा रहा है। जो विद्यार्थी कामर्स की पढ़ाई करना चाहते हैं उनके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल बठेना में व्यवस्था की जा सकती है। कुछ पालकों का कहना था कि उन्हें ऐसी जानकारी मिली है कि सभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों को बदलकर पी एम श्री स्कूल में तब्दील किया जा रहा है । स्कूलों की सभी कमियों को दूर करने की बात भी कही जा रही है।

योग, ध्यान, डांस, म्यूजिक, मार्शल आर्ट और इंग्लिश का प्रशिक्षण

■ **पैराडाइज स्कूल में प्रारंभ हुआ समर कैंप**

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकंडरी स्कूल इमलीपारा कांकेर में बच्चों के कलात्मक एवं रचनात्मक विकास के लिये समर कैंप का आयोजन 6 मई से किया गया है। इसमें प्रथम दिन में 40 बच्चों ने भाग लिया।

समर कैंप के प्रथम दिवस का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ, योग एवं ध्यान से प्रारंभ हुआ संगीत शिक्षक मृणाल पाण्डे, रमेन्द्र साहू एवं मयंक हड़प के द्वारा बच्चों के साथ प्रार्थना गीत गाकर वातावरण को अच्छा बनाया। इसके पश्चात प्रीति झा द्वारा सभी बच्चों के लिये स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें बच्चों ने अंग्रेजी में बातचीत की कौशल विकसित किया। बच्चों ने अलग अलग ग्रुप में होकर गीता नेरटी के डांस प्रशिक्षण तथा मृणाल पाण्डे द्वारा संगीत एवं गायन रमेन्द्र साहू द्वारा हरमोनियम एवं मयंक हड़प द्वारा तबला का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अलावा बच्चों को बेसिक कम्प्यूटर एवं कोडिंग के बारे में बताया गया तथा कर्सिव राइटिंग के लिये प्रेरित किया गया।

6 मई से 1 जून तक सुबह 7 बजे से 10 बजे तक चलने वाले इस समर कैंप में सुप्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा डांस ए म्यूजिक ए मार्शल आर्ट ए स्पोकन इंग्लिश, कोडिंग एवं रोबोटिक आदि कलाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। नये प्रतिभागी 9 मई तक अपना नाम रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

समर कैंप के आयोजन में प्राचार्य रश्मि रजक, मैनजर योगेश रजक उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान वरिष्ठ शिक्षक शिखा मेहरा अनिल ढाके यमुना बेलोधिया प्रतीक सिंह ठाकुर रविशंकर पटेल आदित्य रजक आदि शिक्षकों का अथक परिश्रम एवं महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए हर काम...

इंटरनेट मीडिया पर प्रचार-प्रसार के लिए किसी तरह की पोस्ट, वीडियो या संदेश अपलोड किया या उसे फारवर्ड किया, तो उसका पता जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानिटरिंग कमेटी लगा लेगी। इसके लिए साइबर सेल की मदद ली जाएगी। इस बार भी मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक रहेगा।

इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में भाजपा के बड़े चेहरों में एटा से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह, मैनपुरी से पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह, बरेली से पूर्व राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार, हाथरस से राजस्व राज्य मंत्री अनूप वाल्मीकि और आगरा से केंद्रीय राज्य मंत्री और मौजूदा सांसद एसपी सिंह बघेल शामिल हैं। मैनपुरी से डपल यादव, बदायूं से शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव और फिरोजाबाद से प्रोफेसर राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में देखें तो मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रायपुर, पूर्व सीएम भूपेश बघेल राजनांदगांव, विजय बघेल दुर्ग से रण में हैं।

छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर 1.39 करोड़ ...

470 मतदाता नए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि कल राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। गर्मी को देखते हुए इस बार मतदान केंद्रों में वेटिंग हाल की अतिरिक्त व्यवस्था व्यवस्था की गई है। कूलर की भी व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्रों में पंडाल लगाए जायेंगे। पेयजल, नींबू पानी और ओआरएस घोल की व्यवस्था की जाएगी। वहीं मेडिकल कीट के साथ मितानिनें भी मौजूद रहेंगी।

राधिका खेड़ा बोलीं- राहुल की ...

बैज और सुशील शुक्ला ने दी सफाई और चुनौती

वहीं दूसरी ओर रायपुर में आरोपों पर सफाई देते हुए सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि, हर कोई जानता है कि मैंने शराब का सेवन नहीं किया। मैं मानहानि का नोटिस भेजूंगा। इधर छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि आरोप तो कोई भी लगा सकता है। मैसेज दिल्ली भेजा गया है, ड्राफ्ट आगे फैसला करेंगी।

राधिका ने कहा, 'मैं एक हिंदू हूं, मैं एक सनातन धर्म की अनुयायी हूं, इसलिए मुझे न्याय नहीं मिला। क्या आपकी (कांग्रेस) लड़ाई रामलला से है या आपकी लड़ाई किसी राजनीतिक दल से है? इस पार्टी को फैसला करना होगा। मैंने 6 दिनों तक इंतजार किया और न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इसलिए 22 साल बाद मैंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।'

राधिका खेड़ा के खिलाफ सुशील आनंद शुक्ला मानहानि का नोटिस देंगे। 6 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि, इसे लेकर अपने अधिवक्ता से बात की है। मैं मानहानि का नोटिस आज शाम या कल सुबह भेजूंगा। मैं इस मामले को ऐसे ही नहीं छोड़ूंगा। दुशील शब्द से मेरी भावनाएं आहत हुई है मैं इस पर पूरी लड़ाई लडूंगा। सुशील आनंद शुक्ला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि, राधिका खेड़ा ने कई आरोप लगाए हैं और मेरे चरित्र की हत्या करने की कोशिश की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मैंने उन्हें शराब की पेशकश की और उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया, शुक्ला ने दावा किया कि मैं छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय हूं और हर कोई जानता है कि मैंने शराब का सेवन नहीं किया। शुक्ला ने खेड़ा के पार्टी कार्यालय में दुर्व्यवहार के आरोप और मीडिया सेल के चैंबर में बंद करने के आरोप को भी खंडन किया। उन्होंने कहा कि, पवन खेड़ा के दौरे की तैयारी में राधिका छत्तीसगढ़ के मीडिया सेल से आगे निकल गईं। जब ओवरपास को लेकर आपत्ति जताई गई तो वह उपद्रव मचाने लगीं।

...जो कांग्रेस नेता अयोध्या राम ...

पीएम ने कहा कि आंध्र प्रदेश के लोगों को कांग्रेस और वाईएसआर कांग्रेस को नकारात्मकता से दूर रहना चाहिए।

आंध्र प्रदेश ऊर्जा और प्रतिभा से समृद्ध मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के लोगों को भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करना चाहिए। आज भारत 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के शानदार रास्ते पर चलते हुए तेजी से विकास कर रहा है। आपका एक वोट मुसीबतों को अवसर में बदल सकता है। आज पूरा विश्व भारत को लेकर आशावादी है। पीएम ने कहा कि आंध्र प्रदेश ऊर्जा और प्रतिभा से समृद्ध है। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आंध्र प्रदेश की ताकत का लोहा पूरी दुनिया मानती है। आज, जब भारत बड़ी प्रगति कर रहा है, तो आंध्र प्रदेश को भी ऐसा ही करना चाहिए लेकिन वर्तमान राज्य सरकार के तहत आंध्र प्रदेश का विकास असंभव है।

रायबरेली के सीनियर आब्जर्वर ...

से सांसद रहे हैं। भाजपा ने यहां से योगी सरकार के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है।

जग्गी हत्याकांड : राजू भदौरिया...

CSP कोतवाली अमरीक सिंह गिल, सूर्यकांत तिवारी और याह्या ढेबर को तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया था।

21 साल पहले गोली मारकर हुई थी हत्या 4 जून 2003 को एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 अभियुक्त बनाए गए थे, जिनमें से 2 लोग बल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे। बाकी 28 लोगों को सजा मिली थी। हालांकि बाद में अमित जोगी बरी हो गए थे। रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने अमित जोगी को बरी करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की, जिस पर अमित के पक्ष में स्टे है।

कौन थे रामावतार जग्गी

कारोबारी बैकग्राउंड वाले रामावतार जग्गी देश के बड़े नेताओं में शुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के बेहद करीबी थे। शुक्ल जब कांग्रेस छोड़कर एनसीपी में शामिल हुए तो जग्गी भी उनके साथ-साथ गए। विद्याचरण ने जग्गी को छत्तीसगढ़ में एनसीपी का कोषाध्यक्ष बना दिया था।

ये हैं दोषी

जग्गी हत्याकांड में दोषी अभय गोयल, याहया ढेबर, वीके पांडे, फिरोज सिद्दीकी, राकेश चंद्र त्रिवेदी, अवनीश सिंह लल्लन, सूर्यकांत तिवारी, अमरीक सिंह गिल, चिमन सिंह, सुनील गुप्ता, राजू भदौरिया, अनिल पचौरी, रविंद्र सिंह, रवि सिंह, लल्ला भदौरिया, धर्मेंद्र, सत्येंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह परिहार, विनोद सिंह राठौर, संजय सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार शर्मा, (मृत) विक्रम शर्मा, जबवंत, विश्वनाथ राजभर दोषी है।

नोटों का भंडार देखकर ...

और अधिकारियों को संदेह है कि यह पैसा ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए लिया गया था।

आलमगीर आलम ने कहा

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घर में नोटों की गड्डियां दिखाई दे रही हैं। अब इस मामले में मंत्री आलमगीर की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। संजीव लाल हमारे पीए हैं। इससे पहले भी वह दो मंत्रियों के पीए रह चुके हैं। हम अनुभव के आधार पर सचिवों को नियुक्त करते हैं। मैंने टीवी पर ही कार्रवाई देखी। आलमगीर आलम ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ईडी अपना काम कर रही है, जब तक निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती, तब तक कुछ नहीं कहा जाना चाहिए।

कुछ दिन पहले कांग्रेस सांसद के घर से 300 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी पंकज मिश्रा के घर से 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। अब मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के घर से 23-30 करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद हुई है। उन्होंने कहा कि आलम को तुरंत हिरासत में लिया जाना चाहिए और ईडी को उसकी गहन जांच करनी चाहिए और पता लगाना चाहिए कि इस पैसे से उसका क्या संबंध है।

सीआईएससीई के परिणाम ...

होमपेज पर आईसीएसई या आईएससी बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024 के लिंक (जल्द एक्टिव होगा) पर क्लिक करें। अब यूनिक आईडी, इंडेक्स नंबर और कैप्चा कोड दर्ज करें। आपका रिजल्ट स्क्रीन पर खुल जाएगा। आगे के लिए ऑनलाइन मार्कशीट डाउनलोड करें और प्रिंटआउट लेकर अपने पास रख लें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

अधिकारी को दी धमकी

दुर्ग। अवैध आहता पर कार्रवाई करने पहुंचे अधिकारी और और उनकी टीम को जान से मारने की धमकी मिली है। मोहन नगर थाना पुलिस ने आहता संचालक, उसकी पत्नी और बेटे के खिलाफ धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार उरला दारू भट्ठी के पास संचालित एक अवैध अहाता पर कार्रवाई करने सहायक जिला आबकारी अधिकारी निर्मला ठाकुर अपने स्टाफ आबकारी आरक्षक अशोक वर्मा, आबकारी आरक्षक संदीप तिर्की, कम्प्युटर आपरेटर नितिन देशमुख, डिगेन्द्र साहू ड्राईवर, नोहर साहू के साथ पहुंची थीं। इस दौरान अहाता संचालक व परिवार वालों से विवाद हो गया। आरोपियो ने कहा कि वे अपने खेत में अहाता चला रहे हैं। यदि किसी ने उस पर रोक लगाने की कोशिश की तो वे कार्रवाई करने वालों पर पेट्रोल डालकर जिंदा जला देंगे।

निगम ने बांटे विनती पाम्पलेट

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देश पर लोकसभा निवार्चन निगम द्वारा सीमाक्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए घर- घर व दुकानों में विनती-गेलोली पाम्पलेट एवं जागरूक करने प्रत्येक बूथ में स्वीप रथ पाम्पलेट बांटे गए। मतदाताओं को घर-घर एवं शहर क्षेत्र के दुकानों में पाम्पलेट वितरण कर शत- प्रतिशत मतदान हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कर अपील किया जा रहा है। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में स्वच्छता दीदीयों एवं सुपर वाईजरों द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत जोन वार समस्त वार्ड के गली मोहल्ले के घरों व दुकानों में मतदाताओं को विनती-गेलोली पाम्पलेट वितरण किया जा रहा है।

योग साधकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन व स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग रायपुर द्वारा सुख शांति समाधान योग संस्था के नियमित योगाभ्यास केंद्र सेक्टर 29,नया रायपुर में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत विशेष योगाभ्यास व योग जुम्बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित योग साधकों को मतदान केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रदान करते हुए मुख्य योग प्रशिक्षक श्रीमती मीरा शर्मा जी ने उपस्थित योग साधकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई।

लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने जवान रहे अलर्ट : प्रेक्षक लथकर

- **कानून व्यवस्था दुरूस्त रखने आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें : कलेक्टर**
- **प्रेक्षकगणों, कलेक्टर एवं एसपी की उपस्थिति में कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए मतदान दिवस 7 मई के 72 घंटे पूर्व कानून व्यवस्था के संबंध में प्रेक्षकगणों श्रीकेश लथकर, पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा एवं व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनशेट्टी की अध्यक्षता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में प्रेक्षक लथकर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार निर्वाचन की गतिविधि जिले में सुचारू रूप से शांतिपूर्वक संचालित हो सके इस दिशा में हर स्थिति में कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए गंभीर प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस बार लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके इसके लिए सुरक्षा में लगे जवानों को अलर्ट रहना है। उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र बलों के अधिकारियों को कहा कि मतदान दिवस को पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों के साथ ट्यूनिंग बनाकर

फील्ड पर गश्त करें। शांतिपूर्ण मतदान में आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पत्तनशेट्टी ने कहा कि सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले कार्य अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं के जप्ती की कार्रवाई चेक पोस्ट में होते रहनी चाहिए। पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन संबंधी की जा रही तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय सशस्त्र बल प्रत्येक बूथ में उपस्थित रहेंगे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। मतदान से 72 घंटे पूर्व सभी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनी रहे, किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए एआरओ, पुलिस, सेक्टर अधिकारी और केंद्रीय सशस्त्र बलों का आपस में समन्वय हो। जिन स्थानों पर जिनकी ड्युटी लगी हो वे जिम्मेदारी के साथ वहां दिखाई दें और फील्ड पर भी वर्दी में जवान गश्त करते नजर आयें। उन्होंने मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों में सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था संबंधी बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में निर्वाचन संबंधी की जा रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था तथा फ्लैग मार्च, जांच आदि की जानकारी दी। लोकसभा में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तथा पारदर्शिता से मतदान कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस तथा केन्द्रीय बलों को सेक्टर अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने और निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने कहा।

लापता सांसद को सबक सिखाने का समय आ गया है: भूपेश बघेल

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लोकसभा चुनाव अभियान की कमान छग पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने संभाल ली है। उनके नेतृत्व में गुंडरदेही के विधायक पूर्व संसदीय सचिव कुँवर सिंह निषाद, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, छुरिया विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक छन्नी साहू, दुर्ग जिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल कोसरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशव बंटी हरमुख, जनपद पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले उतई नगर पंचायत, ग्राम पंचायत चंदखुरी, निकुम, नगपुरा, रूआंबांधा बस्ती, वैशाली नगर विधानसभा, भिलाई विधानसभा और दुर्ग शहर में सभा लेकर कांग्रेस उम्मीदवार राजेंद्र साहू को विजयी बनाने की अपील की। प्रचार अभियान तेज करते हुए कांग्रेस नेताओं ने राजेन्द्र साहू के पक्ष में एकतरफा माहौल बना दिया। चुनावी सभा में उमड़े जनसैलाब को देखकर ऐसा लग रहा है कि

मतदाता पूरी तरह परिवर्तन का मन बना चुके हैं। आज विभिन्न स्थानों पर हुई सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने एक आम जमीनी कार्यकर्ता को चुनाव मैदान में उतारा है। दो चरणों का चुनाव सम्पन्न हो चुका है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी पिछड़ गई है। इंडिया गठबंधन को काफी ज्यादा सीट मिल रही है, जिससे भाजपा के नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और ऊलूल जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं। उनका मानसिक संतुलन इतना बिगड़ गया है कि वे निम्न स्तर का बयान दे रहे हैं। भूपेश ने कहा कि भाजपा कह रही हैं कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो कांग्रेसी महिलाओं का मंगलसूत्र छीन लेंगे। उन्हें शायद यह नही पता कि मंगलसूत्र महिलाओं के सदा सुहागन की निशानी है। इस तरह की घटिया किस्म की बयानबाजी करते हुए उन्हें शर्म आनी चाहिए। पिछले दस साल से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, विदेशों से काला धन लाने, जनधन योजना के तहत प्रत्येक व्यक्ति के खाते में पंद्रह लाख रुपये डालने की बातें कही गई थी। किसी के खाते में पंद्रह रुपये भी नहीं आया। कोरोना के बाद जो वेक्सीन लगाया गया, वो खतरनाक साबित हो रहा है, जिससे लोगों के रक्त का थक्का जमने, हार्टअटैक जैसी शिकायतें हो सकती है। बघेल ने कहा कि विजय बघेल ने चुनाव जीतने के बाद कंही भी अपना चेहरा नही दिखाया। किसी के सुख दुख में शामिल नहीं हुए। ऐसे निष्क्रिय और लापता सांसद को सबक सिखाने का समय आ गया है। भाजपा ने कश्मीर से धारा 370 हटाया लेकिन कश्मीर की किसी भी सीट पर उम्मीदवार नहीं उतारा। एक ही नारा अलाप रहे हैं अबकी बार चार सौ पार। ताकि, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को बदल दिया जाए। देश में उनकी तानाशाह सरकार बनी रहे और आम आदमी को आरक्षण के अधिकार, न्याय के अधिकार, शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जा सके। हमारी पार्टी अगर चार सौ पार करेगी तो हम बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को बरकरार रखते हुए देश में शांति और सौहार्द्र का माहौल बनाकर रखेंगे। हमने 2018 में जिन योजनाओं को घोषणापत्र में रखा था, उसे पूरा किया। सरकार बनने के दो घण्टे के भीतर दस हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया।

विजय बघेल ने देर रात तक पूरे विधानसभा में किया जनसंपर्क

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान 7 मई को होना है। ऐसे में भाजपा-कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में वृहद जनसंपर्क किया। इस दौरान उनका जुलूस पूरे विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख सड़कों से होकर गुजरा। श्री बघेल बैकुंठ धाम मंदिर पहुंचे। यहां भाजपा नेता राजेंद्र अरोरा, जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, पूर्व अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया और नेता प्रतिपक्ष भेजराज सिन्हा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होने सबसे पहले बैकुंठधाम मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा की। इसके बाद अपना जनसंपर्क अभियान शुरू किया। भाजयुमो अध्यक्ष अमित मिश्रा, विनय सेन के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने दोपहिया वाहन से रैली निकाली। इस दौरान उनके सहयोगी महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, अरविंद जैन, शंकर लाल देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, प्रवीण पांडेय और नागेंद्र मिश्रा खुली जीप में सवार रहे। बैकुंठधाम से निकलकर विजय बघेल की रैली राष्ट्रीय विद्यालय और साहू लकड़ी टाल के पास पहुंची। इसके बाद गणेश चौक, संतोषी पारा, मिलन चौक होते हुए वाहन रैली शीतला मंदिर चौक पहुंची। यहां निषाद सेवा समिति की ओर से भाजपा नेता राजेश चौधरी और सोहन देवांगन ने रैली का स्वागत किया। जनसंपर्क रैली अलग-अलग क्षेत्रों से होती हुए जुनवानी चौक तक पहुंची। वहीं भाजपा द्वारा चिकित्सा सम्मेलन एवं मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम स्पर्श मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल सभागार में संपन्न हुआ। जिसमे भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव व लोकसभा सहप्रभारी राजीव अग्रवाल ने डॉक्टर दीपक वर्मा, डॉ अंकुर परगनिया, डॉ अखिल, सत्यम पटेल, राकेश निमजे, अरविंद दुबे, लोचन साहू, छोटेलाल, मनोज सिंह, रीना प्रसाद व अन्य 300 से अधिक लोगों को भाजपा में प्रवेश करवाया।

मैत्रीबाग में नौका विहार शुरु

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित मैत्री बाग में जनसाधारण के मनोरंजन के लिए नौका विहार की सुविधा को पुनः प्रारंभ किया गया। नौका विहार का उद्घाटन नगर सेवाएं विभाग के महाप्रबंधक विष्णु के पाठक ने किया। मैत्री बाग के आकर्षण का केन्द्र रहे नौका विहार में पैडल बोट एवं चप्पू बोट शामिल हैं। विशेषकर बच्चों के नौका विहार हेतु छोटे बोट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। प्रतिदिन आस पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में पर्यटक मैत्री बाग में पर्यटन एवं मनोरंजन करने हेतु आते है। यहां चिड़ियांघर के मुख्य आकर्षण में सफेद बाघ, विभिन्न प्रजाति के जंगली जानवर, झील, टॉय ट्रेन इत्यादि शामिल है। अब नौका विहार का आनंद भी आमजन तथा पर्यटक उठा सकेंगे। नौका विहार हेतु तालाब एवं इसके आस-पास के क्षेत्र की साफ-सफाई तथा सौंदर्यीकरण कराया गया है। मैत्रीबाग में प्रतिवर्ष ठंड में आयोजित होने वाली भव्य पुष्प प्रदर्षनी में भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होते हैं। सफेद बाघों की वजह से भारत के शीर्ष चिड़ियाघरों में से एक है। प्रबंधन ने सेंट्रल जू अथॉरिटी के नियमानुसार अब तक देश के 5 से अधिक चिडियाघरों में सफेद बाघों का आदान-प्रदान किया है।

अधिवक्ता संघ ने चक्काजाम कर किया प्रदर्शन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक महिला द्वारा चप्पल से वकील को मारने का मामला सामने आया है। इसके विरोध में अधिवक्ताओं ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। दुर्ग जिला न्यायालय के अधिवक्ता संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में वकीलों ने दुर्ग में चक्काजाम कर दिया। उनकी मांग थी कि पक्षकार आए दिन वकीलों पर हमला कर रहे हैं। पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। उन्होंने जल्द एफआईआर दर्ज ना करने पर नाराजगी जताई। पुलिस प्रशासन के खिलाफ सड़क पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। दुर्ग जिला न्यायालय के सामने पटेल

चौक के पास शनिवार शाम को बड़ी संख्या में वकील ने एकजुट होकर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस बल वहां पहुंचा, लेकिन वकीलों ने उनकी एक ना सुनी।

वकीलों ने वहां पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद आनन फानन में मौके पर एएसपी अभिषेक झा पहुंचे। उन्होंने अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष से चर्चा की और उसके बाद एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। वही दुर्ग अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन ने कहा कि एक महिला पक्षकार ने वकील को चप्पल से मारा। हमने मामले को शांत करने की कोशिश की, लेकिन महिला उल्टा वकील पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने पहुंच गई। वहां महिला ने उल्टा आरोप लगाया कि वकील ने पहले उसके ऊपर हमला किया। उसने जबरदस्ती उसके मामले में समझौता करने का दबाव बनाया है।

अधिवक्ता संघ ने महिला का मामला होने के चलते यह भी कहा कि दोनों पक्षों में बात करके मामले को निपटा सकते हैं, लेकिन महिला मानने को तैयार नहीं थी। उसने पहले वकील को मारा फिर उल्टा एफआईआर दर्ज कराने पहुंच गई।

कर्मी पुरस्कार से सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। संयंत्र में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार समारोह में विद्युत जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) टीके कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। भिलाई इस्पात संयंत्र के ऐसे कार्मिक, जो अपने कार्यक्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों से ही सुरक्षा के सम्पूर्ण मापदंडों का पालन करते हुए कंपनी के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए अपने कार्य में नवीनता का प्रदर्शन करते है, उन्हें प्रबंधन द्वारा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम में जनवरी से मार्च 2024 तिमाही में उत्तम कार्य प्रदर्शन हेतु उप प्रबंधक (टेलीकॉम) हरविंदर सिंह कैम्बो को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में माह दिसम्बर 2023 के लिए चार्जमैन कम वरिष्ठ तकनीशियन (एचएमई) बी अपन्ना, माह जनवरी 2024 के लिए चार्जमैन कम वरिष्ठ तकनीशियन एएंडडी धीरेन्द्र कुमार जैन तथा मार्च 2024 के लिए चार्जमैन कम वरिष्ठ तकनीशियन सीआरएमई मोहनलाल गांवरे को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया।

विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया जागरूक

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल निरंतर सेवा सुरक्षा संस्कार को लेकर कार्य करती रही है। इसी उद्देश्य से लेकर आज मतदाता जागरण का कार्य किया। गांधी चौक से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा पीला अक्षत लेकर सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि आप देशहित मे राष्ट्रहित में 100 प्रतिशत मतदान करें। उक्त कार्यक्रम नगर सह संयोजक बलदाऊ साहू के नेतृत्व में मतदान जागरूकता अक्षत का निमंत्रण बांटा एवं जनता में मतदान करने का निवेदन किया गया। इस दौरान विहिप कार्य अध्यक्ष पारस जंधेल, उपाध्यक्ष ठाकुर निहाल, महेश यादव, प्रमोद बाग, जिला सहमंत्री विजय दुबे, जिला सह सयोंजक टिक्कू निषाद, खेमलाल सेन, नगर उपाध्यक्ष रोशन गुप्ता, ग्रामीण सह संयोजक मिलाप पारकर, कमलेश मलापुरे, चमन कुंभकार, गौरव जैन, राज साहू, पर्वत साहू, उमाशंकर, सूरज निषाद, रोहित टांडेकर, शुभम खरोले, डोमन सोनकर, करतार सींग, हनी शर्मा उपस्थित थे।

रायपुर लोकसभा के 857 मतदान केंद्रों में दिखेगी महिला सशक्तिकरण की झलक

- **जिले में 42 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्र संभालेंगी महिलाएं**
- **उत्तर विधानसभा के सभी 203 केंद्रों की कमान महिलाओं के जिम्मे**

रायपुर/नवप्रदेश। एक ऐसा समय भी था जब दुनिया में महिलाओं को मताधिकार नहीं दिए गए थे। भारत में जब संविधान बना तो न केवल महिलाओं को मताधिकार प्रदान किए गए अपितु उनके सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए गए। इन कार्यों से लोकतंत्र बहुत मजबूत हुआ है और महिलाएं न केवल अधिकतम संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग कर रही है अपितु निर्वाचन संपन्न कराने में भी उनकी बड़ी भूमिका नजर आ रही है। रायपुर जिले में 42 प्रतिशत से अधिक मतदान बूथ की जिम्मेदारी महिलाएं संभालेंगी। वहीं रायपुर का उत्तर विधानसभा ऐसा क्षेत्र है जहां के मतदान केंद्रों में शत प्रतिशत महिला मतदान दल निर्वाचन संपन्न कराएगा।

जिले में कुल 1907 मतदान केन्द्र हैं, जिसमें 857 मतदान केंद्रों का जिम्मा महिलाओं के हाथों में है। उत्तर विधानसभा में 203 बूथ है इसमें सारे मतदान दल में महिलाएं होंगी। इनकी एआरओ भी महिला श्रीमति निधि साहू हैं। जिला प्रशासन के इस कारगर कदम से महिला मतदान दल उत्साहित हैं उन्होंने प्रशिक्षण भी पूर्ण मनोयोग से लिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार मतदान दल की महिलाओं को केंद्र में ठहरने के लिए इस बार बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सभी महिला मतदान दल को मेडिकल किट उपलब्ध कराए जा रहे है, जिसमें ओआरएस व दवाईयां उपलब्ध रहेगी, साथ में सेनेटरी पैड भी शामिल है। उनके भोजन-नाश्ते और पेयजल की व्यवस्था की गई है। समय-समय पर नींबू पानी की सुविधा रहेगी।

यही नहीं साबुन, ब्रश, तेल समेत अन्य जरूरी चीजें भी दल को रवाना करने से पहले दी जाएगी।

विधायक ललित ने ली कोर कमेटी की बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत तीनों मंडल अंजोरा, रिसाली उतई मंडल के पदाधिकारीयो से मंडल वार मीटिंग लेकर चल रहे चुनाव प्रचार की स्तिथि की समीक्षा की गई । उन्होंने कहा की प्रचार अभियान के लिए अंतिम दो दिन का समय शेष है इस समय का बेहरत उपयोग किया जाना चाहिए । प्रचार प्रसार बंद होने के बाद पार्टी के पदाधिकारीयो और कार्यकर्ताओ को सधी हुई रननीति और आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए घर घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करना है। आगे उन्होंने कहा की केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की

सरकार व विजय बघेल को पुनः सांसद बनाने के लिए हम सबको सधी हुई रणनीति के साथ आगे बढ़ना है घर घर जाकर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी, मतदाता तक पहुंचना आवश्यक है । कार्यकर्ताओ के मेहनत की प्रसंसा करते हुए कहा की जिस तरह से पार्टी के कार्यकर्ता तपती धूप में पसीना बहाया है उससे हम सभी ऐतिहासिक चुनाव परिणाम को लेकर आश्वस्त हैं। एक-एक कार्यकर्ता का मेहनत रंग लायेगा और 400 पार का जो संकल्प लिए है वो पूरा होगा। लक्ष्य अटल है अटल ही रहेगा। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू ने कहा सुविधा, सुरक्षा और अवसर समान, आधी आबादी का पूरा सम्मान के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है मोदी सरकार। इस अवसर पर प्रमुख रूप सेजिला मंत्री रोहित साहू , मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू , शैलेंद्र शेंडे, फत्ते लाल वर्मा महामंत्री राजू जंघेल , दशरथ साहू, पुराण देशमुख सोनू राजपूत सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर मंत्री अजीत चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेन्द्र निर्मलकर, सोसल मीडिया प्रभारी पूनमचंद सपहा, महिलामोर्चा अध्यक्ष कंचन सिंह, रमा साहू, सुनंदा चंद्राकर, सविता धवस, अनुपमा गोस्वामी, संध्या वर्मा, राजेश्वरी पसीने मौजूद थी।

महिलाओं की खुशी ही हमारा संतोष : गजेंद्र

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर विधानसभा अंतर्गत चारों मंडल के महिला मोर्चा द्वारा महतारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन से जनता की गारंटी पूरी हो रही है। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं की खुशी ही हमारा संतोष है। महतारी वंदन समारोह में बड़ी संख्या में शामिल महिलाओ ने योजना के अंतर्गत मिल चुकी तीन किश्त की राशि के लिए सरकार का आभार जताये और एक स्वर में सभी ने कहा मोदी की गारंटी पर भरोसा है, देश के उन्नति और प्रगति के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने प्रत्याशी विजय बघेल को जिताएंगे। विधायक यादव ने कहा की महिलाओ का सम्मान किया है। जनधन खाता हो, उज्जवला योजना से सिलेंडर, महिला के नाम राशनकार्ड और महतारी योजना सभी जगह महिलाओ को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने मोदी सरकार ने चिंता की है। तीसरी बार मोदी सरकार बनाने भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने समर्थन मांगे। किसी के बहकावे में नहीं आना है भाजपा को जिताना है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष झरना वर्मा, महामंत्री प्रीति साहू व स्वेता कन्नौजिया, मंडल प्रभारी शिवेंद्र परिहार, नरेश शर्मा, हेमा शर्मा, पार्वती पंडित, जयश्री राजपूत, बिंदु भुवाल, रोशनी साहू, गंजपारा मंडल से ज़िला उपाध्यक्ष अल्का बाघमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी, महामंत्री गायत्री वर्मा, मंडल अध्यक्ष मदन बड़ाई आदि मौजूद थी।

अभिषेक मोदी भाजपा में शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रभारी महासचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।अभिषेक मोदी ने बताया कि जिस पार्टी ने अयोध्या के राम मंदिर का विरोध किया, उस प्रतिष्ठा का विरोध किया, ऐसी पार्टी के साथ रहकर काम करना उचित नहीं है जो पार्टी भगवान राम के सिद्धांतों पर नहीं चल सकती और देश धर्म समाज को साथ लेकर नहीं चल सकती, उस पार्टी में रहने का मुझे कोई औचित्य नहीं है।

■ न्यूज गैलरी

ग्रामीण में पेयजल समस्याओं का किया जा रहा निराकरण

राजनागांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने पीएचई और पंचायत विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पेयजल समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गर्मी के मौसम के दृष्टिगत जनसामान्य को पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल निदान करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में संयुक्त टीम द्वारा गांवों में जाकर ग्रामीणों से चर्चा कर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। हैण्डपम्प और बोर की स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिल सके। जिन गांवों में पानी की समस्या है, उन गांवों में पेयजल की समस्या के लिए समाधान किया जा रहा है। पंचायत एवं पीएचई विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जल की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक ली गई। पीएचई और पंचायत विभाग की टीम द्वारा जिले के ग्राम रामाटोला, खूबटोला, कोटनापानी, घोरदा, बनहरदी , रामपुर, कोटरासरार और करमतरा का निरीक्षण किया गया और वैकल्पिक समाधान किया गया। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए कार्यों का चिन्हांकन भी किया गया।

महतारी वंदन योजना से महिलाएं हुईं सशक्त-शर्मा

बेमेतरा/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं का सम्मेलन भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने वार्ड नं. 15 एवं 16 में संयुक्त रूप से किया। उक्त सम्मेलन में महिला हितग्राही बड़ी संख्या में उपस्थित थी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में वहां उपस्थित थे। उन्होने कहा कि इस योजना से महिलाए आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना प्रारंभ की और प्रत्येक महिला को 1 हजार रूपये महिना शासन से प्राप्त हो रहा है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार ने योजना के क्रियान्वयन के लिए अपना पूरा प्रयास किया। राजेन्द्र शर्मा ने महतारी वंदन योजना की लाभ प्राप्त महिलाओं का सम्मान किया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं को बेमेतरा नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में सम्पर्क कर भाजपा को वोट देने की अपील करने के लिए कहा एवं केन्द्र एवं छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक परिवार को देने की बात कहीं। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को सम्मान कर हम उन्हे आर्थिक रूप से स्वलम्बन बनाने के साथ ही आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है

भयमुक्त व प्रलोभन मुक्त होकर करें मतदान-कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को 7 मई (मंगलवार) को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग करने के लिए अपील की है। उन्होंने मतदान की महत्वपूर्णता को जागरूक करते हुए कहा कि वोट देना नागरिक अधिकार का प्रमाण है और इससे लोकतंत्र की मजबूती के लिए आपका मत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नये मतदाताओं से यह भी कहा कि वे अपने जिम्मेदारी का भरपूर निर्वहन करें और मत का उपयोग का सही चयन हित के आधार पर करें। कलेक्टर व ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने आज जारी अपील संदेश में कहा कि आप सभी को मालूम है, कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा माह मार्च में कर दी गई है। आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार जिले में 07 मई 2024 को मतदान होगा। भयमुक्त एवं प्रलोभन मुक्त होकर अपने मत का विवेक सम्मत उपयोग करें। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान का बहुत महत्व है। मतदान के माध्यम से जनता शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती है। प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मतदान करना लोकतंत्र की सुदृढ़ता का परिचायक है। मताधिकार हेतु 18 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित है, ताकि अधिकाधिक लोग शासन व्यवस्था में भागीदारी कर सकें। भारतीय संविधान ने प्रत्येक व्यस्क नागरिक को अपना प्रतिनिधि निर्वाचित करने के लिए मत देने का अमूल्य अधिकार प्रदान किया है। जिले के समस्त मतदाताओं से अपील है कि जाति, धर्म या समुदाय के आधार पर वहीं बल्कि भयमुक्त एवं प्रलोभनमुक्त होकर अपने मत का विवेक सम्मत उपयोग करें।उन्होंने निर्भीक होकर वोट देने की अपील की हैं।

बाल विवाह रोकथाम के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। आज रविवार को जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा बाल विवाह रोकथाम के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों का बैठक ली। बैठक में 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बालविवाह की आशंका के रोकथाम हेतु कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गयी। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को जिला स्तर में टीम बनाकर उक्त दिवस में बाल विवाह प्रतिषेध हेतु दौरा किये जाने हेतु आदेशित किया हैं। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने बताया की मौजूदा कानून के तहत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है।

फ्राड मामला, अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज

बालोद्/नवप्रदेश। दल्लीराजहरा थाना अंतर्गत ग्राम कुसुमकसा के एस खान ने साइबर ठगी का मामला दर्ज कराया है। मामले में एक शिक्षिका के साथ 48 हजार 500 रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई है। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आदार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं मामले की जांच में जुट गई है। सेट टॉप बॉक्स रिचार्ज कराने लैश हो रहा था नंबर शिकायतकर्ता ने बताया कि कस्टमर सपोर्ट एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर अज्ञात साइबर ठग ने शिक्षिका से 48 हजार 500 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। मामले में राजहरा थाने में मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 और सूचना प्रोद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा

66 डी के तहत अपराध दर्ज किया।

ऐसे हुआ फ्रॉड

पुलिस ने बताया कि पत्नी तरूजुम अरा खान शिक्षिका हैं। ग्राम धुरवाटोला स्कूल में पदस्थ थीं, तब 25 जनवरी को दोपहर 2 बजे टाटा स्काई रिचार्ज करने एवं रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदलने के लिए टीवी स्क्रीन पर आ रहे कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया। कस्टमर केयर नंबर में कॉल अटेंड करने वाले ने कस्टमर सपोर्ट का एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया। इस दौरान मोबाइल नंबर अपडेट होने के लिए एक ओटीपी आएगा, उसे बताने के लिए कहा।

पत्नी के मोबाइल नंबर में ओटीपी आया, जिसे बताने पर बैंक अकाउंट से 48 हजार 500 रुपए कट गए, यानी डेबिट ट्रांजेक्शन हो गया। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

आईपीएल में लाखों का सट्टा, दो आरोपी गिरफ्तार

भारी मात्रा में कैश और नोट गिनने की मशीन बरामद

सरगुजा/नवप्रदेश। आरोपी से पास से छह लाख 97,000 हजार रुपये नगद बरामद किया गया है। आरोपियों द्वारा मोबाइल में ह्यद्म4द्वठ्ठश्चद्यड्ड4.ष्थ्द्ब का लिंक भेजकर अवैध सट्टा पट्टी खिलाने का काम किया जा रहा था।

सरगुजा जिला के अंबिकापुर में आईपीएल मैच के दौरान लाखों करोडों का सट्टा लगवाने वाली एक महिला और एक युवक को विशेष पुलिस टीम व अंबिकापुर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से पास से छह लाख 97,000 हजार रुपये नगद बरामद किया गया है। आरोपियों द्वारा मोबाइल में ह्यद्म4द्वठ्ठश्चद्यड्ड4.ष्थ्द्ब का लिंक भेजकर अवैध सट्टा पट्टी खिलाने का काम किया जा रहा था।

मामले में शामिल मुख्य महिला आरोपी को धारा 41 जा. फौ. का नोटिस देकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।अवैध ऑनलाइन सट्टा क़े मामले मे शामिल अन्य आरोपियों का पता तलाश जारी है,पुलिस ने जल्द ही सभी आरोपीयों के गिरफ्तार होने की बात कही है।

4 मई को अंबिकापुर कोतवाली पुलिस टीम को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि मायापुर निवासी विकास सोनी द्वारा वर्तमान मे चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच गुजरात टाइटन्स व आरसीबी मैच के मध्य टी-20 मैच पर रुपये पैसे का दाव लगाकर लाखों करोडों का ऑनलाइन सट्टा खेला रहा है। पुलिस टीम द्वारा सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए महामाया चौक के पास महामाया रोड अम्बिकापुर मे रेड कार्यवाही कर संदिग्ध युवक विकाश सोनी कों पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर बताया कि वह एजेंट के रूप मे कार्य कर सट्टा पट्टी के रकम को लोगों से इकट्ठा कर इस मामले क़े मुख्य आरोपियों तक पहुंचाने का काम करता है।

मामले में मुख्य महिला आरोपी रागिनी बर्नवाल उम्र 36 वर्ष निवासी दरिमा मोड़ को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य मुख्य आरोपी वर्तमान मे फरार है, गिनती तलाश की जा रही है। पुलिस को आरोपियों के पास से अभी तक 697000/- रुपये नगद एवं 02 नग मोबाइल एवं नोट गिनने का मशीन 01 नग बरामद किया गया हैं।

मोबाइल में वाटसअप के माध्यम से सट्टा पट्टी खेलने हेतु लिंक भेजनें का काम इस मामले मे शामिल मुख्य आरोपियों द्वारा किया जाता था, आरोपी विकास सोनी द्वारा केवल हार जीत का रकम शहर में घूम-घूमकर इकट्ठा करता था, मुख्य आरोपियों द्वारा व्हाट्सअप चैट से पैसा लेने एवं देने की सूचना दी जाती थी। मुख्य आरोपियों द्वारा आरोपी विकास सोनी कों ह्यद्म4द्वठ्ठश्चद्यड्ड4.ष्थ्द्ब का लिंक भेजकर सट्टा पट्टी खिलाने का कार्य जाता था, जिसे पुलिस टीम द्वारा जप्त किया गया है।

आरोपियों का कृत्य धारा सदर का पाये जाने से थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 293/24 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6,7 का अपराध पंजीबद्ध कर मामले के आरोपी विकास सोनी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। मामले की अन्य आरोपिया रागिनी बर्नवाल कों धारा 41 जा. फौ. का नोटिस देकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

शराब के लिए चाकू अड़ाकर लूटपाट करने के दो आरोपी 12 घण्टे में गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा।शराब के लिए चाकू अड़ाकर लूटपाट करने के आरोपी विवेक उर्फ चिन्टू पात्रे पिता दशराज पात्रे उम्र 26 साल साकिन घुरूघासीदास चौक कवर्धा थाना कवर्धा, अमर उर्फ अमन कुर्रे पिता हरीप्रसाद कुर्रे उम्र 24 साल साकिन गुरूघासीदास वार्ड कवर्धा हाल अटल आवास घुघरी रोड कवर्धा को कोतवाली पुलिस ने 12 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया

प्रार्थी संतोष कुमार बंजारे पिता पुन्नी बंजारे उम्र 39 साल साकिन भालुचुआ याना भोरमदेव थाना हाजिर आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 04.05.2024 को बिलासपुर रोड वाले शराब दुकान शराब खरीद कर चखना दुकान के पास बैठे थे तभी यहां पर विवेक उर्फ चिन्टू एवं अमर उर्फ अमन आये और शराब पीने के लिए पैसा दो कहने लगे। पैसा देने से मना किया जो गला में चाकू टिकाकर पैन्ट के जेब में रखे 100-100 के 25 नोट एवं 01 पाव देशी प्लेन शराब को लूट कर मां बहन की गंदी गदी गाली देते हुए, हाथ मुक्का से मारपीट कर, जान से मारने की धमकी देकर, पैसा एवं शराब लूट कर भाग गये, कि रिपोर्ट पर आरोपीगणों के विरूद्ध थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक317/2024 धारा 394,397,294,506बी, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार (भा.पु.से.), अति. पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/काईम) श्री प्रतीक चतुर्वेदी के द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित कर आरोपी पतासाजी हेतु एक विशेष टीम गठित किया गया। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं आसपास के लोगो से पूछताछ दौरान पता चला कि आरोपीगण विवेक उर्फ चिन्टू एवं अमर उर्फ अमन

द्वारा प्रार्थी के गला में चाकू टिकाकर मां बहन की गंदी गदी गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर पैसा एवं शराब लूट किया है। जिसे विधिवत पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया है।

प्रकरण में आरोपीगण विवेक उर्फ चिन्टू पात्रे पिता दशराज पात्रे उम्र 26 साल साकिन घुरूघासीदास चौक कवर्धा , अमर उर्फ अमन क्रे पिता हरीप्रसाद करें उम्र 24 साल साकिन गुरूघासीदास वार्ड कवर्धा हाल अटल आवास घुघरी रोड कवर्धा के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर ज्यूडिश्यिल रिमाण्ड में माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

हरीप्रसाद कुर्रे उम्र 24 साल साकिन गुरूघासीदास वार्ड कवर्धा के विरूद्ध अमर उर्फ अमन कुर्रे पिता (1) अप.क्र. 387/18 धारा 294,323,506,34 भादवि (2) अप.क्र. 190/21 धारा 294,323,506बी भादवि

(3) अप.क्र. 735/21 थारा 294,323,506 भादवि (4) इस्तगाशा.क. 682/16 धारा 107,116 (3) जा.फी. (5) इस्तगाशा.क. 57/17 धारा 107,116 (3) जा.फी.

(6) इस्तगाशा.क. 54/18 धारा 151 जा.फौ. (7) इस्तगाशा.क. 18/22 धारा 110 जा.फौ.

मामले दर्ज है। भविष्य में पूरे जिले में किसी भी प्रकार की लूट या अन्य वारदात में शामिल होने पर कवर्धा पुलिस द्वारा गंभीरता से जांच कर आरोपियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

नाबालिग लड़की को बहला फुलाकर अपहृत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। मामला थाना कुंडा क्षेत्रान्तर्गत का है, प्रार्थी (अपहृता के पिता) द्वारा दिनांक 14/03/2024 को थाना हाजीर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की इसके नाबालिक लड़की को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है की रिपोर्ट पर थाना कुंडा में अपराध क्रमांक 49/ 24 धारा 363 कायम कर विवेचना में लिया गया था विवेचना दौरान आरोपी और अपहृता के हैदराबाद में होने की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया था।

मामला महिला संबंधी एवम संवेदनशील होने से *श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. अभिषेक पल्लव के द्वारा त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सिंह सर व पुष्पेंद्र बघेल सर,अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल के मार्गदर्शन* पर थाना प्रभारी महेश प्रधान के नेतृत्व में टीम तैयार कर पतासाजी हेतु हैदराबाद भेजा गया जो आरोपी और अपहृता के हैदराबाद में होने से अपहृता को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया और साथ लाया गया अपहृता से पुछताछ करने

पर बताया की आरोपी अजय भार्गव पिता सुनील भार्गव उम्र 20 साल साकिन सोनपुरी थाना फास्टरपुर जिला मुंगेली द्वारा शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ हैदराबाद ले गया तथा अपहृता को नाबालिक जानते हुए शरिरिक शोषण करता रहा । *आरोपी अजय भार्गव पिता सुनील भार्गव उम्र 20 साल साकीन सोनपुरी थाना फास्टरपुर* जिला मुंगेली को अपराध धारा 363,366,376 भादवि 06,04 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया है। कार्यवाही में उप निरीक्षक विनोद खांडे, प्र.आर. केलकर, आर. विकास श्रीवास्तव, म.आर. बबली तथा आर. हीरेश, कोमल, कल्याण का विशेष योगदान रहा है।

भूपेश बघेल एक लाख वोट अधिक से जीतेंगे : सूर्यकांत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष व कांग्रेस के युवा नेता सूर्यकांत जैन ने कहा कि आगामी 4 जून को जब छत्तीसगढ़ सहित समूचे भारत की नजर राजनांदगांव लोकसभा सीट पर केंद्रित होगी, तब मतगणना के चलते यह स्पष्ट हो जाएगा कि आम जनता मोदी सरकार की कार्यशैली से ऊब चुके हैं और उसी दिन से भाजपा का ग्राफ तेजी से गिरता चला जाएगा। 4 जून कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक होगा, क्योंकि उस दिन छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री राजनांदगांव लोकसभा सीट से 1 लाख से ज्यादा मतों से जीत हासिल करके नया इतिहास रखेंगे, उस दिन देशभर की सीटों के नतीजे कांग्रेस को बहुमत दिलाते रहेंगे, तब वह दिन कांग्रेस के लिए नया सवेरा लायेगा। श्री जैन ने आगे कहा कि परिवर्तन संसार का नियम है। दुनिया में एक ही चीज स्थाई रहती है, वह है संसार की परिवर्तनशीलता। इस बार जनता का मूड केंद्र में परिवर्तन का दिखाई दे रहा है, जैसे 2018 के चुनाव में राज्य में परिवर्तन लहर के चलते कांग्रेस ने सत्ता खोई थी, उसी तरह लोकसभा चुनाव 2024 में परिवर्तन लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है। लोग केंद्र में मोदी नित भाजपा सरकार की दोगलाई से ऊब चुके हैं। हकीकत तो यह है कि देश की जनता महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त हो चुकी है। लोग पिछले 10 साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लच्छेदार भाषणों से जैसे सम्मोहित होते रहे हैं। अब उनका यह सम्मोहन वशीकरण लोग समझ चुके हैं। इस बार का रिजल्ट समूचे देश में चौंकाने वाला होगा। भाजपा 400 पार की बात कह कर खूब लड्डू खा रही है, उसे खाने दिया जाए।

नारी शक्तियों का सम्मान किया है सिर्फ मोदी सरकार ने: दीपेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हैं, इससे पहले सभी राजनीतक पार्टी मैदान में उतरकर अपनी दमखम दिखा रही हैं। इसी कड़ी मे बेमेतरा जिलें के बेमेतरा विधानसभा की बेरला में विजय संकल्प रैली का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किये। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने मंच पर डिप्टी सीएम अरुण साव का पुष्पहार से जोरदार स्वागत किया।इस दौरान बेमेतरा विधायक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की उपस्थिति माता, बहनों से अपील किया और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण से लेकर उनके साथ स्वालंबन तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। महिलाओं के प्रति संचालित योजनाओं में आज देश की करोड़ों नारी शक्तियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया हैं। उज्ज्वला योजना से उन्हें धुएँ से मुक्ति मिली, तो वही बेहतर आयुष्मान कार्ड योजना से स्वास्थ्य का उपहार मिला हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के माध्यम से आज देश एवं प्रदेश की

महिलाएं आधुनिकता से जोड़ते हुए आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा हैं, तो वही लखपति दीदी योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का काम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जा रहा हैं। हमारे छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री विष्णु देवता के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रतिमाह प्रदेश की 70 लाख विवाहित महिलाओं को 1000 की आर्थिक सहायता दिए जाने से प्रदेश की महिलाओं में उत्साह और विश्वास देखने को मिल रहा हैं। विधायक दीपेश साहू ने नारी शक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के अंदर एक अलग ही खुशी और उत्साह देखने को मिल रहा हैं, उनका यह उत्साह ही भाजपा और मोदी की गारंटी की प्रति विश्वास हैं। हमें पूर्ण विश्वास हैं कि प्रदेश की माता बहनों के आशीर्वाद से हम लोगसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ सभी 11 सीटों में प्रचंड मतो से जीत हासिल करेंगे।

लोस निर्वाचन के सामग्री वितरण व तैयारियों के पूर्वाभ्यास में पहुंचे कलेक्टर

6 मई को सबेरे 6 बजे मतदान दलों को होगा निर्वाचन सामग्री का वितरण शुरू

मतदान दलों को प्राथमिक उपचार से संबंधित मेडिकल किट मिलेगी

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संसदीय क्षेत्र 07 अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों साजा, बेमेतरा और नवागढ़ में निर्वाचन संबंधी सभी तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं। आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचकर निर्वाचन सामग्री वितरण व वापसी के लिए की गई तैयारियों को अंतिम रूप दिया। कल 6 मई (सोमवार) को सबेरे 6 बजे से जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को सामग्री का वितरण इसी परिसर से

किया जाएगा। मतदान दलों को प्राथमिक उपचार से संबंधित मेडिकल किट भी दी जाएगी। जिलें के तीनों विधानसभा के लिए 3000 व रिज़र्व में 1000 कर्मचारीयों की डयूटी लगायी गई है। इस मौके पर अपर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, तीनो विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) सहित जिलें के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री शर्मा ने मंडी परिसर में निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया इस दौरान वे तीनो विधानसभा के मतदान कर्मियों के लिए बनाये गयी बैठक व्यवस्था देखी और कुछ कमियों को आज शाम तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों के भोजन-चाय-नाश्ता केंटिंन का भी अवलोकन किया, वाहन पार्किंग आदि भी देखी।

बता दें कि इस बार नवाचार करते हुये मतदान कर्मियों को टेबल पर मतदान सामग्री दी जाएगी। मंडी प्रांगण में तीनो विधानसभा क्षेत्र के 3000 मतदान कर्मियों के लिए अलग अलग कुर्सी टेबल की व्यवस्था की गई हैं। इस बार मतदान दलो को वितरण काउंटर में लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी बल्कि मतदान दलों के पास जाकर उनको मतदान सामग्री प्रदान किया जायेगा। इसके पश्चात् उन्होंने मतदान दलों के लाने लेजाने के लिए वाहन व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान वे स्वयं बस ड्राइवर कों बुलाकर बस की फिटनेस चेक की। इसके पश्चात कलेक्टर श्री शर्मा ने सीएमएचओ को निर्देशित किया की सभी मतदान दलों में चिकित्सा संबंधी तैयारी करने कों कहा। आज मतदान सामग्री वितरण का पूर्वाभ्यास भी किया गया। जिलाधीश श्री शर्मा ने मंडी में बिजली पानी के साथ साथ पर्याप्त मात्रा में शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के नगर पालिका अधिकारीयों को जरूरत के मुताबिक अस्थायी व चलित शौचालय के व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बाताया की मतदान दल में लगे अधिकारी कर्मचारियों को मतदान केन्द्रों में जाने से पूर्व सामग्री वितरण के दौरान प्राथमिक उपचार से संबंधित मेडिकल किट जिला स्वास्थ विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके अलावा आपातकालीन परिस्थितियों में मतदाता दल के अधिकारी कर्मचारी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में उपचार हेतु संपर्क कर सकते है। चयनित स्वास्थ केन्द्रों में एम्बुलेंस की सुविधा होगी।

ओछी राजनीति से बाज आए कांग्रेस 40 से 4 में सिमट जाएगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे के वैक्सीन पर स्पष्टीकरण के सवाल पर करारा जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस को चुनाव में मुद्दे नहीं मिल रहे हैं, इसलिए छोटी सी बात को भी बड़ा बनाकर या झूठ बोलकर कि भाजपा संविधान बदलेगी कहकर चुनाव की नैया पार करने की

कोशिश में लगे हुए हैं। शर्मा ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की कोरोना वैक्सीन को अन्य वैक्सीन से बेहतर बता रहा है।नीलू शर्मा ने कहा कि सच्चाई यह है कि यह मुद्दा कुछ लोगों को असमय अटैक आने के कारण उत्पन्न हुआ, तो कांग्रेस ने वैक्सीन को जिम्मेदार बताया तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा वैक्सीन कंपनी से पूछे गए प्रश्न पर कंपनी ने जवाब दिया कि वैक्सीन का साइड इफेक्ट होता है, परंतु साइड इफेक्ट का अर्थ यह है कि जिस व्यक्ति को यह वैक्सीन शूट नहीं होगी, उसके दुष्परिणाम 24 घंटे के अंदर या कुछ ुछ दिनों में दिखने लगते हैं, और यह विश्व की हर दवाई में पाया जाता है। हर दवाई के दुष्परिणाम होते हैं, परंतु भारत की इस वैक्सीन के दुष्परिणामों से 10 लाख में से एक व्यक्ति में इसके दुष्परिणाम पाए गए। प्रतिशत की दृष्टि से यह वैक्सीन पूर्णतः सफल पाई गई। इस वैक्सीन के दुष्परिणामों से कुछ जान गई, परंतु अगर वैक्सीन नहीं बनाई जाती तो करोड़ों जाने जा सकती थी। भारत में महामारी फैल सकती थी। दुष्परिणामों के प्रभाव से हैजा, चेचक इत्यादि टिको से भी हजारों जाने गई थी, परंतु उस समय विपक्ष में रही भाजपा ने कभी भी देश की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं किया।

न्यूज गैलरी

अभिनव दिवाकर को जेईई में मिला 363वां रैंक

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान मास्टर की एकेडेमी मुंगेली के गणित संकाय के छात्र अभिनव दिवाकर को जेईई मेन में एससी पीडब्ल्यूबीडी ऑल इंडिया 363वीं रैंक के साथ एडवांस के लिए चयन होने पर संस्थान एवं विद्यालय परिवार तथा कोचिंग टीम की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

शबरी सेवा संस्थान ने मतदान करने के लिए किया जागरुक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। इसका उद्देश्य मतदान के प्रति लोगों को जागृत करना है। इसी उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान बछेरा द्वारा संचालित परियोजना वृद्धा आश्रम और नशा मुक्ति केंद्र कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप से वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों के साथ मिलकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। बताया गया कि प्रत्येक मतदाता जागरूक होकर न सिर्फ स्वयं मतदान के लिए बूथ जाएं बल्कि अपने आसपास रहने वाले वृद्ध, असहाय, निरूशक्त आदि को भी सहारा देकर अपने साथ पोलिंग बूथ ले जाए और मतदान बिना किसी लालच, भय के देश के विकास के लिए करे क्योंकि मतदान करना हमारा अधिकार ही नही बल्कि हमारा कर्तव्य है। इस दौरान आश्रम के वृद्धजनों सहित संस्था के समस्त कर्मचारी उपस्थिति रहे।

10 लीटर महुआ शराब जप्त, आरोपी गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। मुखबिर से सूचना पर रायपुरा भांठापारा निवासी संतोष कुर्रे पिता बंशीलाल कुर्रे उम्र 24 वर्ष भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है और ग्राहक का इंतजार कर रहा है, मूखबीर सूचना पर प्रआर. सुरेन्द्र खाण्डेकर ,पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संतोष कुर्रे से 5 लीटर क्षमता वाली पीले रंग की दो प्लास्टिक जरिकेन में 5-5 लीटर हांथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब कुल 10 लीटर किमती 1000/- रूपये गवाहों के समक्ष जप्त किए । आरोपी के खिलाफ थाना बाराद्वार में धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर सक्ती जेल दाखिल किया गया है।

कलेक्टर ने गुलाब का फूल दे कर्मियों का बढ़ाया उत्साह

जांजगीर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए सोमवार को जिले में पॉलिटेक्निक कालेज जांजगीर में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए सामान्य प्रेक्षक श्री सौरभ स्वामी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीआकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदान दल वाहन के माध्यम से अपने निर्धारित मतदान केन्द्र में ड्यूटी के लिए रवाना हुए। जिले में मतदान तिथि मंगलवार 7 मई 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए है। उन्होंने सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने जा रहे मतदान दल के सदस्यों को गुलाब का फूल एवं शुभकामनाएं देकर रवाना किया। मतदान सामग्री मिलान करने के बाद मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्र के लिए ईव्हीएम मशीन, व्हीव्हीपैट एवं अन्य मतदान सामग्री को लेकर रवाना हुए। सभी मतदान केन्द्रों में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था एवं पेट्रोलिंग टीम रहेगी। इसके साथ ही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कर्मियों के लिए व्यवस्था की गई है।

संगवारी मतदान दल हुए हंसते मुस्कुराते रवाना

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 01 सरगुजा के लिए 07 मई को निर्वाचन होना है। निर्वाचन कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए सोमवार को जिले में पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। सोमवार सुबह 6 बजे ही मतदान दल सामग्री वितरण स्थल पहुंचे, जिसके पश्चात विधानसभावार निर्धारित काउन्टर में जाकर सामग्री प्राप्त की तथा सामग्री मिलान पश्चात मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर सुबह से ही मतदान दलों के उत्साहवर्धन के लिए वितरण स्थल पर मौजूद रहे।

पेयजल की किल्लत, नदी-ढोंढी के पानी से गुजारा

विशेष पिछड़ी पंडों जनजातियों की बस्तियों में नलों के जरिए पानी पहुंचाने की योजना फेल

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। शासन प्रशासन स्तर से शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर बेहिसाब खर्च किये जाने के बाद भी गर्मी के दिनों में पेयजल की दिक्कते और भी बढ़ जाती है। पहाड़ के वादियों में बसे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पड़ो जनजातियों की बस्तियों संकट से जूझ रही है।

जंप लखनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंधा एवं बेलदगी के आश्रित ग्राम बगदेवा पारा तथा घुईभवना मोहल्ले में निवासरत पड़ो जनजाति के लोगों ने बताया बस्ती में नल-जल योजना के पाइपलाइन बिछा कर कनेक्शन लगाया गया है परन्तु बोरबेल उत्खनन एवं पानी टंकी का निर्माण नहीं होने कारण बस्ती में शुद्ध पानी की किल्लत बनी हुई है। नल-जल योजना के तहत पाईप लाईन बिछा कर कनेक्शन दे दिया गया है। लेकिन पानी सप्लाई लम्बे अरसे से नहीं हो सकी है। बसाहट में पुराने हेडपंप तो है पर्याप्त पानी नहीं मिलता। कुछ देर चलने के बाद हेडपंपो से पानी की तह है। लिहाजा ढोढी नदी का पानी पीकर गुजारा करना पड़ता हैं।

ग्राम बंधा पंचायत के बगदेवा पारा के पड़ो जनजातियों ने कहा लगभग 1 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कटिदा की पुराने ढोढी से पानी लाकर पीना पड़ता हैं। आम आदमी ही नहीं बल्कि पशु-पक्षी भी पीने के पानी से परेशान हैं।

पड़ो बस्ती में सड़क नहीं बन सकी।बरसों बीत गये लेकिन पहाड़ी पड़ो जनजाति के बस्ती का तस्वीर नहीं बदली। प्रदेश में सरकार है तो बदली लेकिन राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पड़ो जनजातियों के बस्ती की का दशा जस की तस बनी हुई है। प्रदेश सरकार का यह कथन कि पंक्ति में खड़े अंतिम छोर के व्यक्ति का विकास होगा कथन मिथ्या एवं कागज़ी साबित हो रहा है। ग्रामीण वनांचल बगदेवा, घूईभवना पारा के पहाड़ी पड़ो जनजाति के लोग आज भी सदियों पुरानी पाषाण युग के साये में जीवन बसर कर रहे हैं।फिलहाल इन दोनों बस्तीयों में निवासरत पड़ो जनजाति के लोगों ने शासन प्रशासन से उतम पीने के पानी का इंतजाम करने की मांग किया है।

मतदाताओं को प्रोत्साहित करने विशेष साज-सज्जा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने आदर्श मतदान केन्द्रों को विशेष थीम आधारित मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिले में कुल 15 मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्रों के रूप में चयनित किया गया है, जिनकी सजावट निर्धारित थीम के आधार पर की गई है। उदयपुर का मतदान केंद्र 224 मोहनपुर-2 में सजावट की थीम सीताबेंगरा रखी गई, मतदान केंद्र का प्रवेश द्वार गुफा की तरह निर्मित किया गया है, वहीं पूरे केंद्र में थीम के आधार पर सज्जा की गई है। वहीं पीवीटीजी मतदान केन्द्रों में विवाह मड़वा बनाया गया है, जिसमें फूल पत्तों, कलश, रंगबिरंगे तोरण, पर्रा-सुपा से सजावट के साथ चावल के आटे से चउंक पुराया गया है । इसी तरह अन्य केंद्रों में भी निर्धारित थीम पर सजावट कर मतदाताओं को प्रेरित करने आकर्षक सजावट की गई है।

लोकतंत्र में मतदान नागरिकों की बड़ी ताकत

राजपूत समाज ने मतदान करने किया जागरुक

मुंगेली/नवप्रदेश। राजपूत क्षत्रीय समाज तखतपुर मुंगेली परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत ने मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर प्रांगण में समाज के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करने और संकल्प कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहें।

7 मई को मतदान करने का संकल्प लिया। नर्मदा सिंह राजपूत ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान ही नागरिकों की बड़ी ताकत है। हमें अपनी इस ताकत का उपयोग कर ऐसे प्रतिनिधि को चुनना चाहिए, जिसकी छवि स्वच्छ हो, जो क्षेत्र और प्रदेश तथा देश के प्रति समर्पण और सेवा का भाव रखता हो। मतदान करना हमारा अधिकार और जिम्मेदारी है। मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर तखतपुर मुंगेली परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत, केंद्रीय संरक्षक मनहरण सिंह राजपूत, वरिष्ट उपाध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत, केंद्रीय सह सचिव संतु सिंह राजपूत, क्षे. प्रवक्ता ऋषि सिंह राजपूत, क्षे. न्याय मंडल सदस्य, कौशल सिंह राजपूत, जगदीश सिंह राजपूत, फूल सिंह राजपूत, मोहन सिंह राजपूत, पोषण सिंह राजपूत, क्षे. सचिव चिम्मन सिंह राजपूत, कृष्णा सिंह राजपूत, विनोद सिंह राजपूत, ज्ञान सिंह राजपूत, ग्राम ईकाई अध्यक्ष चौन सिंह राजपूत, सालिक सिंह, टाकेश्वर सिंह राजपूत, सुनील सिंह राजपूत, ओमप्रकाश सिंह राजपूत, रामावतार सिंह राजपूत, थानू सिंह राजपूत, मनमोहन सिंह क्षत्रीय, रवि सिंह ठाकुर सहित सामाजिक बंधु उपस्थित रहें।

जिले के बाहर के लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित

जांजगीर/नवप्रदेश। मतदान का सुचारू रूप से संचालन, मतदान दिवस पर कानून व्यवस्था, लोक परिशांति आपसी सद्भाव करने एवं स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आकाश छिकारा ने प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन निविघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से संपूर्ण जांजगीर चाम्पा जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत निर्वाचन वाले क्षेत्रों में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार बाहरी व्यक्तियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, चुनाव प्रचार में संलग्न कार्यकर्ता जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नही है उन्हे निर्वाचन समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक संबंधित क्षेत्र में आवागमन पर प्रतिबंध लगाया जाता है। किसी भी प्रत्याशी या राजनैतिक दल द्वारा सामूहिक भोज, रसोई का आयोजन नही किया जाए।

अतिथि भवनों और धर्मशालों को भी सतर्कता के तहत रखा जाये ताकि यह सुनिश्चित किया जा सकें कि इन्हे राजनीतिक पार्टियों या उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी तरीके से प्रभावित करने के लिए उपयोग नही किया जाए। जिला जांजगीर चाम्पा की सीमा के अंदर किसी भी व्यक्ति, समूह या राजनीतिक, गैर राजनैतिक दलों को लाऊड स्पीकर का उपयोग करने की अनुमति नही दी जाती है।

जिले में आदर्श मतदान केन्द्र का आकर्षण

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में 7 मई को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित एवं आकर्षित करने के लिए विभिन्न थीमों पर 11 आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। गेरूवा आर्ट, रैनबो, ब्लैक एण्ड व्हाईट सहित विभिन्न थीम के अनुसार आदर्श मतदान केन्द्रों में आकर्षक साज-सज्जा किया गया है। जांजगीर-चांपा विधानसभा अंतर्गत जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत जगमहंत के जन.प्रा.शा.भवन 170 में गेरूवा आर्ट, नगर पालिका जांजगीर-नैला के शा.पू.मा.स्कूल भवन डाईट जांजगीर 99 में रैनबो (इंद्रधनुष) की थीम नगर पालिका चांपा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय 34 में कोसा कांसा कंचन एवं जल संसाधन विभाग अंतर्गत शा प्रा शा भवन कुलीपोटा 70 में बैराज थीम पर साज-सज्जा किया गया है। इसी प्रकार अकलतरा विधानसभा अंतर्गत ज पं अकलतरा के प्रा.शा.भवन अमलीपाली 33 में ब्लेक एंड व्हाईट, नगर पालिका अकलतरा के शा बा पूर्व मा. स्कूल भवन 158, 159, 160, 167 में इंडिया गेट, जनपद पंचायत बलौदा के शा प्रा स्कूल भवन नवागांव 101 में आदिवासी संस्कृति आधारित, वन विभाग द्वारा शा प्रा. स्कूल भवन रैनपुर 99 में ईकोफ्रेंडली, विधानसभा पामगढ़ अंतर्गत जनपद पंचायत पामगढ़ के शा प्रा स्कूल भवन तनौद 144 में पारंपरिक बांस शिल्प, विधानसभा सक्ती (आंशिक) के जनपद बम्हनीडीह के प्रा शाला स्कूल भवन भागोडीह 196 वर्ली आर्ट और विधानसभा जैजैपुर (आंशिक) अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा शा.प्रा.शाला पुछेली 37 में जल संरक्षण की थीम पर साज-सज्जा कर आदर्श केन्द्र के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

संभागायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र ने रविवार को अम्बिकापुर शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने शासकीय प्राशमिक शाला नमनाकला मतदान केंद्र क्रमांक 97, 98 एवं पूर्व माध्यमिक शाला नमनाकला स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 121, 122, 123, 124, शासकीय कन्या महाविद्यालय स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 125, 126, 127, का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव — मुंगेली के 279, बिल्हा के 120 व लोरमी के 264 मतदान केंद्रों में होगा मतदान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मतदान सामग्री लेकर कर्मचारियों का दल बूथों के लिए रवाना

मुंगेली/नवप्रदेश। बिलासपुर लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-27 मुंगेली के 279 मतदान केंद्रों, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-29 बिल्हा के 120 मतदान केंद्रों और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 26 लोरमी के 264 मतदान केंद्रों में 07 मई को चुनाव कराने शासकीय कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय चातरखार, मुंगेली से मतदान दलों को सामग्री वितरित किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन के तहत 7 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों को चुनाव सामग्री का वितरण शुरू हो गया है।मतदान दल अपने-अपने पोलिंग बूथ से ईवीएम मशीनों को लेकर जा रहे हैं कड़ी सुरक्षा के बीच कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष स्ट्रांग रूम को खोला गया इसके बाद मतदान दलों को ईवीएम मशीन का वितरण का काम शुरू किया गया है।इस बार मतदान को लेकर व्यवस्था व्यापक रूप से की गयी थी कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय चातरखार से कई मतदान दल मतदान केंद्रों में 12 बजे ही पहुच गये।

मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन किया गया

विधानसभा मुंगेली, लोरमी और बिल्हा के कुल 663 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए आज जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन कर मतदान केन्द्र आबंटित किया गया। सामान्य प्रेक्षक अभय ए. महाजन एवं व्यय प्रेक्षक श्रीकांत नामदेव की उपस्थिति में आज विधानसभा मुंगेली, लोरमी और बिल्हा के कुल 663 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मेनका प्रधान, मुंगेली एआरओ पार्वती पटेल, लोरमी एआरओ गिरधारी लाल यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि मुंगेली विधानसभा के 258, लोरमी विधानसभा के 243 और बिल्हा विधानसभा के 110 मतदान केन्द्र के लिए मतदान दलों का पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाईजेशन किया गया। इसी तरह विधानसभा मुंगेली एवं लोरमी के 15-15 संगवारी मतदान केन्द्रों और बिल्हा के 10 संगवारी केन्द्रों, विधानसभा मुंगेली और लोरमी के 05-05 युवा एवं 01-01 दिव्यांग मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों का एक्सल सीट के माध्यम से रेंडमाईजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि विधानसभा लोरमी के शैडो क्षेत्र के 19 मतदान केन्द्रों के लिए माईक्रो आब्जर्वरों का भी रेंडमाईजेशन किया गया।

न्यूज गैलरी

पूर्व मंत्री ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन लगाई चौपाल

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। तीसरे चरण के होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार 5 मई को पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने अभनपुर क्षेत्र में सघन दौरा कर भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान श्री साहू ने अभनपुर विधानसभा के भाजपा मंडल अभनपुर के ग्राम निमोरा, तुता, देवरभाठा, धुसेरा सहित अनेक गांवों में चुनावी चौपाल लगाकर लोगों से, प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और बृजमोहन अग्रवाल को सांसद बनाने के लिए अपील की। इस दौरान उनके साथ युवा, महिला, व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। श्री साहू ने लोगों को बताया कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में देश तो सशक्त हुआ ही, साथ ही साथ देशवासियों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हुए हैं। इसी प्रकार राज्य की साय सरकार ने विभिन्न योजनाएं चलाकर प्रदेश के गांव, गरीब, किसान, युवा और नारीशक्ति के जीवन को खुशहाल बनाया गया ।

दसवीं बोर्ड में फिर छात्राओं ने मारी बाजी

किरंदुल/नवप्रदेश। आईसीएससी 10वीं बोर्ड परीक्षा 2024 के वार्षिक परिणाम सोमवार को सुबह 11 बजे घोषित कर दिए गए। जिसमें किरंदुल स्थित प्रकाश विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा,घोषित परिणामों में किरंदुल की छात्रों ने एक बार पुनः बाजी मारते हुए प्रावीणता सूची में अपना नाम दर्ज किया। प्रकाश विद्यालय किरंदुल की छात्रा त्रितिक्षा बघेल ने 90.4 अंक हासिल कर प्रथम स्थान ग्रहण किया। पलक माकन ने 88.2 अंक अर्जित कर दूसरे स्थान पर रही बताया जा रहा है कि सभी विषयों के अंकों के आधार पर पलक माकन ओवर आल टापर रही। सूर्याप्रकाश 85.6 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। शाला प्राचार्य फादर फिलिप अब्राहम ने बताया कि इस दफा कुल 54 विद्यार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। इसमें 39 विद्यार्थियों ने प्रथम डिवीज़न में उत्तीर्ण किया 2024 के 10 वीं बोर्ड के परिणामों में छात्राओं ने बाजी मार कर नगर और अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्राओं ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय प्राचार्य और शिक्षकों को दिया है।

धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

धमतरी/नवप्रदेश। तहसील ब्राह्मण समाज वरिष्टजन,महिला मंच व युवा मंच की संयुक्त बैठक स्थानीय किले के श्री राम मंदिर इतवारी बाजार धमतरी में हुई। जहां ब्राह्मण समाज द्वारा इस वर्ष त्रिदिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत प्रथम दिवस अक्षय तृतीया विप्रकुल शिरोमणि भगवान परशुराम जन्मोत्सव 10 मई के दिन सुबह 9 बजे से रिसाई माता मंदिर रामसागर पारा में तहसील ब्राह्मण समाज द्वारा पूजा अर्चना हवन एवं अष्टधातु से नवनिर्मित भगवान परशुराम जी की प्रतिमा का महाभिषेक कर प्रसादी वितरण किया जाएगा द्वितीय दिवस 12 मई को संध्या 5 बजे रिसाई माता मंदिर से ब्रह्म गर्जना वाहन रैली निकाली जाएगी एवं तृतीय दिवस 13 मई को संध्या 5 बजे भगवान परशुराम चौक म्युनिसिपल स्कूल के पास बस्तर रोड से पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

6 हजार से अधिक कर्मचारी-अधिकारी कराएंगे मतदान

- चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान दल रवाना
- दोनों लोकसभा के लिए 1 हजार 9 मतदान केंद्र
- 9 लाख 7 हजार से अधिक मतदाता डालेंगे वोट

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए सोमवार 6 मई को जिले में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिले में मतदान तिथि मंगलवार 7 मई को मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में मतदान दलों ने निर्वाचन कार्य के लिए सामग्री ली एवं अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने रवाना हुए। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया है, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी होगी।

जिले के दोनों लोकसभा जांजगीर-चांपा क्षेत्र क्र. 3 और रायपुर क्षेत्र क्र.8 सभा क्षेत्र के लिए कुल 1 हजार 9 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। जिसमें लोकसभा जांजगीर-चांपा क्षेत्र अंतर्गत बिलाईगढ़ विधानसभा में 129, कसडोल में 402 मतदान केन्द्र शामिल हैं। इसी तरह लोकसभा रायपुर क्षेत्र अंतर्गत बलौदाबाजार 196 और भाटापारा में 282 मतदान केंद्र शामिल हैं। जिसमें राजनैतिक रूप से 99 अति संवेदन शील,328 संवेदन शील मतदान केंद्र है। 1009 मतदान केंद्रों के लिए 6 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी पीठासीन,मतदान अधिकारी-1, 2 एवं 3, सेक्टर अधिकारी, जोनल अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, नोडल अधिकारी के रूप में लगाई गई है।

9.5 कंपनियां और पुलिस के 15 सौ जवान तैनात

शांति पूर्ण मतदान कराने के उद्देश्य से सीएपी,एसएसबी एवं एमपीएसएपी के 9.5 कंपनियों के लगभग साढ़े नौ सौ जवान सहित पुलिस के 15 सौ जवानों तैनाती की गई है।

महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कुल 9 लाख 7 हजार 859 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिसमें 4 लाख 53 हजार 335 पुरुष, 4 लाख 54 हजार 509 महिला, 9203 दिव्यांग तथा 15 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। जिसमें लोकसभा क्षेत्र क्र.03 जांजगीर-चांपा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में मतदान केंद्र संख्या 129, कुल मतदाता 1 लाख 3 हजार 126, पुरुष 51718, महिला 51407, दिव्यांग 926 एवं तृतीय लिंग 1, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में मतदान केंद्र 402, कुल मतदाता संख्या 3 लाख 66 हजार 447, पुरुष 1 लाख 83 हजार 515,महिला 1 लाख 82 हजार 960, दिव्यांग 3729 एवं तृतीय लिंग 2 शामिल है। इसी तरह लोकसभा क्षेत्र क्र.08 रायपुर अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में मतदान केंद्र संख्या 196, कुल मतदाता 1 लाख 81 हजार 425, पुरुष 90 हजार 258, महिला 91 हजार 167, दिव्यांग 1888 एवं तृतीय लिंग 00, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में मतदान केंद्र संख्या 282, कुल मतदाता 2 लाख 56 हजार 831, पुरुष 1 लाख 27 हजार 844, महिला 1 लाख 28 हजार 975, दिव्यांग 2660 एवं तृतीय लिंग 12 मतदाता हैं। वितरण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, डीएफओ मयंक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, उपजिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

50 फीसदी मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग

वेबकास्टिंग की सुविधा,निर्वाचन आयोग रखेगी सीधी नजर बलौदाबाजार भाटापारा जिले में मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों में मतदान गतिविधियों पर निगरानी करने के लिए 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा। जिसमें बिलाईगढ़ 65, कसडोल में 201,बलौदाबाजार 98 एवं भाटापारा में 141 मतदान केंद्रों की सीधी

कलेक्टर-एसपी ने मतदान की अपील की

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल. चौहान और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने सभी जिलेवासियों से मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में जिले के सभी मतदाताओं से मंगलवार 7 मई को मतदान केन्द्र में जाकर बिना किसी भय, लोभ व लालच के निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की यह परम्परा रही है कि यहां के मतदाताओं ने पूर्व में हुए सभी निर्वाचनों में अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में आपका मतदान बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए ही नहीं अपितु प्रदेश एवं देश के लिए मिसाल बनेगा। आप अपने साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों एवं पड़ोसियों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार ही नहीं, अपितु कर्तव्य भी है। मतदाता को अपने इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपनी जिम्मेदारी को निभाना चाहिए।

सूरजपुर के जंगलों में लगी भीषण आग

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले से जंगल में आग लगने की घटना सामने आई है। यह घटना जिले के बसनारा जंगल की है। जिसकी जानकारी वन परिक्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। बसनारा के जंगल में लगी आग ने भीषण रूप ले लिया है। जिससे आसपास का क्षेत्र आग की चपेट में आ गया है। जिसमें कुदरगढ़ अंतर्गत बांक, असुरा, टमकी, कुदरगढ़, चम्पा जोर, चपदा, भवंरखोह, करवा के जंगल भी शामिल हैं।

हालांकि अभी तक आग लगने की वजह सामने नहीं आई है। जानकारों का कहना है कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण महुआ, चार, डोरी, बीनने के लिए जंगलों में अपना झोपड़ी नुमा आशियाना बना लेते हैं। और जानवरों से खुद को बचाने के लिए अपने आस-पास आग लगाकर खुद को सुरक्षा मुहैया कराते हैं. जिससे कभी कभार आग जंगलों में लग जाती है, जो भीषण रूप ले लेती है।

क्या कर रहा था वन विभाग?

एक ओर वन विभाग जंगलों को बचाने तरह तरह के जागरूकता प्रचार प्रसार के जरिए व्यापक तैयारियां कर लाखों रुपए खर्च करता है। वहीं अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैये की वजह से योजना धरातल पर दूर-दूर तक नजर नहीं आती है। वहीं लोग जागरूकता के अभाव में जंगलों को आग के हवाले कर देते हैं। आसपास के ग्रामीणों ने वन विभाग को आग लगने की सूचना दी, तब जाकर वन विभाग की नींद खुली और वन विभाग आग बुझाने के लिए हरकत में आया।

आगजनी मामले में जिले के डीएफओ पंकज कमल ने बताया कि कुदरगढ़ वन के बसनारा जंगल में लगे आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल स्थिति सामान्य है। वहीं विभाग की ओर से क्षेत्रों में निगरानी रखी जा रही है। जरूरत पड़ी तो वे खुद मौके पर जाएंगे।

- पंकज कमल, डीएफओ

अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर जिले में चार युवकों ने जबरन महिला का अपहरण कर उसे गोवा ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। गिरफ्तार आरोपियों में दो आरोपी महिला के परिचित ही हैं। वहीं पुलिस ने आरोपियों से तीन मोबाइल और एक कार को भी जब्त किया है।

मामले का खुलासा करते हए पुलिस ने बताया कि, यह घटना अंबिकापुर के गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम अजिरमा की है। जहां 15 जनवरी को महिला हॉस्टल से बहन के घर जाने के लिए निकली थी। तभी आरोपियों ने पीड़ित महिला को बहन के घर छोड़ने का झांसा दिया और कार में बिठा लिया। जहां दोनों रिश्तेदारों के अलावा दो सख्स पुष्पराज और संजय भी कार में मौजूद थे। चारों आरोपियों में से दो आरोपी शुभम और अंशु पीड़ित महिला के रिश्तेदार हैं। कार में बैठते ही ज़बरन पीड़ित महिला को गोवा ले गए। जहां करीब एक हप्ते तक चारों आरोपियों ने महिला के साथ गैंग रेप किया। जिसके बाद आरोपी उसके बहन के घर छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद से महिला डरी हुई थी परिजनों को बताने के बाद पीड़ित महिला ने गांधीनगर थाने में चारो आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। वही पुलिस ने तीन आरोपी को एमसीबी जिला के मनेन्द्रगढ़ और सूरजपुर जिला के कुम्दा से गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की धारा के तहत कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

बेचने जा रहा था, कार के साथ 10 लीटर महुआ शराब जप्त

सरसींवा/ नवप्रदेश। रविवार 5 मई को आबकारी विभाग को सरसींवा को ग्राम गस्त के दौरान सूचना मिली की ग्राम नकटीडीह से एक व्यक्ति सफेद रंग की मारुती ऑल्टो वाहन क्रमांक सीजी 10 एफए 1725 में कच्ची महुआ शराब को रखकर ग्राम जमगहन चुरेला की ओर जा रहा है।

सूचना की पुष्टि होने पर तत्काल आबकारी टीम के साथ ग्राम चुरेला पर गए तथा उक्त वाहन क्रमांक की प्रतीक्षा करने लगे वाहन को आता देख कर वाहन को टीम के द्वारा रुकवाया गया। वाहन चालक को मुखबीर की सूचना की जानकारी दी गई तथा वाहन की तलाशी कार्य में सहयोग देने के लिए कहा गया। आबकारी उपनिरीक्षक ने टीम के साथ विधिवत रूप से वाहन एवम उसमे रखी सामग्री की तलाशी ली। तलाशी में वाहन से एक 20 लीटर की क्षमता वाली पालीथीन की बड़ी झिल्ली में 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब को बरामद किया गया। पूछताछ करने पर वाहन चालक ने तरल पदार्थ का कच्ची महुआ शराब होना स्वीकार किया। जिसे वह विक्रय करने के लिए ले जा रहा था। मौके पर प्राप्त तरल का परीक्षण करने पर उसका कच्ची महुआ शराब होना पाए जाने पर मदिरा को सील बंद कर मदिरा और वाहन को कब्जा आबकारी विभाग द्वारा लिया गया। वाहन चालक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2) 59(क) का प्रकरण कायम कर आरोपी राजकुमार विश्वकर्मा पिता ग्रहन विश्वकर्मा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक, आबकारी आरक्षक धनेश्वर राव, सुरक्षा गार्ड लोचन साहू तथा ड्राइवर रुस्तम का विशेष योगदान रहा।

कवर्धा वन मंडल की सक्रियता, भोरमदेव अभ्यारण्य में लगी आग पर पाया काबू

कबीरधाम/नवप्रदेश। वर्तमान में कबीरधाम जिले में तापमान 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है। इस तपती भीषण गर्मी में कवर्धा वनमंडल अंतर्गत क्षेत्रों में क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा निरंतर अग्नि प्रकरणों पर कार्यवाही की जा रही है तथा समय पर आग पर नियंत्रण किया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि 1 मई से लगातार कवर्धा वनमंडल के वन परिक्षेत्र कवर्धा, स.लोहारा, खारा, पंडरिया पूर्व, पंडरिया पश्चिम, भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा एवं चिल्फी में 20 अग्नि प्रकरण प्रकाश में आए हैं। इस पर क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा तत्परतापूर्वक नियंत्रण किया गया एवं पूर्णतः आग बुझाने की कार्यवाही की गयी है। भारतीय वन सर्वेक्षण के माध्यम से प्राप्त अग्नि दुर्घटनाओं का त्वरित निराकरण कर ऑनलाईन रिपोर्ट प्रेषित करने के साथ फीड बैक दिया जा रहा है। अवगत हो कि पूर्व में 1 से 8 मई तक विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान के तहत् क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को आग पर नियंत्रण करने के निर्देश दिए गए ।

जांच टीम ने कार से 11 लाख बरामद की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लालबाग और यातायात पुलिस ने रविवार 5 मई को बिना दस्तावेज के 11 लाख 80 हजार रुपए फरहद चौक में वाहन चेकिंग के दौरान जप्त की। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता लागू है। इसके मद्देनजर रविवार को यातायात पुलिस के साथ थाना लालबाग पुलिस नाकेबंदी कर गाड़ियों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान तेलंगाना स्टेट पासिंग वाहन देखे जाने पर बारीकी से तलाशी ली। वाहन कमांक टीएस 03 यूसी 5330 में 11 लाख 80 हजार रुपए नगद पाया गया। इसके संबंध में दस्तावेज मांगे जाने पर किसी प्रकार का दस्तावेज मौजूद नहीं होना बताया गया। इस पर उक्त कैश की जप्ती कर इसकी सूचना आयकर विभाग राजनांदगांव को दिया गया अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

आज 306 मतदान केंद्रों में दो लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

कोरिया/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा संसदीय सीट में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। 6 मई को मतदान सामग्री वितरण केंद्र शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला, बैकुंठपुर से बैकुंठपुर विधानसभा के अंतर्गत 278 तथा सोनहत विधानसभा के अंतर्गत 78 मतदान केन्द्रों के मतदान अधिकारियों को कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह विधिवत पूजा कर, दूरस्थ मतदान केंद्रों के मतदान दलों के अधिकारियों व वाहनों को सुबह 9.10 बजे मिठाई खिलाकर रवाना किए। इसी तरह महिलाओं के नेतृत्व में संचालित होने वाले संगवारी मतदान दलों को लेकर जाने वाले वाहनों को लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मतदान अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रेक्षक पगारे तथा कलेक्टर लंगेह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने सेक्टर ऑफिसर से तत्काल संपर्क करें।

शादी समारोह में खाना खाने के बाद 15 लोगों की बिगड़ी तबीयत

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले में शादी समारोह में खाना खाने से 15 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। आनन - फानन में सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। ये सभी फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। मामला भैयाथान के केवरा गांव का है। रविवार को पंडो बस्ती के एक घर में विवाह हो रहा था। उसी शादी घर में खाना खाने से 15 लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। पेट दर्द के साथ ही उल्टी और चक्कर आने जैसी दिक्कत शुरू हो गई। आनन - फानन में सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। ये सभी फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। डॉक्टरों ने कहा कि, सभी मरीज खतरे से बाहर है। सभी मरीजों को कुछ देर बाद घर भेज दिया गया। डॉक्टरों ने कहा कि, गर्मी बहुत तेज है। गर्मी के दिनों में बाहर का खाना खाने से बचे और ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पानी पीएं लू से बचे।

अपराध

मामला जगदलपुर मुख्यालय के भानपुरी थाना क्षेत्र का, शादी का किया था वादा

प्रेमजाल में फंसाकर युवती का बनाया अश्लील वीडियो

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर मुख्यालय के भानपुरी थाना क्षेत्र के पखनाकोगेरा गांव में रहने वाला युवक ने अपने ही गांव की युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद उससे शादी करने की बात कहते हुए अपने घर ले गया। युवक ने उसके साथ बनाए शारीरिक संबंध का वीडियो बना लिया। इसकी भनक युवती को नहीं थी।

युवती के अपने घर जाने पर आरोपी युवक ने पीड़िता के भाई और उसके रिश्तेदारों को वीडियो भेज युवती को बदनाम करने लगा। इसके बाद युवती के परिजनों ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दुष्कर्म कर युवक ने बनाया वीडियो

इस संबंध में भानपुरी थाना प्रभारी ने बताया कि चार महीने पहले पखनाकोगेरा निवासी जागेश्वर यादव (22साल) का अपने ही गांव की युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। युवती को शादी करने की बात कहते हुए अपने घर ले गया और इस दौरान आरोपी जागेश्वर ने युवती को बिना जानकारी दिए दोनों के बीच बने शारीरिक संबंध का वीडियो बना लिया। इसके बाद से आरोपी युवक ने युवती से मारपीट करने लगा। जैसे-तैसे युवती अपने घर पहुंची।

युवती को नहीं थी वीडियो का भनक, लगा मजाक

इस दौरान युवक ने युवती को बुलाने के लिए उसे धमकाया, लेकिन युवती के नहीं मानने पर युवक ने वीडियो बनाने की बात भी बताई। यह बात युवती मजाक लगा। युवक को इस बात का डर था कि युवती दुबारा वापस नहीं आएगी। इसी बात को लेकर आरोपी युवक ने युवती के साथ बनाए गए शारीरिक संबंध का वीडियो युवती के भाई और उसके रिश्तेदारों को भेज दिया।

पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

वीडियो को देखने के बाद परिजनों ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी जागेश्वर के खिलाफ धारा 294, 323, 276, 376(2)(एन), 506, 67आईएनएफ, 67(ए)आईएनएफ का मामला दर्ज किया है।

करंट की चपेट में आने से टाइल्स मिस्त्री की मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर के लालबाग में रहने वाले टाइल्स मिस्त्री की रविवार की शाम करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में महारानी अस्पताल ले जाया गया। जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत का पता चलते ही परिवार में मातम छा गया। सोमवार को शव का पीएम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि लालबाग आमागुड़ा में रहने वाला पिंटू चौधरी पिता रामू चौधरी 40 वर्ष अपनी पत्नी के साथ उसी के घर में रहता था, 5 मई को पत्नी के साथ उसकी बहन और भाई किसी बात को लेकर विवाद कर रहे थे, काफी देर समझाने के बाद भी विवाद खत्म नहीं हो रहा था। गुस्से में आकर पिंटू के साले ने घर में लगे टेबल पंखे को उठाकर फेंका। पंखा किसी को लग ना जाए यह देखने के लिए जैसे ही पिंटू ने पंखा को उठाया, पंखे का पिछला हिस्सा खुला होने के कारण पिंटू करंट की चपेट आ गया। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए महारानी अस्पताल में ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दो साल में 10 लाख करोड़ से बढ़ कर 27 लाख करोड़ हुआ होम लोन

आवासीय संपत्ति की मांग मजबूत

नई दिल्ली। विश्लेषकों का मानना है कि कोरोना के बाद आवासीय संपत्तियों में मजबूत सुधार से हाउसिंग लोन में जबरदस्त तेजी देखी गई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च, 2022 में कुल हाउसिंग लोन 17.26 लाख करोड़ था जो मार्च, 2023 में 19.88 लाख करोड़ रुपये हो गया। आंकड़ों के मुताबिक, वाणिज्यिक रियल एस्टेट में कुल उधारी 4.48 लाख करोड़ रुपये रही है जो मार्च, 2022 में 2.97 लाख करोड़ रुपये थी। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस कहते हैं कि सरकारी प्रयासों से सस्ते मकानों की मांग में तेजी आई है। साथ ही कोरोना में घर की बिक्री अच्छी खासी घटी थी और अब यह उससे ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। हालांकि आने वाले समय में होम लोन की वृद्धि दर 15-20 फीसदी के बीच रह सकती है।

सस्ते मकानों की मांग में भी आई तेजी

मकानों के महंगे होने से औसत होम लोन का आकार भी बढ़ा विश्लेषकों के अनुसार, प्रमुख टियर-1 शहरों में वित्त वर्ष 2021 के बाद से 50-100 प्रतिशत के बीच कीमतें बढ़ी हैं। इससे औसत होम लोन का आकार भी बढ़ गया है। आवासीय संपत्ति की मांग मजबूत रहने के कारण होम लोन में तेजी बनी रहेगी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि रियल एस्टेट क्षेत्र 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। इक्रा के अनुसार, जुलाई 2023 से एचडीएफसी लि. का एचडीएफसी बैंक में विलय होने से बैंकों के होम लोन में तेजी आई है।

शेयर बाजार में पॉजिटिव शुरुआत; सेंसेक्स 200 अंक चढ़ा, निफ्टी 22500 के पार

नई दिल्ली। सेंसेक्स 235.82 (0.31%) अंकों की बढ़त के साथ 74,106.15 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 7.36 (0.03%) अंक ऊपर 22,483.20 पर कारोबार करता दिखा। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार होता दिखा। सेंसेक्स और निफ्टी दिन के ऊपरी स्तरों से फिसलते दिखे। सुबह 10 बजकर 26 मिनट पर सेंसेक्स 235.82 (0.31%) अंकों की बढ़त के साथ 74,106.15 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 7.36 (0.03त्न) अंक ऊपर 22,483.20 पर कारोबार करता दिखा।

रद्द उड़ानों की टिकट बेचने पर गिरी गाज क्वांटास को चुकाने होंगे 7.9 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख एयरलाइन क्वांटास एयरवेज पहले से रद्द हो चुकी उड़ानों के लिए टिकटों की बिक्री से जुड़ा मुकदमा को निपटाने को तैयार हो गया है। एयरलाइन ने इसके लिए 120 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी 7.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने पर सहमति दे दी।

एयरलाइन 100 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर या 6.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि जुर्माने के रूप में देगी वहीं 86,000 से अधिक ग्राहकों को 20 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी 1.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर मुआवजे के रूप में दिया जाएगा। यह मामला 2021-2022 का है। ऑस्ट्रेलियाई प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष जीना कैस-गॉटलिब ने सोमवार को एक बयान में कहा, क्वांटास का आचरण अहंकारी और अस्वीकार्य था। कई उपभोक्ताओं ने एक ऐसे विमान की बुकिंग कर छुट्टी, व्यापार और यात्रा की योजना बनाई होगी, जिसे पहले ही रद्द कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि हम यह कार्रवाई इसलिए सुनिश्चित कर रहे हैं क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में काम करने वाली कंपनियां हर समय अपने ग्राहकों के साथ स्पष्ट, सटीक और ईमानदारी से संवाद करती हैं। क्वांटास समूह की मुख्य

कार्यकारी अधिकारी वेनेसा हडसन ने कहा कि यह समझौता अदालत की मंजूरी के अधीन है और यह एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि हम राष्ट्रीय विमानन कंपनी के प्रति विश्वास बहाल करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

हडसन ने कहा, जब COVID शटडाउन के बाद उड़ान फिर से शुरू हुई, तो हम मानते हैं कि कंटास ने ग्राहकों को निराश किया। हम जानते हैं कि हमारे कई ग्राहक समय पर विमान रद्द होने की सूचनाएं प्रदान करने में हुई हमारी विफलता से प्रभावित हुए थे और हमें ईमानदारी से इसके लिए खेद है।क्वांटास, जिसने पिछले साल .1.1 बिलियन का वार्षिक लाभ दर्ज किया था। हाल के वर्षों में क्वांटास एयरलाइन टिकटों की बढ़ती कीमतों, खराब सेवा मानकों के दावों और COVID-19 महामारी के दौरान 1,700 ग्राउंड स्टाफ की बर्खास्तगी जैसी चीजों के लिए चर्चा में रहा है। सितंबर में, तत्कालीन सीईओ एलन जॉयस ने एयरलाइन की व्यापक आलोचना के बीच शीर्ष पद पर 15 साल रहने के बाद अपनी सेवानिवृत्ति को दो महीने के लिए आगे बढ़ाया था।

सिप्ला-ग्लेनमार्क ने अमेरिका से दवाएं वापस मंगाई

नई दिल्ली। दवा निर्माता कंपनी सिप्ला और ग्लेनमार्क ने विनिर्माण संबंधी समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार से अपनी दवाएं वापस ले लीं हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, न्यू जर्सी में सिप्ला की सहायक कंपनी इप्राट्रोपियम ब्रोमाइड और एल्ब्युटेरोल सल्फेट इनहेलेशन सॉल्यूशन के 59,244 पैक वापस ले रही है।

अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा, रिस्प्यूल्स में कम मात्रा भरने और थैली में कुछ लिक्विड देखे जाने की शिकायतें मिलीं।' वापस मंगाई गई दवाओं का उपयोग अस्थमा, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस और वातस्फीति सहित फेफड़ों की बीमारियों को नियंत्रित करने में किया जाता है।

यूएसएफडीए ने उल्लेख किया है कि ग्लेनमार्क डिल्टियाज़ेम हाइड्रोक्लोराइड की 3,264 बोतलें वापस ले रहा है। इस दवा का उपयोग उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए किया जाता है। कंपनी की अमेरिका स्थित शाखा, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स ने देश भर से दवा को वापस लेने की शुरुआत की। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार दवा बनाने वाली कंपनी ल्यूपिन ने अमेरिकी बाजार से अपनी दवाओं को वापस ले लिया है। ल्यूपिन ने अमेरिकी बाजार में एंटीबायोटिक दवा रिफैम्पिन कैप्सूल (300 मिलीग्राम) की 26,352 बोतलें वापस मंगाई।

राजस्थान में जियो का दबदबा बरकरार, मार्च माह में 1.46 लाख ग्राहक जोड़े

जयपुर। रिलायंस जियो ने राजस्थान में एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया है। जियो ने राजस्थान में 31 मार्च, 2024 तक 2.67 करोड़ ग्राहकों का आधार हासिल किया है। इस बड़े ग्राहक आधार के साथ जियो राजस्थान में नंबर एक टेलीकॉम ऑपरेटर के स्थान पर बरकरार है। ट्राई की रिपोर्ट अनुसार, मार्च महीने में जियो ने राजस्थान में कुल 1.46 लाख नए उपभोक्ताओं को जोड़ा और अन्य दूरसंचार ऑपरेटरों से बेहतर प्रदर्शन किया। मार्च 2024 में भारती एयरटेल ने 80,152 ग्राहक जोड़े। वहीं, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल ने राजस्थान में क्रमशः 83,800 लाख और 1.14 लाख मौजूदा ग्राहक खो दिए। राजस्थान का कुल वायरलेस सेवा का ग्राहक आधार 31 मार्च, 2024 तक बढ़कर 6.63 करोड़ पहुंच गया है और इस महीने में कुल ग्राहक आधार 28,014 तक बढ़ा है। ट्राई की रिपोर्ट अनुसार, जियो राजस्थान में 2.67 करोड़ ग्राहकों के साथ शीर्ष पर है, जिसके बाद भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल की ग्राहक संख्या क्रमशः 2.33 करोड़, 1.06 करोड़ और 55.62 लाख रही। जियो ने राजस्थान के 350 से अधिक शहरों और कस्बों में 5जी सेवाएं शुरू कर दी है और राज्य में इसकी 5जी कवरेज सबसे व्यापक और बड़ी है।

अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों की वृद्धि दर 14 साल में सबसे तेज

नई दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में थोड़ी कम रही, लेकिन इस दौरान अनुकूल आर्थिक हालात और मजबूत मांग के बीच नये कारोबार और उत्पादन की वृद्धि 14 साल में सबसे तेज रही। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मार्च के 61.2 से गिरकर अप्रैल में 60.8 पर आ गया।

सर्वेक्षण के सदस्यों ने उत्पादन में ताजा तेजी के लिए अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों, मांग में मजबूती और नए काम बढ़ने को जिम्मेदार बताया। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में सूचकांक का 50 से ऊपर रहना विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे रहना संकुचन को दर्शाता है।

एचएसबीसी के मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा, %नए ऑर्डरों में और तेजी से भारत की सेवा गतिविधियां अप्रैल में थोड़ी नरम गति से बढ़ीं। इस दौरान घरेलू मांग में तेजी के

अलावा, फर्मों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए व्यापार लाभ का उल्लेख किया। सितंबर 2014 में पीएमआई सीरीज शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई।हालांकि, कई कंपनियों ने संकेत दिया कि वर्तमान आवश्यकताओं के लिए पेरोल संख्या पर्याप्त थी, और नौकरी सृजन की दर पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में देखी गई तुलना में मामूली और नरम थी। भंडारी ने कहा, %नए ऑर्डर बढ़ने के कारण कंपनियों ने अपने कर्मचारियों का स्तर बढ़ाया, हालांकि नियुक्तियों में वृद्धि की रफ्तार सुस्त रही।कीमत के मोर्चे की बात करें तो मजदूरी के दबाव और उच्च खाद्य कीमतों कारण लागत में इजाफा हुआ, जिसका भार फर्मों ने आंशिक रूप से अपने ग्राहकों पर डाला। भंडारी ने कहा, %इनपुट कॉस्ट लगातार तेजी से बढ़ रही है, हालांकि यह मार्च की तुलना में धीमी है, लेकिन इससे सर्विस फर्म्स के मार्जिन में कमी आई है। कीमतों के बढ़ने से इसके एक हिस्से का भार फर्मों ने ग्राहकों पर डाला है।

एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अप्रैल में 61.5 तक पहुंच गया, जो मार्च में 61.8 था। नवीनतम रीडिंग 14 वर्षों में सबसे अधिक रही और यह निजी क्षेत्र में विस्तार की पर्याप्त दर का संकेत है।

टी20 विश्व कप पर आतंकी हमले का खतरा, आईसीसी व मेजबान देश अलर्ट

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के तुरंत बाद यूएसए और वेस्टइंडीज में 1 जून से टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। हालांकि, इस बीच टूर्नामेंट पर आतंकी हमले का साया आ गया है।

वर्ल्ड कप के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं, लेकिन इस बीच आतंकी साजिश की खबर जो सामने निकल कर आई है उसने सबकी टेंशन बढ़ा दी है।

हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि वह टी20 विश्व कप के मेजबान देश- वेस्टइंडीज और यूएसए के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस मेगा-इवेंट पर आतंकी खतरे से निपटने के लिए पुख्ता तैयारी हो।पुरुषों का टी20 विश्व कप 1-29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाला है। कैरेबियाई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड को उत्तरी पाकिस्तान से वर्ल्ड कप मैचों के दौरान आतंकी हमले का अलर्ट प्राप्त हुआ है।पुरुष टी20 विश्व कप पर आतंकी खतरे के बारे में पूछे जाने पर आईसीसी के एक अधिकारी ने बताया, आईसीसी उचित योजनाएं सुनिश्चित करने के लिए मेजबान देशों के साथ मिलकर काम कर रही है। रिपोर्ट सामने आते ही हमने तुरंत अधिकारियों से बात की और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सभी को आश्वासन दिया है कि किसी भी जोखिम से निपटने के लिए एक मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है। त्रिनिदाद ने पीएम प्रधानमंत्री डॉ. कीथ रोवले के हवाले से लिखा, सुरक्षा एजेंसियां विश्व कप पर खतरे से निपटने के लिए काम कर रही हैं।

यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग-अलग रूपों में बना हुआ है। हालांकि, इन खतरों को कम करने के लिए, हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हर खतरों के प्रति सतर्क रहे हैं और हमारी खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरे टूर्नामेंट के दौरान देशों और स्थानों पर सबकी सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के मैच एंटीगा एंड बारबुडा, बारबाडोस, गुयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस के अलावा त्रिनिदाद एंड टोबैगो में होंगे।अमेरिका के फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और डलास में भी मैच निर्धारित है, लेकिन वहां इन खेलों पर किसी खतरे का कोई संकेत नहीं है। सेमीफाइनल मुकाबले त्रिनिदाद और गुयाना में खेले जाएंगे, वहीं फाइनल बारबाडोस में खेला जाना है। दुनिया की टॉप-20 टीमों को पांच-पांच के चार समूहों में बांटा जाएगा। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर आठ के दो समूहों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए आगे बढ़ेंगी। सेमीफाइनल मुकाबले 26 और 27 जून को त्रिनिदाद और गुयाना में खेले जाएंगे, वहीं फाइनल 29 जून को बारबाडोस में खेला जाना है।सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।

चीन ने इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर 16वीं बार जीता उबेर कप

बीजिंग। उबेर कप बैडमिंटन-2024 के फाइनल में, चीनी टीम ने इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। इस फाइनल के पहले महिला एकल मैच में चीनी महिला खिलाड़ी छन युफ़ेई ने इंडोनेशियाई महिला खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को सिर्फ 38 मिनट में सीधे सेटों में हराया। दूसरे महिला युगल मैच में छन छिंगछेन और च्या यिफ़ान ने भी इंडोनेशियाई महिला युगल सीति फादिया सिल्वा रामधन्ति और रिबका सुगियार्तो को 2-0 से हराया। तीसरे महिला एकल मैच में, चीनी महिला खिलाडी ह बिंगच्याओ ने पहला गेम हारने के बाद एस्टर नुरुमी ट्राई वार्डोयो को 2-1 से हराया। अंत में, चीनी टीम ने इंडोनेशियाई टीम को 3-0 के स्कोर से हराया और चैंपियनशिप जीती। उबेर कप, जिसे विश्व महिला बैडमिंटन टीम चैम्पियनशिप के रूप में भी जाना जाता है। इस आयोजन के इतिहास में, चीनी टीम सबसे सफल टीम रही है। वर्ष 1984 में उबेर कप में अपनी शुरुआत के बाद से, चीनी टीम ने वर्ष 2018 में फाइनल के अलावा सभी 20 बार फाइनल में जगह बनाई है। चीनी टीम के लिए यह 16वीं बार है कि उन्होंने उबेर कप चैंपियनशिप जीती।

हरफनमौला नरेन और चक्रवर्ती की मदद से कोलकाता जीती

लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 54वें मैच में वेस्टइंडीज के अनुभवी सलामी बल्लेबाज सुनील नरेन ने 39 गेंदों में 81 रनों की पारी खेली और 1-22 का स्कोर किया, जिससे कोलकाता नाइट राइडर्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 98 रनों से हरा दिया। सुनील नरेन ने अर्धशतक लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स को 20 ओवरों में 235/6 पर पहुंचा दिया, जो इकाना स्टेडियम में सबसे बड़ा स्कोर है। मैच की पारी तैयार करने

के बाद नरेन पावरप्ले में आए और पहला ओवर धमाकेदार फेंका। एलएसजी ने अपनी पारी की शुरुआत में जोरदार प्रदर्शन किया और पहली 11 गेंदों पर 20 रन बनाए। फिर रमनदीप सिंह ने पॉइंट से वापस आने के एक बड़े मौके को ट्रैक किया, पूरी तरह से दौड़ लगाई और फिर गेंद के नीचे हाथ डालने के लिए पूरी लंबाई में गोता लगाया, जो अर्शिन कुलकर्णी की गेंद पर मिचेल स्टार्क की लीडिंग एज से छूटी थी और केकेआर को अपना पहला विकेट मिला।यह केकेआर के गेंदबाजों का हरफनमौला प्रयास था। कोलकाता के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट और नरेन ने अपनी टीम को ठोस शुरुआत दी और अपनी छठी पचास रन की साझेदारी - आईपीएल 2024 में सबसे अधिक - केवल 3.4 ओवर में पूरी की।

सयानी ने फिल्म बारह बाय बारह को लेकर जताई खुशी

एक्ट्रेस सयानी गुप्ता ने अपने दोस्त ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की फिल्म बारह बाय बारह की रिलीज को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के क्लासरूम से उनकी यात्रा को याद किया। सयानी गुप्ता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे प्यारे दोस्त की फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह मुझे बहुत भावुक कर देता है। एफटीआईआई में हमारी कक्षा से लेकर अब तक का सफर कैसा रहा, अच्छी चीजें यहां हैं, बधाई हो। गौरव मदान द्वारा निर्देशित, बारह बाय बारह की कहानी एक फोटोग्राफर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर मृतकों के अंतिम क्षणों को कैद करता है। वह जीवन और मृत्यु के चक्र की परिधि से होकर यात्रा पर निकलता है। फिल्म में हरीश खन्ना और गीतिका विद्या ओहल्याण भी हैं। सयानी को पिछली बार नंदिता दास की फिल्म ज़्विगाटो में देखा गया था, जिसमें कपिल शर्मा और शहाना गोस्वामी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म एक डिलीवरी राइडर की कहानी बताती है।

राघव लॉरेंस का फैंस को खास तोहफा, बेंज और हंटर के बाद फिल्म अधिगरम में धमाल मचाएंगे अभिनेता

साउथ सिनेमा के फेमस एक्टर राघव लॉरेंस ने दर्शकों को कई हिट फिल्में दी हैं। अब अभिनेता अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। हाल ही में, राघव लॉरेंस ने दो परियोजनाओं की घोषणा की है, जिनका नाम बेंज और हंटर है। दोनों फिल्मों में वह मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। डायनामिक निर्देशक लोकेश कनगराज बेंज के निर्माता हैं और बक्कियाराज कन्नन इसका निर्देशन करेंगे। वहीं, हंटर का निर्देशन वेंकट मोहन करेंगे। इसके अलावा राघव ने एक और प्रोजेक्ट की घोषणा की है और सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। इस प्रोजेक्ट का नाम अधिगरम है। बता दें कि फिल्म की कहानी निर्देशक वेत्रिमारन ने लिखी है। वेत्रिमारन की तारीफ करते हुए अभिनेता राघव लॉरेंस ने कहा कि वह निर्देशक की कहानी से काफी प्रभावित हैं और इसलिए वह ऐसी भव्य और अलग फिल्म पर काम करने के लिए काफी उत्साहित हैं।इसके अलावा राघव लॉरेंस ने यह भी खुलासा किया कि वह बेंज और हंटर को पूरा करने के बाद अधिगरम पर काम करना शुरू करेंगे। हालांकि निर्देशक और कलाकारों के नाम के बारे में कोई भी खुलासा नहीं किया गया है। फाइव स्टार क्रिएशन्स के कथिरेसन, जिन्होंने पहले लॉरेंस की रुद्रन का

निर्माण किया था, अब अधिगरम का निर्माण करेंगे। अभिनेता के फैंस उनके इस नए प्रोजेक्ट की घोषणा के बाद काफी उत्साहित हो गए हैं और राघव को ढेर सारी शुभकामनाएं भी दे रहे हैं। राघव भी अपने फैंस को बैक टू बैक फिल्मों का तोहफा देने से पीछे नहीं हट रहे हैं। वहीं, बता दें कि पिछले दिनों राघव ने फिल्म बेंज के बारे में बात करते हुए फिल्म को सपने के सच होने जैसा बताते हुए लिखा था, मैं लोकेश कनगराज भाई के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह लंबे समय से एक सपना सच होने जैसा है। निर्देशक बक्कियाराज ने भी अपने प्रशंसकों को तमिल नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए, बेंज के लिए लोकेश और राघव के साथ सहयोग करना खुशी और सम्मान बताया।

10 साल में दूसरी बार राजधानी में इतनी गर्मी



बेमेतरा सबसे गर्म; 48 घंटों में रायपुर-बिलासपुर-दुर्ग में तापमान 42-44 डिग्री रहने की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राजनीतिक पारा चढ़ने के साथ ही गर्मी भी बढ़ने लगी है। एक ओर 7 मई को तीसरे और अंतिम चरण का मतदान होना है, दूसरी ओर कांग्रेस में रायपुर से दिल्ली तक घमासान मचा हुआ है। इन सबके बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कई जिलों में अंधड़ और गरज के साथ छींटें पड़ने की संभावना जताई है। इससे कुछ राहत की उम्मीद है।

रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री रहने की संभावना है। ज्यादातर जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार या उसके करीब पहुंच गया है। रविवार को प्रदेश में सबसे गर्म बेमेतरा रहा। यहां तापमान 44 डिग्री के पार चला गया। रायपुर में पारा 43.6 डिग्री रहा। ये सीजन की सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। 10 साल में ऐसा दूसरी बार हुआ है।

इन जिलों में होगी बूंदाबांदी

7 मई को रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, और सरगुजा संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और बूंदाबांदी के आसार हैं।

दक्षिण से हलचल शुरू होगी

8 मई तक राज्यभर में मौसम शुष्क रहेगा। 9 मई या उसके बाद सबसे पहले दक्षिण छत्तीसगढ़ में हलचल शुरू होगी। वहां कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ छींटे पड़ेंगे। हालांकि वहां भी 15 मई के पहले हल्की बारिश के ही आसार हैं।

सिस्टम मौजूद इसलिए अंधड़ और बिजली गिरेगी

मौसम विभाग के अनुसार, एक सिस्टम मराठवाड़ा से आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण तमिलनाडु तक फैला हुआ है। इसके अलावा उत्तर पूर्वी बिहार के ऊपर उत्तर-पूर्वी बिहार के ऊपर चक्रवाती सिस्टम बन रहा है। एक द्रोणिका गंगीय पश्चिम बंगाल से होते हुए उत्तर ओडिशा तक फैली हुई है। दोनों सिस्टम के कारण ही प्रदेश के कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि इसका असर ज्यादा समय तक नहीं रहेगा। इस वजह से बारिश होने के बाद भी तापमान में ज्यादा कमी नहीं आएगी। राजधानी रायपुर में ही तापमान 43 डिग्री के आसपास पहुंचने का अनुमान है।

मई के महीने में 44 पर पारा, इस समय ऐसा एक दशक में सामने आया

मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक मई के अंतिम सप्ताह में भीषण गर्मी का ट्रेंड रहा है। पिछले 10 साल में दूसरी बार ऐसा हुआ है जब मई के पहले सप्ताह में ही पारा 44 या इसके करीब पहुंचा है। अलबत्ता यहां दूसरे पखवाड़े में ही तापमान 44 या उसके पार पहुंचता है।

रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल में लगी आग से मचा हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों में उस वक्त हड़कंप मच गया. जब वेटिंग हाल में अचानक आग लग गई. आग देखते ही यात्री अपना सामान छोड़कर भाग गए. वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची रेलवे की टीम ने आग पर तत्काल काबू पाया. इस आगजनी की घटना में किसी से हताहत होने की खबर नहीं है. आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक के फर्स्ट क्लास वेटिंग हाल में यात्री बैठे हुए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे. तभी अचानक से धुआं उठना शुरू हुआ और सभी लोग भागने लगे.।

फूड ग्रेड महुआ संग्रहण में वनमंडल मनेन्द्रगढ़ अव्वल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महुआ आदिवासियों का एक महत्वपूर्ण आय का श्रोत होता हैं। ग्रामीण परंपरागत रूप से महुआ को गर्मी में पेड़ के नीचे बिनने का काम करते रहे है।इसमें धूल, कंकड और कचड़ा लगा महुआ मिलता है जिसकी उन्हें 30-35 रू. प्रति किलोग्राम बाजार में दर प्राप्त होता है।एक महुआ पेड़ से ग्रामीणों को औसतन 2 क्विंटल तक का महुआ संग्रहण हो जाता है जिससे उन्हें लगभग 6-8 हज़ार तक की कमाई हो जाती है।हर ग्रामीण के यहाँ औसतन 5-10 महुआ पेड़ होते है।

फूड ग्रेड महुआ के संग्रहण में चयनित कृषकों के वृक्षों पर नेट बांधकर साफ़ सुथरा महुआ एकत्र किया जाता है। नेट के उपर गिरने वाले महुआ फूल को कैरेट में एकत्र कर सोलर ड्रायर में सुखाकर, महुआ क्लीनिंग मशीन में डालकर साफहोने के उपरांत प्राप्त महुआ को पीटर सूपा के माध्यम से जीरा को निकाला जाता है ।इससे प्राप्त महुआ को फूड ग्रेड महुआ कहा जाता है जिसकी क़ीमत 70-140 रुपए प्रति किलोग्राम तक लघुवनोपज संघ ने दर निर्धारण किया है। मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में यह कार्य वन धन विकास केन्द्र कठौतिया एवं जनकपुर में संपादित होता है ।

CEOChhattisgarh | Helpline Number 1950 | State Helpline Number 1800 233 11950 | मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़